आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी 12:11 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 25 सितंबर 2024
वर्ष 34, अंक 237, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

उपग्रह आयो बृहस्पति का सबसे बड़ा चंद्रमा 16

पेरिस फैशन वीक में आलिया का डेब्यू 15

एक नजर

अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम बेल याचिका खारिज

कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय ने बलात्कार के एक मामले में मलयालम फिल्म अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि सिद्दीकी पर लगे आरोपों की गंभीरता को देखते हुए अपराध की उचित जांच के लिए उनसे हिरासत में पूछताछ अपरिहार्य है। न्यायमूर्ति सी.एस. डायस ने कहा कि सिद्दीकी गवाहों को डरा-धमका सकते हैं और सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं, इसलिए उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती है।

आभूषण निर्माण इकाई में आग से 14 श्रमिक झुलसे

सूरत। गुजरात के सूरत शहर में मंगलवार को एक आभूषण निर्माण इकाई में आग लगने से 14 श्रमिक झुलस गए। अधिकारियों ने बताया कि दो घायलों की हालत गंभीर है। सूरत नगर निगम के प्रभारी मुख्य अग्निशमन अधिकारी बसंत पारीक ने बताया कि इमारत की तीसरी मंजिल पर आभूषण बनाने के लिए सोने को पिघलाने में इस्तेमाल होने वाली गैस पाइपलाइन में रिसाव के बाद आग लग गई। कतारगाम पुलिस ने बताया कि आभूषण बनाने वाली आरवी ऑर्नामेंट्स में आग लगने से 14 श्रमिक झुलस गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। आग पर काबू पाने के लिए छह दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग अन्य जगहों पर फैलने से पहले ही बुझा दी गई।

पुलवामा विस्फोट: आरोपी की हृदयाघात से मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में पुलवामा विस्फोट के एक आरोपी की यहां के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के दौरान दिल का दौरा पड़ने से सोमवार को मौत हो गई। अस्पताल के सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि पुलवामा विस्फोट मामले में संलिप्तता के आरोप में बिलाल अहमद कुचाय (27) जिला जेल किश्तवाड़ में बंद था। पुलवामा के हाजीबल ललहार निवासी बिलाल को गुइलेन-बैरी सिंड्रोम बीमारी के कारण 17 सितंबर को जम्मू जीएमसी में भर्ती कराया गया था। उसे जिला अस्पताल किश्तवाड़ से रेफर किया गया था। सोमवार शाम को उसकी मृत्यु हो गई।

मप्र में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत, तीन घायल

दमोह। मध्यप्रदेश के दमोह जिले में मंगलवार को एक ट्रक और ऑटो रिक्शा की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतिकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि यह घटना अपराह्न डेढ़ से दो बजे के बीच समन्ना गांव के पास हुई। घायल लोगों को सड़क पर बनाए गए विशेष गलियारे के जरिए जबलपुर पहुंचाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस कर्मी और ग्रामीण बचाव अभियान शुरू करने के लिए मौके पर पहुंचे।

खानपान की चीजों में मानव अपशिष्ट मिलाना वीभत्स, स्वीकार्य नहीं : योगी

मुख्यमंत्री ने दिए ढाबों-रेस्टोरेंट की जांच के निर्देश, हर कर्मचारी का होगा पुलिस वेरिफिकेशन

- खानपान की चीज़ों की शुद्धता को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में हो आवश्यक संशोधन
- शेफ और वेटर को लगाना होगा मास्क-ग्लव्स, होटल-रेस्टोरेंट में सीसीटीवी लगाना होगा अनिवार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

सरकारी आवास पर बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

अमृत विचार : देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य, गंदी चीजों की मिलावट की ताजा घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त हिदायत दी है कि प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई अस्वीकार्य हैं। मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में मुख्यमंत्री ने खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने उप्र. के सभी होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं साथ ही आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा, खान-पान के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस, स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा। ऐसे स्थानों पर साफ-सफाई होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क, ग्लव्स का उपयोग जरूर करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आम जन के स्वास्थ्य हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। ऐसा प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। खाद्य पदार्थों को बनाने, बेचने अथवा अन्य संबंधित गतिविधियों से जुड़े नियमों को व्यवहारिकता का ध्यान रखते हुए और सख्त किया जाए। नियमों की अवहेलना पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

खानपान के प्रतिष्ठानों पर संचालक का नाम और पता डिस्प्ले हो

मुख्यमंत्री योगी के मुताबिक, ऐसे ढाबों, रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है। प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन किया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई शुरु कर दी जाए। खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले किए जाने चहिए। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाए।

बाराबंकी में पोटेंशियल विकास से नहीं रहेगा वंचित : मुख्यमंत्री

- शिवतीर्थ महादेवा का होगा विकास

बाराबंकी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाराबंकी जनपद सौभाग्यशाली है। एक तरफ प्रदेश की राजधानी लखनऊ और दूसरी तरफ श्रीअयोध्या धाम। विकास वहां हो या यहां हो, बाराबंकी को कोई विकास से वंचित नहीं कर सकता है। बाराबंकी में पोटेंशियल है। यहां इंफ्रास्ट्रक्चर का अच्छा लाभ मिलेगा। खेल की एक नई राजधानी के नाम पर बाराबंकी विकसित होगा। प्रसिद्ध शिवतीर्थ महादेवा का विकास होगा। योगी मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित विजय उद्यान में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती की पूर्व संध्या पर प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में बाराबंकी पहुंचे थे। उसके बाद जीआईसी ऑडिटोरियम में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा हो या कोई भी अन्य राजनीतिक दल, यदि उनके एजेंडे का हिस्सा गांव, गरीब, किसान और महंगाई बनी है। स्वतंत्र भारत में इसके प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय ही हैं। उन्होंने जो सपने देखे थे उन्हें साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार पूरी तन्मयता से काम कर रही है।

दो आरपीएफ सिपाहियों के हत्यारोपी को मार गिराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 19 अगस्त की रात बाड़मेर गुवाहाटी एक्सप्रेस से धकेलकर की थी दोनों सिपाहियों की हत्या
- एसटीएफ नोएडा, जीआरपी एवं गाजीपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में किया ढेर

अमृत विचार : सुल्तानपुर सर्राफा लूटकांड के आरोपी अनुज प्रताप सिंह को ढेर करने के बाद एसटीएफ ने अगले 20 घंटे के अंदर एक और अपराधी को मार गिराया। 19 अगस्त की रात तेज गति से चल रही बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस से आरपीएफ के दो सिपाहियों को धकेलकर मार डालने वाले आरोपी के खिलाफ एसटीएफ ने गाजीपुर में कार्रवाई करते हुए ढेर किया है। एसटीएफ की ताबड़तोड़ कार्रवाइयों से हड़कंप मचा हुआ है।

कार्रवाई कर रहे एसपी डॉ. इरज राजा ने बताया कि बिहार का रहने वाला मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू आरपीएफ के दो सिपाहियों की हत्या का आरोपी था। जाहिद पर अपहरण, मारपीट और शराब तस्करी के कई केस दर्ज हैं। घटना के बाद उसके ऊपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। सोमवार की रात करीब एक बजे एसटीएफ की नोएडा यूनिट, जीआरपी दिलदारनगर और गाजीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाया। एसपी ने बताया कि दिलदारनगर के गोपालपुर के पास मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू बाइक से अपने साथी के साथ जाता नजर आया। टीम ने उसकी घेराबंदी की तो उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गोली लगने से दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में जाहिद के सीने में गोली लग गई। घायल बदमाश को उपचार के लिए सीएचसी भदौरा ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

पटना का रहने वाला था आरोपी जाहिद

जाहिद मूल रूप से बिहार के पटना के पेढ़िमा बाजार के मंसूर गली का रहना वाला था। उसके पिता का नाम मुस्तफा है। बता दें कि बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन से धकेलकर आरपीएफ जवान जावेद खान और प्रमोद सिंह की हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप मो. जाहिद पर लगा था।

जम्मू-कश्मीर विस चुनाव

दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए आज मतदान

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए बुधवार को मतदान होगा और इस दौरान करीब 25 लाख मतदाता 239 उम्मीदवारों की जीत-हार का फैसला करेंगे जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जम्मू-कश्मीर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा और भाजपा के वरिष्ठ नेता रवींद्र रैना प्रमुख हैं। दूसरे चरण में जिन 26 सीट पर चुनाव होगा वे छह जिलों के अंतर्गत आती हैं। इनमें से तीन जिले कश्मीर संभाग में हैं जबकि इतने ही जिले जम्मू संभाग के हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इस चरण में 3,502 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

जमीन घोटाले मामले में सिद्धारमैया पर चलेगा मुकदमा

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने भू आवंटन मामले में उनके विरूद्ध जांच के लिए राज्यपाल थारवरचंद गहलोत द्वारा दी गई मंजूरी को चुनौती दी थी।

मुख्यमंत्री ने मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा पॉश क्षेत्र में उनकी पत्नी को किए गए 14 भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं के सिलसिले में उनके खिलाफ राज्यपाल द्वारा दी गई जांच की मंजूरी को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने 12 सितंबर को आदेश सुरक्षित रख लिया था। उच्च न्यायालय ने 19 अगस्त को अंतरिम आदेश में विशेष अदालत को सिद्धरमैया की इस याचिका के निस्तारण तक सुनवाई टाल देने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने व्यवस्था दी कि याचिका में बताए गए तथ्यों की निस्संदेह जांच की आवश्यकता है। इन सभी कृत्यों का लाभार्थी कोई बाहरी व्यक्ति नहीं बल्कि याचिकाकर्ता का परिवार है। याचिका खारिज की जाती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आज तक प्रभावी किसी भी प्रकार का अंतरिम आदेश समाप्त हो जाएगा। इस निर्णय के बाद विशेष अदालत सुनवाई कर सकेगी।

सिद्दारमैया बोले-मैं बदले की राजनीति का शिकार

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने मंगलवार को खुद को बदले की राजनीति का निशाना बताते हुए कहा कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता की जांच की अनुमति निर्धारित करने के लिए वह कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श करेंगे। मुख्यमंत्री का यह बयान कर्नाटक हाईकोर्ट की ओर से उनकी याचिका को खारिज किए जाने के बाद आया है।

एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने के फैसले को खारिज करने के पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ दाखिल पंजाब सरकार की अपील मंगलवार को खारिज कर दी।

राज्य सरकार ने राज्य के चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए एनआरआई कोटा के लाभार्थियों की परिभाषा को विस्तृत कर दिया था। शीर्ष न्यायालय ने पंजाब सरकार की अपील खारिज करते हुए कहा कि यह धोखाधड़ी अब बंद होनी चाहिए। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने 10 सितंबर को आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के 20 अगस्त के उस फैसले को रद कर दिया था, जिसमें अनिवासी भारतीय (एनआरआई) कोटा के तहत लाभ लेने के लिए दायरे को बढ़ाकर उनके दूर के रिश्तेदारों जैसे चाचा, चाची, दादा-दादी और चचेरे भाई को भी इसमें शामिल किया था। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह और कुछ नहीं बल्कि पैसा कमाने की मशीन है।

त्रिपुरा में 500 उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण

अगरतला, एजेंसी : त्रिपुरा में प्रतिबंधित समूह नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) के करीब 500 उग्रवादियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री माणिक साहा के समक्ष अपने हथियार डाले। सिपाहीजाला जिले के जम्पुइजाला में एक कार्यक्रम में उग्रवादियों का मुख्यधारा में स्वागत करते हुए साहा ने कहा कि उग्रवाद किसी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने बड़ी संख्या में उग्रवादियों के आत्मसमर्पण के बाद इस पूर्वोत्तर राज्य को पूरी तरह से उग्रवाद से मुक्त घोषित किया। साहा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार विभिन्न योजनाएं शुरू कर स्वदेशी लोगों के सम्पूर्ण विकास के लिए काम करती रही है।

अब सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद पर विवाद

मुंबई, एजेंसी

तिरुपति के लड्डू प्रसादम को लेकर जारी विवाद के बीच अब मुंबई स्थित सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद को लेकर भी विवाद उठ खड़ा हुआ है। प्रसाद के कैरेट में चूहे के बच्चे होने और पैकेट को चूहे द्वारा कुतरने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर न्यास (एसएसजीटी) ने आरोप से इनकार किया और कहा कि उसने मामले की जांच शुरू कर दी है। शिवसेना नेता और एसएसजीटी अध्यक्ष सदा सर्वंकर ने मंगलवार को कहा कि रोजाना लाखों लड्डू बांटे जाते हैं और जिस स्थान पर वे बनाए जाते हैं, वह स्वच्छ है।

वीडियो में एक गंदा स्थान दिखाई दे रहा है। मैं देख सकता हूं कि यह मंदिर का नहीं है और वीडियो कहीं बाहर बनाया गया है। कथित वीडियो में नीले रंग की एक ट्रे में रखे लड्डू के पैकेट चूहों द्वारा कुतरे दिखाई दे रहे हैं। सर्वंकर ने कहा कि हम सीसीटीवी फुटेज खंगालेंगे और जांच के लिए एक डीसीपी (पुलिस उपायुक्त) रैंक के अधिकारी को नियुक्त किया जाएगा। दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले सर्वंकर ने कहा कि मंदिर यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करता है कि प्रसाद स्वच्छ स्थान पर तैयार किया जाए।

प्रसाद गृह में लड्डू तैयार करते कारीगर।

- प्रसाद के पैकेट पर चूहे का वीडियो सोशल मीडिया में हो रहा वायरल

तिरुपति के लड्डू में तंबाकू पॉउच मिलने का दावा

तिरुमला। तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसाद में तंबाकू मिलने का दावा किया गया है। तेलंगाना की एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसे लड्डू के अंदर कागज में लिपटे तंबाकू के टुकड़े मिले हैं। उसने इसका वीडियो भी जारी किया है। आरोप लगाने वाली डोंथु पद्मावती खम्मम जिले के गोल्लागुडेम की रहने वाली हैं। वे 19 सितंबर को तिरुमाला मंदिर गई थीं। हालांकि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने मंगलवार को स्पष्ट किया है कि पवित्र लड्डू प्रसादम में तंबाकू के पॉउच होने के आरोप झूठे हैं। कहा कि कुछ भक्तों की ओर से श्रीवारी लड्डू प्रसाद में तंबाकू की थैली होने के बारे में सोशल मीडिया पर इस तरह के दावे फैलाना अनुचित है।

तमिलनाडु में 11 जगह एनआईए का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी : राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में इस्लामी खिलाफत स्थापित करने का मंसूबा पालने वाले अखिल-इस्लामी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर के खिलाफ अपनी जांच के सिलसिले में मंगलवार को तमिलनाडु में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए के अधिकारियों ने चेन्नई, तंबाराम और कन्याकुमारी जिलों में 11 संदिग्धों के आवास पर छापे मारे और डिजिटल उपकरण, बेहिसाब नकदी और हिज्ब-उत-तहरीर के साहित्य समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। एनआईए ने कहा कि यह छापेमारी विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से असंतोष पैदा करने और चुनावी मताधिकार प्रयोग करने के खिलाफ अभियान चलाने से संबंधित एक मामले की जांच के तहत की गई है।

एक नजर

ट्रैक पर घायल मिले युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

हरदोई, अमृत विचार। आरपीएफ ने रेलवे ट्रैक पर पड़े एक युवक को मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। सोमवार को आरपीएफ को सूचना मिली कि सीतापुर रोड ओवर ब्रिज से शाहजहांपुर की तरफ करीब 50 मीटर दूर करीब 25 वर्षीय युवक घायल अवस्था में पड़ा मिला। युवक ने नीली टी-शर्ट, नीला लोअर और नीली नेकर पहन रखी थी। आरपीएफ ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया, लेकिन वहां कुछ देरबाद उसकी मौत हो गई। युवक किसी चलती ट्रेन से गिरा होगा, ऐसा नहीं माना जा रहा है। क्यों कि उसके सिर में एक पुरानी चोंट दिखाई पड़ रही थी। डाक्टरो का कहना है कि उसकी मौत की वजह शव की पोस्टमार्टम आने के बाद ही पता चल सकेगी। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

दहेज उत्पीड़न में आधा दर्जन से अधिक पर केस दर्ज

सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार। विवाह के बाद अतिरिक्त दहेज मांगने को लेकर पुलिस ने पति सहित आधा दर्जन से अधिक ससुराल वालों पर केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि करीब 4 वर्ष पूर्व उसका विवाह ग्राम नारायनपुर निवासी मनोज कुमार के साथ हुआ था। पिता ने हैसियत से अधिक दान दहेज दिया। लेकिन विवाह के बाद पति मनोज कुमार सहित अन्य लोग दहेज में दो लाख रुपये व मोटरसाईकिल की करते हुए उसे परेशान करने लगे। करीब 6 माह पूर्व मांग पूरी न होने से ससुराल वालों ने उसे व उसकी दो बेटियों को साथ घर से भगा दिया। जिसके बाद से वह अपने पिता के घर पर रह रही है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध दमुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पेड़ से लटका मिला युवक का शव, जांच-पड़ताल शुरू

हरदोई, अमृत विचार। युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। पुलिस का कहना है कि युवक ने आत्महत्या की है वहीं घर वाले हत्या की आशंका जाहिर कर रहे हैं। सोमवार की दोपहर टड़ियावां थाने के सिरसापुर पडरी में करीब 28 वर्षीय युवक का शव गांव के किनारे खेत में पेड़ पर लटका मिला। युवक की पहचान सोनपाल पुत्र रामकुमार के रूप में की गई। सोनपाल की शादी नहीं हुई थी। 6 भाइयों में चार बड़े और एक उससे छोटा भाई है। माना जा रहा है कि उसने फांसी लगा कर सुसाइड किया, लेकिन उसके घर वाले इस तरह के तर्क को कतई मानने को तैयार नहीं है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

अधूरा पड़ा है पंचायत भवन, 20 लाख का हो चुका भुगतान

संवाददाता, अतरौली, हरदोई, अमृत विचार। विकासखंड भरावन की ग्राम पंचायत पिपरी नारायनपुर में शिलान्यास के डेढ़ वर्ष बाद भी बहुउद्देश्यीय पंचायत भवन का संचालन शुरू नहीं हो सका है। पंचायत से संबंधित काम के लिए ग्रामीणों को 15 किलोमीटर का सफर तय कर ब्लॉक कार्यालय जाना पड़ रहा है। पंचायत भवन निर्माण के लिए 20 लाख 7 हजार 933 रुपये का भुगतान भी करा लिया गया। लेकिन पंचायत भवन का निर्माण अभी भी अधूरा पड़ा हुआ है।

विकासखंड भरावन की ग्राम पंचायत पिपरी नारायनपुर में अधूरा पड़ा पंचायत भवन। अमृत विचार

बोले ग्रामीण

पंचायत भवन निर्माण के लिए बहुद्देश्यीय पंचायत भवन वित्त योजना से सामग्री के लिए 17 लाख 73 हजार दो सौ तिरानबे रुपये धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। जबकि मनरेगा से मजदूरी एक लाख 59 हजार आठ सौ चालीस रुपये व मिस्त्री के लिए 74 हजार आठ सौ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। लेकिन अभी तक पंचायत भवन अधूरा पड़ा है।

रामकिशोर सिंह, आरटीआई कार्यकर्ता

पंचायत भवन का शिलान्यास संडीला विधायक अलका अर्कवंशी द्वारा 20 मार्च 2023 को किया गया था। तब से डेढ़ साल बीत गए। धनराशि भी निकाल ली, लेकिन पंचायत भवन में न दरवाजे लगे, कमरों की फर्श नहीं बनी। प्लास्टर नहीं हुआ है। वायरिंग का कार्य शुरू भी नहीं किया गया।

दीपक गुप्ता, ग्रामीण

पंचायत भवन अधूरा होने के कारण ग्रामीणों को किसी काम के लिए सात किलोमीटर दूर नेवादा बाजार जाकर जन सुविधा केन्द्र से काम करना पड़ता है।

इंद्रकुमार, बुजुर्ग

पंचायत भवन व सामुदायिक शौचालय बदहाल होने से ग्रामीणों को दिक्कत हो रही है। इसके शीघ्र संचालन के लिए जिलाधिकारी व डीपीआरओ से बात करेंगे। पंचायत सचिव अमर सिंह ने कहा कि दो सप्ताह के अंदर कार्य पूर्ण कर संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

-सूरज भदौरिया, जिला मंत्री भाजपा युवा मोर्चा

सामुदायिक शौचालय का खराब पड़ा हैण्डपम्प व नहीं बनी बनी चौकी। अमृत विचार

सामुदायिक शौचालय में लगा ताला व उगी हैं झाड़ियां

अतरौली। पिपरीनरायनपुर में स्थित सामुदायिक शौचालय का हाल बदहाल है। परिसर में बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी हैं। महीनों से शौचालय का ताला नहीं खुला। यहां शौचालय का निर्माण 15वें वित्त मद के अंतर्गत तीन लाख 63 हजार 387 रुपये खर्च कर कराया गया था, लेकिन शौचालय के हैण्डपम्प की चौकी तक का निर्माण नहीं कराया गया। अंदर कूड़े के ढेर लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जीव से शौचालय बना है एक बार भी प्रयोग के लिए ताला नहीं खोला गया। शौचालय की ढंग से पुताई तक नही कराई गई। सचिव अमर सिंह ने बताया कि अभी जल्द ही उन्होंने चार्ज लिया है। एक सप्ताह के अंदर शौंचालय को शुरू कर दिया जाएगा।

बदहाल सामुदायिक शौचालय

बाढ़ कम होने के बाद अब संक्रामक रोगों का बढ़ा खतरा

बाढ़ ग्रस्त गांवों के लोगों के लिए रोजमर्रा की सामग्री भी निगल गई बाढ़

संवाददाता, हरपालपुर, हरदोई,

अमृत विचार। क्षेत्र की गंगा, रामगंगा व गम्भीरी नदियों की बाढ़ भले ही धीरे-धीरे कम हो रही हो, लेकिन बाढ़ ग्रस्त इलाके के गांवो में संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ने लगा है। लोगों को रोजमर्रा की सामग्री भी बाढ़ की विभीषिका ने समेट ली थी, जिससे बाढ़ पीड़ितों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के अर्जुनपुर, अरवल, दहेलिया, मुर्बा, जीवनपुरवा, जसा पुरवा, कटरी छोछपुर, बारामऊ सहित रामगंगा, गम्भीरी व गंगा नदी के किनारे बसे सैकडो गांवो में बाढ़ से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। हालांकि नदियों के जलस्तर में लगातार गिरावट होने से बाढ़ की स्थिति सामान्य होती जा रही है। बाढ़ग्रस्त इलाके के गांवो में बाढ़ का खतरा भले ही कम हो रहा हो, लेकिन क्षेत्र में संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ता नजर आ रहा है। बाढ़ ग्रस्त गांवों में पशुओं के लिए खेतों में खड़ा हरा चारा व फसलें चौपट हो जाने के बाद बाढ़ की बजह से सड़ने लगी, जिससे क्षेत्र में दुर्गंध से लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। फिलहाल स्वास्थ्य महकमा बाढ़ग्रस्त गांवों में शिविर लगाकर दवाएं दे रहा है।

बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित करते विधायक व एसडीएम। अमृत विचार

पीड़ितों को कोई समस्या नही होने दी जाएगी

हरपालपुर। एसडीएम संजय अग्रहरि ने कहा कि नदियों का जलस्तर कम हो रहा है। क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति सामान्य हो रही है। कहा कि बाढ़ ग्रस्त गांवों के बाढ़ पीड़ितों को किसी भी तरह की समस्या नहीं होने दी जाएगी। अर्जुनपुर व दहेलिया में स्थित बाढ़ राहत चौकियों पर राजस्व निरीक्षक व लेखपालों को तैनात किया गया है तथा बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। दहेलिया स्थित बाढ़ राहत चौकी की कमान नायब तहसीलदार राजेश पटेल राजस्व टीम के साथ सम्भाले हुए हैं। कहा कि जल्द ही बाढ़ से हुए नुकसान का आंकलन कराते हुए लोगों को सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

जरूरतमंद लोगों को वितरित की राहत सामग्री

हरपालपुर। क्षेत्र की गंगा, रामगंगा व गर्रा नदियों में आई बाढ़ से लोगों का जनजीवन काफी प्रभावित हो गया। बाढ़ प्रभावित गांवों में विधायक व उनके कार्यकर्ता लगातार लोगो की समस्याओं को दूर करने का प्रयास कर रहे है। मंगलवार को विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने दहेलिया ग्राम पंचायत के जसा पुरवा, जीवनपुरवा, सुल्खामऊ, निकामतपुर, प्यारीपुर में एसडीएम संजय अग्रहरि, नायब तहसीलदार राजेश पटेल के साथ पहुंचकर शासन द्वारा प्राप्त बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण किया। विधायक रानू सिंह ने कहा कि बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र के लोगो को किसी भी तरह की कोई दिक्कतें नही होने दी जाएंगी। उन्होंने स्वास्थ्य व पशु चिकित्सा टीम को सक्रिय रहकर क्षेत्र के लोगों को दवाएं आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राणा प्रताप सिंह हिमालय, दीपांशु सिंह, अभिराम सिंह, ग्राम प्रधान पति उवैश आलम पम्मी के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।

बाढ़ग्रस्त गांवों में 380 पशुओं को दी दवाएं

बाढ़ राहत शिविर मोर्चा रामनगर में बाढ़ राहत शिविर लगाकर पशु चिकित्सा टीम लगातार पशुओं के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाएं दे रही है। मंगलवार को पशु चिकित्सा टीम ने रामनगर व भुल भुलिया पुर गांव में 380 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं दीं। पशु चिकित्सा टीम में पशु चिकित्सक डॉक्टर शैलेश कुमार व पशु धन प्रसार अधिकारी सोमेश कुमार लगातार सक्रिय रहकर पशुओं के उपचार तथा सम्भावित रोगों से बचाव हेतु पशुपालको को जागरूक करने का काम कर रहे हैं।

महिला सिपाही के भाई का शव संदिग्ध हालात में पड़ा मिला

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे के मुख्य चौराहे पर निकट एक लॉन के पास सोमवार की देर रात को संदिग्ध परिस्थितियों में युवक पड़ा मिला, जिसको राहगीरों ने एंबुलेंस को सूचना देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना ले गए जहां पर मौजूद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक मनीष तिवारी पुत्र पारसनाथ तिवारी (31) निवासी मोहल्ला पियारा बाबू थाना व जनपद महाराजगंज अपनी बड़ी बहन महिला कांस्टेबल रुक्मणी तिवारी के साथ रहेता था। महिला कांस्टेबल की कोतवाली कछौना में तैनाती है। जिनके साथ कछौना कस्बे के ही गाजू रोड पर एक किराए के मकान पर रहते थे। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया है कि गंभीर बीमारियों के चपेट में आने होने मौत हो गई। शव को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

काफी धीमी गति से हो फीडर के विद्युतीकरण का कार्य

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। कार्यदाई संस्था एनसीसी की ओर करवाया जा रहा भड़ायल के नए फीडर का काम धीमी गति से चल रहा है। कई बार विभागीय अधिकारियों से काम में तेजी लाने की मांग की जा चुकी है। लेकिन काम तेजी नहीं लाई जा रही है।

इटौली विद्युत उपकेंद्र के तहत तीन फीडर आते हैं। इनमें सबसे बड़ा फीडर अहिरोरी होने से उस पर बिजली की अत्यधिक समस्याएं होती रहती थी। आला अधिकारियों से विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायत बहुत ज्यादा हुई। इसके चलते विभाग ने समस्याओं से निजात दिलाने के लिए पिछले चार माह पहले उपकेंद्र के अंतर्गत नया फीडर भड़ायल संचालित करने की कवायद शुरू की, इसको लेकर कार्यदाई संस्था एनसीसी के द्वारा विद्युत पोल भी खड़े किए जा चुके, और कंट्रोल रूम का काम शुरू हो गया। कार्यदाई संस्था की ओर किए जा रहे इस काम में रफ्तार कुछ दिन तक ही देखने को मिली। उसके बाद रफ्तार धीमी हो गई और अब कछुए की गति से चल रहा है। बता दें कि इस नए फीडर के जल्द संचालन शुरू हो जाने से अहिरोरी फीडर के एक सैकड़ा गांव को इसके तहत जोड़ा जायेगा। उससे वहां अक्सर होने वाली समस्याओं से उपभोक्ताओं को छुटकारा मिल जाएगा। लेकिन जिस तरह काम हो रहा है, उससे प्रतीत हो रहा है कि फीडर का संचालन शुरू होने में काफी समय लगेगा। कार्यदाई संस्था के जेई प्रतीक कुलशेष्ठा ने बताया कि कार्य प्रगति पर है। विद्युतीकरण के लिए पोल पहले ही खड़े किए जा चुके हैं, लेकिन तार चढ़ाने को बाकी है, स्टॉक में उपलब्धता नहीं होने से यह काम रुक गया था। डिमांड काफी समय पहले भेजी गई है, जल्द इसे पूरा करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसकी मौके पर पहुंच कर कार्य प्रगति के बारे में मानिटरिंग की जाएगी। इस मामले में गोपामऊ विधायक के प्रतिनिधि अनुपम मिश्र ने कहा कि नए भड़ायल फीडर के संचालन शुरू होने से ग्रामीणों को बिजली समस्या से निजात मिलेगी। कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी करेंगे, अगर कार्य धीमी गति से चल रहा तो अधीक्षण अभियंता से बात करेंगे और कार्य पूर्ण करा कर जल्द संचालन शुरु कराएंगें।

सड़क पर गिरा बाइक सवार, बोलेरो ने रौंदा

हरदोई, अमृत विचार। पत्नी को मायके में छोड़कर लौट रहे पति की बाइक में सामने से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह उछल कर सड़क पर गिर पड़ा।

वह संभल पाता उससे पहले ही तेज गति में आई बोलेरो रौंदते हुए निकल गई। हादसे में युवक की मौत हो गई। सुरसा थाने के पण्डित पुरवा निवासी 32 वर्षीय अजय पुत्र मकरंद की टड़ियावां थाने के गढ़ी में ससुराल है। अजय सोमवार को पत्नी छोटी बिटिया को मायके छोड़ने गया था। देर शाम वहीं से वापस लौट रहा था। रास्ते में बिलग्राम रोड पर टेढ़ी पियाव के पास सामने से आ रही बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। सड़क पर गिरे अजय को पीछे से आई बोलेरो ने रौंद दिया। उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां मौत हो गई। खेती-बाड़ी करने वाले अजय के दो बेटे कृष्ण और कन्हैया हैं।

सार-संक्षेप

दुकानों में सेंधमारी कर नकदी व शराब चोरी

हरदोई, अमृत विचार। बघौली में कस्बे की अंग्रेजी शराब की दुकान और वहीं तेरवा रोड क्रासिंग पर देशी शराब के ठेके में सेंधमारी कर कैश और शराब चोरी हो गई। चोरों ने सरकारी दुकानों में लगे सीसीटीवी के डीवीआर भी साथ ले गये। मंगलवार सुबह जानकारी होने पर दुकानदारों ने पुलिस को सूचना दी। बघौली थाने के कस्बे में सुनीता जायसवाल पत्नी सुरेश चन्द्र जायसवाल निवासी बालागंज लखनऊ के नाम से अंग्रेजी शराब की दुकान है। सेल्समैन कुलदीप तिवारी ने बताया कि सोमवार की रात दुकान बंद कर घर चला गया। मंगलवार की सुबह पता चला कि दुकान में सेंध लग गई। कुलदीप के अनुसार दुकान में रखा 42 हजार रुपये कैश और शराब गायब थी। इसी तरह तरह बघौली कस्बे में तेरवा रोड क्रासिंग पर संजय द्विवेदी निवासी बघौली की देशी शराब की दुकान है। चोरों ने वहां भी सेंधमारी कर 32 हजार रुपये कैश व देशी शराब चोरी कर ली। बता दें कि एसपी नीरज कुमार जादौन सोमवार की रात में ही बघौली थाने पहुंचे थे। जहां उन्होनें मातहतों को बेहतर पुलिसिंग करने सहित अन्य निर्देश दिए थे। एसपी के वहां से जाने के बाद चोरों ने शराब दुकानों में सेंधमारी कर पुलिस को चुनौती दे दी।

ताऊ के घर जा रहे भतीजे की ट्रेन से गिरकर मौत

हरदोई, अमृत विचार। लखनऊ का रहने वाला एक 28 वर्षीय युवक सोमवार की रात अपने ताऊ के घर मुरादाबाद जा रहा था, उसी बीच शाहाबाद-आंझी रेलवे स्टेशन के पास वह चलती ट्रेन से गिर पड़ा। जिससे उसकी मौत हो गई। युवक के पास से बरामद मोबाइल से उसकी शिनाख्त हुई। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव घर वालों को सौंप दिया है। मंगलवार की सुबह आंझी-शाहाबाद रेलवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक पर 28 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने उसकी जामा तलाशी ली। उस दौरान उसके पास से बरामद हुए मोबाइल के नंबर ट्रेस करने पर युवक की शिनाख्त रोहित पुत्र राकेश निवासी तेलीबाग लखनऊ के रूप में की गई। घर वालों ने बताया कि रोहित घर का इकलौता था, उसकी शादी नहीं हुई थी। सोमवार की शाम को अपने ताऊ के घर मुरादाबाद जाने के लिए ट्रेन पर सवार हुआ था।

सबमर्सिबल और मशीन पर चोरों ने हाथ साफ किया

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। गढ़िया गांव में बदमाशों ने एक प्लाटिंग कारोबारी के प्लांट से सबमर्सिबल और मशीन चोरी कर ली। घटना की सूचना पीआरबी पुलिस को दी गई है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सिलेमानी के रहने वाले आसिफ खान गढ़िया में तायबा कॉलोनी के नाम पर प्लाटिंग कर रहे हैं। मंगलवार सुबह उन्हें गढ़िया के एक व्यक्ति ने फोन कर बताया कि उनके प्लाट से सबमर्सिबल और मशीन चोरी हो गई है। जिसके बाद पीड़ित ने मौके पर पहुंचकर तत्काल पीआरबी पुलिस को सूचना दी। आसिफ खान ने बताया कि लगभग 20 हजार रुपए नुकसान हुआ है।

विधवा महिला ने लगाया शारीरिक शोषण का आरोप

सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार। विधवा महिला ने बर्जर पेंट फैक्ट्री में काम करने वाले युवक पर शारीरिक शोषण और गर्भपात कराने का आरोप लगाया है। थाना माधौगंज निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। जीवन यापन के लिये वह सण्डीला में एक फैक्ट्री में काम करती है और पास में कमरा लेकर रहती है। इस दौरान उसकी मुलाक़ात बर्जर फैक्ट्री में काम करने वाले अभिषेक से हुई। करीब एक वर्ष पूर्व आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये और बिना विवाह के दोनों पति पत्नी की तरह रहने लगे। बीते कुछ माह पूर्व जब उसने आरोपी से शादी के लिए कहा तो वह इंकार करने लगा। इसी बीच महिला का गर्भपात भी कराया जा चुका है। पुलिस ने मामले केस दर्ज कर लिया है।

आमने-सामने टकराईं बाइकें, युवक की मौत

हरदोई, अमृत विचार। कोथावां क्षेत्र में दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत हो गई जबकि अधेड़ घायल हो गया। कछौना कोतवाली के खतीरपुर निवासी 40 वर्षीय कौशलेंद्र सिंह सोमवार की शाम गांव निवासी हरि किशोर (50) के साथ कोथावां की बाज़ार करने गया था। देर शाम लौटते समय सण्डीला-बेनीगंज रोड पर हुलासपुर कोतवाली बेनीगंज के पास कौशलेंद्र सिंह की बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में कौशलेंद्र की मौत हो गई, जबकि हरि किशोर घायल हो गया। कौशलेंद्र के परिवार में पत्नी कुमोदनी, दो बेटे और तीन बेटियां हैं।

बालिका के अपहरण व दुष्कर्म में 20 साल कैद

हरदोई, अमृत विचार। बालिका को बहला फुसलाकर उसका अपहरण करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को जुर्म साबित होने पर 20 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई गई है। जज ने आरोपी पर 65,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि थाना मलिहाबाद जिला लखनऊ निवासी परशुराम ने एक मई 2019 की शाम एक बालिका को बहला फुसलाकर उसका अपहरन कर लिया। उसके बाद उसके साथ जबरिया दुष्कर्म किया। इस मामले की रिपोर्ट बालिका के पिता ने दर्ज कराई। कहा कि घटना के पूर्व उसकी बेटी 6 माह से थाना अतरौली के किरतिया खेड़ा गांव ननिहाल में रह रही थी जहां पर आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। सत्र न्यायाधीश हेमेंद्र कुमार सिंह ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों के दलीलों को सुनकर आरोपी पर अपहरण और दुष्कर्म का जुर्म साबित पाया। जज ने आरोपी को 20 साल की कैद और विभिन्न धाराओं में 65,000 रुपये का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है जुर्माना की धनराशि जमा होने पर संपूर्ण धनराशि पीड़िता को दिलाए जाने का आदेश दिया गया है।

कोल्ड ड्रिंक से लदा ई-रिक्शा राहगीर के ऊपर पलटा, हालत नाजुक

हरदोई, अमृत विचार। कोल्ड ड्रिंक से लदा ई-रिक्शा राहगीर पर पलट गया। जिससे वह उसके नीचे दब कर बुरी तरह से घायल हो गया। उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। ई-रिक्शा नाबालिग चला रहा था, जिसे पुलिस ने ज़ब्त कर लिया है। मंगलवार की शाम टड़ियावां थाने के कस्बा गोपामऊ के मोहल्ला बंजारा निवासी रशीद सागरी बस स्टैंड से घर जा रहा था। उसी बीच कोल्ड ड्रिंक से लदा ई-रिक्शा उधर से निकला और रशीद के ऊपर पलट गया। रशीद उसके नीचे दब कर बुरीतरह से घायल हो गया। ई-रिक्शा चला रहे नाबालिग चमन ने बताया कि वह सीतापुर के पिसावां का रहने वाला है। वह राजन सिंह की एजेंसी से कोल्ड ड्रिंक सप्लाई करता है।

गोवंश से बाइक टकराई, हादसे में बेटे के साथ घर लौट रही महिला की मौत

हरदोई। मां-बेटे अपनी रिश्तेदारी से वापस घर लौट रहे थे, उसी बीच रास्तें में सड़क पर घूम रहा गोवंश बाइक से टकरा गया, जिससे बाइक गिर पड़ी। महिला के सिर में गहरी चोंट पहुंचने से उसकी वहीं पर मौत हो गई। लोनार थाने के बावन कस्बा निवासी बंटू शुक्ला की 46 वर्षीय पत्नी अनिल कुमारी अपने बेटे चंदन शुक्ला उर्फ नंदू के साथ रिश्तेदारी में गई हुई थी। मंगलवार की शाम को दोनों वहीं से वापस घर लौट रहे थे। बताते है कि रास्तें में समुदाय गांव के पास सड़क पर घूम रहा गोवंश अचानक सामने आ गया और चंदन उर्फ नंदू की बाइक उससे टकरा गई। हादसे में अनिल कुमारी सड़क पर गिर पड़ी, उसके सिर में गहरी चोंट पहुंचने से उसकी वहीं पर मौत हो गई। इसका पता होते ही उसके घर में कोहराम मच गया।

बुजुर्ग को सांप ने डसा इलाज में देर से मौत

हरदोई, अमृत विचार। जानवरों के लिए चारा तैयार कर रहे बुजुर्ग को सांप ने डस लिया। बुजुर्ग घर में अकेला था, इस वजह से इलाज में देरी हुई और उसे मेडिकल कालेज पहुंचाए जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। कोतवाली शहर के हसनापुर निवासी 65 वर्षीय राजाराम सोमवार को घर में अकेला था। शाम को वह जानवरों के लिए चारा तैयार कर रहा था। तभी उसे सांप ने काट लिया। कुछ देर बाद जब घर वाले पहुंचे तो राजाराम बेहोश पड़ा मिला। उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। बुजुर्ग खेती-किसानी करता था। परिवार में एक बेटी और तीन बेटे हैं।

एक जोड़ी ट्रेन निरस्त, दो जोड़ी ट्रेनों का बदला गया मार्ग

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार

हरदोई के रेल यात्रियों पर फिर पड़ेगा असर

रेल यात्रियों को एक बार फिर भारी असुविधा का सामना यात्रा में करना पड़ेगा। लगातार रेल यात्री रेल प्रशासन द्वारा कराये जा रहे कार्यों को लेकर असुविधा उठा रहे हैं। हरदोई रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव करने के स्थान पर लगातार कार्य के चलते ट्रेनों को डायवर्ट किया जा रहा है, जिससे रेल यात्रियों को परेशानी हो रही है। रेल प्रशासन ने एक बार फिर 13 दिन तक यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। रेल प्रशासन द्वारा हरदोई से होकर जाने वाली एक जोड़ी ट्रेन निरस्त कर दी गई है जबकि दो जोड़ी ट्रेनों का संचालन मार्ग परिवर्तन के साथ करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इससे पहले भी रेल प्रशासन द्वारा ट्रेनों को निरस्त व मार्ग परिवर्तन के साथ कुछ दिन पूर्व संचालित किया था।

हरदोई। रेल प्रशासन द्वारा लखनऊ मंडल के बाराबंकी-अयोध्या कैंट अकबरपुर जफराबाद जंक्शन रेल खंड के शाहगंज जंक्शन स्टेशन पर यार्ड रिमांडिंग के प्रस्तावित कार्य को लेकर एक जोड़ी ट्रेन को निरस्त किया है जबकि हरदोई से होकर जाने वाली दो जोड़ी ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया है। रेल प्रशासन द्वारा 23 सितंबर से लेकर 5 अक्टूबर तक ट्रेनों को निरस्त व मार्ग परिवर्तन के साथ चलाने के निर्देश दिए हैं। हरदोई से होकर जाने वाली 14017 रक्सौल से चलकर आनंद विहार टर्मिनल जाने वाली सद्भावना एक्सप्रेस जो कि अयोध्या छावनी के रास्ते होकर जाती है, को निरस्त किया है। डाउन में 14018 आनंद विहार टर्मिनल से चलकर रक्सौल जाने वाली सद्भावना एक्सप्रेस 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक निरस्त रहेगी। हरदोई से होकर जाने वाली 13308 गंगा सतलुज एक्सप्रेस के मार्ग में परिवर्तन किया है, यह ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग बाराबंकी जंक्शन दरियाबाद अयोध्या कैंट अकबरपुर शाहगंज जौनपुर के स्थान पर लखनऊ रायबरेली जंक्शन मां बेला देवी धाम प्रतापगढ़ के रास्ते होते हुए वाराणसी जाएगी। यह ट्रेन 22 सितंबर से 4 अक्टूबर तक परिवर्तन मार्ग से संचालित की जाएगी। अप में 13307 गंगा सतलुज एक्सप्रेस का भी मार्ग परिवर्तन किया गया है। यह ट्रेन जफराबाद जंक्शन जौनपुर जंक्शन शाहगंज अकबरपुर अयोध्या धाम बाराबंकी के स्थान पर वाराणसी जंक्शन मां बेला देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन रायबरेली जंक्शन होते हुए लखनऊ की ओर चलेगी। यह ट्रेन 22 सितंबर से 4 अक्टूबर तक परिवर्तित मार्ग के साथ संचालित की जाएगी। 13010 योग नगरी ऋषिकेश से चलकर हावड़ा जाने वाली दून एक्सप्रेस 22 सितंबर से 4 अक्टूबर तक अपने निर्धारित मार्ग बाराबंकी सफदरगंज अयोध्या धाम शाहगंज जौनपुर जंक्शन जफराबाद जंक्शन के स्थान पर लखनऊ रायबरेली जंक्शन मां बेला देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन होते हुए वाराणसी जाएगी। अप में 13009 हावड़ा से चलकर योग नगरी ऋषिकेश जाने वाली दून एक्सप्रेस का भी मार्ग परिवर्तन किया गया है। यह ट्रेन 22 सितंबर से 4 अक्टूबर तक अपने निर्धारित मार्ग जाफराबाद जंक्शन जौनपुर जंक्शन अकबरपुर जंक्शन अयोध्या धाम बाराबंकी जंक्शन के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाराणसी जंक्शन मां बेला देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन रायबरेली जंक्शन लखनऊ जंक्शन के रास्ते संचालित की जाएगी। ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन होने से अयोध्या धाम बाराबंकी जाने वाले रेल यात्रियों को काफी सुविधा का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही जिन यात्रियों ने अपना आरक्षण अयोध्या बाराबंकी जाने के लिए इन तिथियां में कराया है उन्हें अपना आरक्षण निरस्त कराना होगा।

एक नजर

विकास कार्यों में घटिया सामग्री के प्रयोग का आरोप

माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार। विकास खण्ड क्षेत्र के गांव रुकनापुर में विकास कार्यों में घटिया सामग्री उपयोग करने पर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को जनसुनवाई के माध्यम शिकायत पत्र भेजा। गांव निवासी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, उर्मिला देवी, सुशील कुमार, जयमेजय आदि ने बताया कि ग्राम पंचायत में हो रहे कूड़ा निस्तारण केंद्र में पुरानी ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है। निर्माण कार्य रुकवा कर जांच कराने की मांग की। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

छुट्टा पशुओं से निजात के लिए एसडीएम को ज्ञापन

सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष ने आवारा पशुओ से निजात पाने के लिये एसडीएम अरुणिमा श्रीवास्तव को एक ज्ञापन दिया है। मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन मिश्रा ने दिये गये ज्ञापन में बताया कि उनकी ग्राम सभा ग्राम बघुवामऊ मे आवारा पशु प्रतिदिन किसानों की फसलों का नुकसान कर रहे हैं। आवारा सांड राहगीरों पर हमला करने का प्रयास करते है जिसके कारण ग्रामवासी काफी चिंतित है। उक्त आवारा पशुओ को पकड़वाकर ग्रामवासियों को इस समस्या से निजात दिलाया जाये। मंडल अध्यक्ष सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

ढाबे के किनारे खड़े डीसीएम में अचानक लगी आग

हरदोई, अमृत विचार। सड़क किनारे ढाबे के बाहर खड़ी डीसीएम के केबिन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते केबिन राख में बदल गया। घटना के समय चालक वाहन में नहीं था। संडीला कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत इंड्रस्टियल स्टेट में एक ढाबे के बाहर एक खड़ी डीसीएम में अचानक आग लग गई। आग की लपटे देख हड़कंप मच गया। हरदोई-लखनऊ मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रुक गई। लोगों ने इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी। फायर बिग्रेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग किन कारणों से लगी इसकी जांच की जा रही है।

हरदोई स्टेशन पर शान से फहराने लगा 100 फीट ऊंचा तिरंगा

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। अमृत विचार की खबर का एक बार फिर बढ़ा असर हुआ है। अमृत विचार ने हरदोई रेलवे स्टेशन पर लगे 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज के महीनों से नदारत रहने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद मंडल के रेल अधिकारियों के निर्देश पर स्टेशन के अधिकारियों ने 100 फीट ऊंचा झंडा को लगाने के कार्य किया है।

हरदोई रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की सुबह अधिकारियों ने सौ फीट ऊंचा तिरंगा झंडा लगवाने का कार्य किया। स्टेशन के रेल यात्रियों और स्थानीय लोगों ने अमृत विचार का आभार व्यक्त किया और अमृत विचार की इस मुहिम की प्रशंसा भी की। लाखों की कीमत से लगाया गया राष्ट्रीय ध्वज स्टेशन पर महीनों से गायब था जिसका हरदोई के उच्च अधिकारी संज्ञान नहीं ले रहे थे। अधिकारियों की लापरवाही के चलते रेलवे स्टेशन पर राष्ट्रीय ध्वज नहीं लगाया जा रहा था।

100 फिट ऊंचे पोल पर लगा तिरंगा झंडा।

अमृत विचार की खबर का हुआ असर

स्टेशन पर 100 फीट ऊंचे पोल से नदारद है तिरंगा झंडा

चार दिन बाद भी स्टेशन के पोल पर नहीं लग सका तिरंगा
अमृत विचार में प्रकाशित संबंधित खबरें।


पूर्व में 100 फीट ऊंचे पोल से नदारद तिरंगा झंडा।

मंडल कार्यालय की फटकार के बाद जागे अधिकारी

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। अमृत विचार ने 20 सितंबर को इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर का संज्ञान लेने के बाद मंडल के उच्च अधिकारियों की ओर से सोशल मीडिया पर बताया गया था कि आंधी तूफान एवं वर्षा के कारण झंडा डैमेज हो गया है उपलब्ध होने पर अभिलंब लगाया जाएगा। आखिरकार हरदोई रेलवे स्टेशन पर कुंभकर्णी नींद सोए अधिकारियों की नींद मंडल के अधिकारियों की फटकार के बाद टूटी और उनके द्वारा हरदोई रेलवे स्टेशन पर 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लगाने का काम किया गया। हालांकि देखने वाली बात यह होगी कि हरदोई रेलवे स्टेशन पर अधिकारियों की ओर से लगाया गया राष्ट्रीय ध्वज मानक के अनुरूप है या नहीं। रेलवे स्टेशन पर 100 फीट ऊंचा लगने वाला राष्ट्रीय ध्वज इसकी लंबाई 30 फीट और चौड़ाई 20 फीट रखने के मानक रेल प्रशासन की ओर से निर्धारित किए गए हैं। हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहली बार राष्ट्रीय ध्वज 100 फीट ऊंचा 15 अगस्त 2019 को लगाया गया था। रेलवे स्टेशन पर 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लगने के बाद यात्रियों ने बताया कि अब काफी सुंदर स्टेशन नजर आता है। केवल एक राष्ट्रीय ध्वज लग जाने से स्टेशन की सुंदरता बढ़ गई है। इसके साथ ही स्टेशन आने वाले यात्रियों के साथ स्थानीय लोगों की नजर जब राष्ट्रीय ध्वज पर पड़ती है तो वह गौरान्वित हो उठते हैं।

डीएम ने शहीद उद्यान का विकास मॉडल देखा

हरदोई, अमृत विचार। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कलेक्ट्रेट में मंगलवार को वंदन योजना के तहत शहीद उद्यान में होने वाले कार्यों के 3 डी मॉडल को देखा। उन्होंने जेल रोड की ओर खुलने वाले द्वार सहित अन्य द्वारों के सौंदर्यीकरण के सम्बन्ध में अधिशाषी अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि शहीद उद्यान को इस प्रकार विकसित किया जाये कि आने वाले लोगों को आकर्षक लगे। उद्यान में स्थित तालाब को विकसित किया जाये। आने वाले लोगों के लिए वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाये। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी को कलेक्ट्रेट में आने वाले लोगों के लिए उपयुक्त स्थान पर शौचालय का निर्माण जल्द प्रारम्भ कराया जाये।

2 अक्टूबर से शुरू होगी बाल रामलीला

स्मारिका का विमोचन कर मेला कमेटी ने जारी किया कार्यक्रम, 30 को शिव बरात शोभा यात्रा

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई,

अमृत विचार। श्री बाल राम लीला नाट्य कला मंदिर के 52वें रामलीला कार्यक्रम की घोषणा स्मारिका विमोचन के साथ कर दी गई। संरक्षक अतुल गुप्ता के दिलेर गंज स्थित आवास पर श्री बाल रामलीला नाट्य कला मंदिर की स्मारिका का एक भव्य कार्यक्रम में विमोचन किया गया। इस मौके पर मेला कमेटी के तमाम पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। श्री बाल रामलीला नाट्य कला मंदिर चौक के संरक्षक डॉ. मुरारी लाल गुप्त, नलिन गुप्त, अभय सिंह, मेला कमेटी के अध्यक्ष चौधरी उमेश गुप्ता, महामंत्री बासु वर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष चौधरी उमेश गुप्ता ने बताया प्रथम बार श्री बाल रामलीला नाट्य कला मंदिर चौक की ओर से स्मारिका का विमोचन का कार्यक्रम संपन्न किया गया। स्मारिका विमोचन के माध्यम से समस्त नगर वासियों को मेला कार्यक्रम के शुभारंभ का संदेश दिया गया है। मेला कमेटी के अध्यक्ष ने बताया 30 सितंबर को नगर के प्रमुख मार्गों से शिव बारात शोभा यात्रा गाजे-बाजे और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली जाएगी। 2 अक्टूबर को मेला का शुभारंभ होगा और उसी दिन नारद मोह लीला का मंचन करने के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हो जाएगा। 13 अक्टूबर को अहिरावण एवं रावण वध के साथ रामलीला का मंचन समाप्त होगा। 14 अक्टूबर को भरत मिलाप शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली जाएगी। 15 अक्टूबर को समापन के मौके पर फैंसी ड्रेस कैटवॉक एवं डांस कंपटीशन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्टैंड अप कॉमेडियन, एंकर और एक्टर मुंबई अरशद खान मौजूद रहेंगे। जिनके संचालन में यह कार्यक्रम संपन्न होगा। मेला कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि इस बार रामलीला का मंचन श्री राधा रानी रामलीला व रासलीला मंडल ब्रज धाम महरौली वृंदावन मथुरा के कलाकारों द्वारा शाम सात बजे से लीलाओं का मंचन किया जाएगा। बताया रामलीला पंडाल में इस बार महिलाओं और पुरुष दर्शकों के लिए अलग-अलग बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। कमेटी अध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की है कि बड़ी संख्या में रामलीला मैदान में पहुंचकर आनंद लें। इस मौके पर तमाम मेला पदाधिकारी मौजूद रहे।

बाल रामलीला चौक की स्मारिका का विमोचन करते संरक्षक गण। अमृत विचार

महाकुम्भ की कार्ययोजना को लेकर हुई प्रथम बैठक

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। महाकुम्भ 2025 को सफल बनाए जाने के उद्देश्य से प्रदेश में गंगा को अविरल एवं निर्मल बनाने के लिए बिजनौर से बलिया तक गंगा और उसकी सहायक नदियों का पानी स्वच्छ हो, इस हेतु जनपद में जिलधिकारी द्वारा विशेष रूप से जोर देकर महाकुम्भ 2025 की कार्ययोजना तैयार करने हेतु सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया गया है।

शशिकांत अमरेश, प्रभागीय निदेशक, सदस्य संयोजक, जिला गंगा समिति की अध्यक्षता में एक बैठक मंगलवार को प्रभागीय निदेशक के कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक अर्चना रावत, उप प्रभागीय वनाधिकारी, संडीला, अखिलेश गौतम, अधिशासी अभियंता, सिचाई विभाग, अश्वनी कुमार मिश्र, जिला परियोजना अधिकारी, नमामि गंगे, आशीष कुमार बिरला, जल निगम, शहरी, नवनीत सिंह, अवर अभियंता ,जल निगम ग्रामीण, बीएस द्विवेदी एवं सुशील शुक्ला, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उन्नाव एवं अजीत सिंह, खनन विभाग से उपस्थित रहे। प्रभागीय निदेशक ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस सम्बन्ध में जिला गंगा समिति की बैठक में पुनः जिलाधिकारी द्वारा 26 सितम्बर को समीक्षा ली जाएगी।

तैयारी

- बिजनौर से बलिया तक गंगा व उसकी सहायक नदियों का पानी स्वच्छ होने पर दिया गया जोर

धूमधाम से मनाया गया मीना का जन्मोत्सव

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। सण्डीला ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय सरवा की बालिकाओं ने मीना का जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीईओ सण्डीला डा. ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने किया। इस बीच बालिकाओं को मीना की प्रेरक कहानी सुनाई गईं और उन्हे उससे जुड़ी लघु फिल्मी दिखाई गईं।

बीईओ ने कहा कि शिक्षा को सुदृढ़ करने बालिकाओं के मुद्दों को सरल एवं सहज रूप से समझने के लिए मीना नाम की लड़की का एक काल्पनिक चरित्र बनाया गया है। प्रत्येक वर्ग एवं समाज की बालिकाएं स्वयं का इससे जुड़ाव महसूस कर सकती है। मीना एक उत्साही और विचारवान किशोरी है जिसमें उमंग, उल्लास, सहानुभूति और सहायता का भाव है। वह समस्याओं और सामाजिक बाधाओं के खिलाफ लड़ने का जज़्बा रखती है और समस्या चाहें जो भी हो, उसके समाधान के लिए किसी से बातचीत करने में बिल्कुल भी नहीं हिचकिचाती। इस बीच बालिकाओं ने मीना की प्रेरक वाली कहानियां सुनी और लघु फिल्में भी देखीं। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधान अध्यापिका के अलावा वहां का स्टाफ व बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे। सुरसा संवाददाता के अनुसार उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहा में मीना के जन्मदिन पर मीना मेला का आयोजन किया गया। राज्य पुरस्कृत इंचार्ज प्रधानध्यापिका मंजू वर्मा के द्वारा पॉवर एंजिल बालिकाओं से केक कटवाकर जन्मदिन कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। तत्पश्चात प्रांगण में लगे मीना मेला में तरह-तरह के स्टॉल के अंतर्गत गणित के ट्रिक ,विज्ञान के खेल, जलवायु परिवर्तन एवं स्वच्छ परिवेश, महावारी स्वच्छता प्रबंधन, कबाड़ से जुगाड़, पोस्टर, बाल-अखबार कॉमिक बुक इत्यादि स्टॉल के अलावा बच्चों ने खाने पीने की सामग्री और खेल सामग्री,विभिन्न प्रकार के जादुई खेल से संबंधित दुकानों को सजाया जिसे आये हुए अभिभावकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर शिक्षक संकुल सुभाष यादव, सहायक अध्यापक अर्पित मिश्रा, गरिमा शुक्ला, गौरवेन्द्र कुशवाहा, अनुदेशक रजनी देवी, सुषमा पाल सहित तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।

केक काट कर कार्यक्रम की शुरुआत करते शिक्षक व बच्चे। अमृत विचार

नए विभागों तक किया जाएगा पर्ची व्यवस्था का विस्तार

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। राजस्व व ग्राम्य विकास विभाग में सफलतापूर्वक नई पर्ची व्यवस्था लागू होने के बाद अब जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने एक अक्टूबर से कुछ अन्य महत्वपूर्ण विभागों को इसके दायरे में लाने का फैसला किया है।

नई व्यवस्था के विस्तार के बाद पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, दिव्यांग कल्याण विभाग, प्रोबेशन विभाग, कार्यक्रम विभाग, नगर विकास, खाद्य आपूर्ति विभाग तथा चकबंदी विभाग के शीर्ष अधिकारी भी नियमित रूप से जन सुनवाई करेंगे। जन सुनवाई के दौरान सभी अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी के जन सुनवाई कक्ष से भी जुड़े रहेंगे। जन सुनवाई का नया तरीका आम जन को काफ़ी रास आ रहा है। जिलाधिकारी कार्यालय में कोई शिकायत आने पर जिलाधिकारी तत्काल शिकायतकर्ता का सामना वर्चुअल माध्यम से जुड़े सम्बंधित अधिकारी से करवा देते हैं। जिलाधिकारी का कहना है कि पर्ची व्यवस्था से शिकायतकर्ता को एक शिकायत क्रमांक मिल जाता है जो पर्ची पर अंकित होता है। यह पर्ची शिकायतकर्ता के पास शिकायत का प्रमाण होती है। जब से यह नई व्यवस्था लागू हुई है, शिकायतों के निस्तारण में तेजी आई है।

सार-संक्षेप

रक्तदान करता युवक। अमृत विचार

कैंसर पीड़ित महिला को खून देकर बचाई जान

हरदोई, अमृत विचार। नगर के बड़ा चौराहा निवासी शिवा द्विवेदी की बुआ सीमा सिंह को कैंसर है। समय समय पर उन्हें ब्लड की आवश्यकता पड़ती है। सीमा सिंह शहर के हरदोई नर्सिंग होम अस्पताल में भर्ती हैं और मंगलवार को उन्हें दो यूनिट बी पॉजिटिव ब्लड की जरूरत थी। इस ग्रुप का ब्लड बहुत रेयर होता है, इसी कारण ब्लड सरकारी अस्पताल के ब्लड बैंक में या अन्य प्राइवेट अस्पतालों में भी नहीं मिल सका। इसके बाद शिवा ने सोशल मीडिया पर इस संबंध में पोस्ट शेयर की। कुछ ही देर बाद हरदोई के युवा समाजसेवी अंकित सिंह परमार ने शिवा से बात की और शहर के पिहानीचुंगी निवासी शिक्षक सुयश मिश्रा व कृष्णा चौहान से रक्त दिलाने की बात कही। अंकित परमार की टीम से जुड़े शिक्षक सुयश मिश्रा और कृष्णा चौहान ने तुरंत ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। अंकित परमार ने बताया कि हरदोई ही नहीं बल्कि अन्य जनपदों में उनकी टीम के सदस्यों ने जरूरतमंदों को रक्त देकर जान बचाई है। अंकित व उनकी टीम अन्य तरह के समाज सेवा के कार्यों में भी संलग्न रहते हैं।

स्वास्थ्य शिविर में टीबी मरीजों की हुई जांच

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त ग्राम पंचायत योजना के तहत मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम पिढ़ाता में टीबी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सीएचसी की पहल पर किया गया, जिसमें टीबी के संभावित मरीजों के एक्सरे कर बलगम के नमूने एकत्र किए गए। सीएचसी प्रभारी डा. प्रवीण दीक्षित ने बताया प्रधानमंत्री टीबी मुक्त ग्राम पंचायत योजना की श्रृंखला में गांव गांव स्वास्थ्य शिविर लगाकर टीबी के संभावित रोगियों का परीक्षण कर दवा का वितरण किया जा रहा है। मंगलवार को विकास खंड के ग्राम पिढ़ाता में टीबी स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से कुल 74 एक्स-रे किए गए। 24 संभावित मरीजों के एक्सरे किए गए। टीबी के संभावित 68 मरीजों के बलगम को जांच के लिए एकत्र किया गया। गांव के 89 लोगों को दवा का वितरण करवाया गया। उनके साथ अवधेश कुमार टीबी उपचार पर्यवेक्षक, ललित आरबीएसके, जावेद टीबी एलर्ट इंडिया सहित एएनएम, आशा और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण करते जिला जज, डीएम और एसपी।

जिला जज ने देखी संप्रेक्षणगृह की व्यवस्थाएं

हरदोई, अमृत विचार। जिला जज राजकुमार सिंह, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने मंगलवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। उन्होंने खेल के मैदान को देखा जहां बच्चे बॉलीबाल खेलते मिले। जिलाधिकारी ने स्वयं भी बच्चों के साथ बॉलीबाल खेला। इसके बाद उन्होंने किशोरों के रहने के स्थान व पुस्तकालय आदि की व्यवस्थाओं को देखा। रसोई के निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था देखी तथा निर्देश दिए कि किशोरों को मीनू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाये। अन्त में उन्होंने किशोरों द्वारा की गयी बागवानी को देखा। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम व जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

थाने से कुछ दूर सड़क किनारे घंटो पड़ा रहा युवक, हुई मौत

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। ई-रिक्शे से नीचे उतरते ही युवक सड़क के किनारे गिर पड़ा। वह काफी देर तक वहीं पड़ा रहा। लोगों ने कोई ध्यान नहीं दिया। बाद में उसकी मौत हो गई।

घटना टड़ियावां थाने बाजार पुरवा की बताई जा रही है। टड़ियावां थाने के बाजार पुरवा मजरा अलीशाबाद निवासी 40 वर्षीय सत्येन्द्र उर्फ सरोज मंगलवार की सुबह घर से निकला था। उसकी पत्नी रामादेवी भी दवा लेने चली गई। दोपहर में ई-रिक्शा वहीं गांव के पास रुका। सत्येन्द्र नीचे उतरा और वहीं पर गिर पड़ा। पत्नी रामादेवी ने बताया कि जब वह दवाई लेकर लौटी तो उसने पति को पड़ा देखा। तब तक उसकी सांसें चल रहीं थी लेकिन जब अस्पताल ले जाया जाता, मौत हो गई।

शिक्षक ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। किराए के मकान में रह रहे शिक्षक ने वहीं पड़ोसी के घर में जाकर लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। बीच मोहल्ले में पिस्टल से गोली चली लेकिन किसी को उसकी आवाज तक नहीं सुनाई दी। पुलिस कई पहलुओं पर जांच-पड़ताल कर रही है। एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह वहां पहुंचे और इस बारे में पूछताछ करते हुए पुलिस को ज़रूरी दिशा-निर्देश दिए।

पिहानी कस्बे के भाटन टोला में श्याम रस्तोगी के घर पर लखनऊ के इटौंजा निवासी संदीप (32) पुत्र रामनाथ किराए पर रहता था। वह एक निजी स्कूल में पढ़ाता था। पड़ोस में अनीश शुक्ला उर्फ भूरे का मकान है। मंगलवार को अनीश बैंक गया था। घर में अकेले उसका छोटा बेटा था। क्योंकि पत्नी बड़े बेटे के दाखिले के लिए नोएडा गई हुई है। अनीश बैंक से घर आया तो देखा कि संदीप का शव घर में पड़ा है। वहीं पर उसकी लाइसेंसी पिस्टल भी पड़ी थी। सूचना मिलने पर एसएचओ पिहानी सुनील कुमार दुबे व कस्बा चौकी इंचार्ज राजीव कुमार ने वहां पहुंच कर पिस्टल को कब्ज़े में लिया। पुलिस को शुरुआती जांच में मामला सुसाइड का लग रहा है। देर शाम पुलिस परिजनों के आने का इंतजार कर रही थी।

घटनास्थल पर जानकारी जुटाती पुलिस।

जांच शुरू

- लखनऊ के इटौंजा निवासी युवक किराये पर रहकर प्राइवेट स्कूल में पढ़ाता था, लाइसेंसी पिस्टल से मारी गोली

जलसा सीरतुन्नबी — जलसा सीरतुन्नबी में आए उलेमाओं ने दीन के रास्ते पर चलने, नमाज़ का एहतराम करने और नमाज़ी बनने की दी नसीहत

हुजूर की सुन्नत के मुताबिक जिंदगी गुजारें मुसलमान : सिराजुद्दीन

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जलसा सीरतुन्नबी में आए उलेमाओं ने दीन के रास्ते पर चलने और हुज़ूर की सुन्नत के मुताबिक ज़िंदगी गुज़ारने,साथ ही नमाज़ का एहतराम करने और नमाज़ी बनने की नसीहत दी। सोमवार पिहानी की मस्जिद फ़ैज़-ए-अबरार के पास जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें मौलाना उस्मान गनी मजाहिरी इमाम ईदगाह ने खिताब करते हुए कहा कि रबीउल अव्वल का महीना है, इस महीने में आका मदनी इस दुनिया में तशरीफ लाए वे इंतिहा खुशी और मसर्रत का मौका है, लोग इस मौके पर खुशियां मनाते हैं। लेकिन यह भी खयाल रहना चाहिए कि इस माह में रसूले अकरम इस दुनिया से तशरीफ ले गए। अगर यह देखा जाए कि दो जहां के सरदार जिस महीने और तारीख में इस दुनिया से तशरीफ ले गए, इससे ज्यादा गम का दिन और महीना नहीं हो सकता।

कारी सिराजुद्दीन मोहतमिम मदरसा फ़ैज़-ए-अबरार ने कहा कि हर मोमिन को हुज़ूर-ए-अकरम की सुन्नतों पर अमल करना चाहिए। ताकि देखने वाले समझें कि हुज़ूर से सच्ची मोहब्बत करने वाले हैं। उन्होनें समझाते हुए कहा कि हुज़ूर जैसा चेहरा, हुज़ूर जैसी चाल-ढाल यानी कि सारी चीज़ें हुज़ूर की सुन्नत के मुताबिक हो। कारी सिराजुद्दीन ने नमाज़ की फज़ीलत बयान करते हुए कहा कि नमाज़ हर हाल में पढ़नी चाहिए, नमाज़ का एहतमाम करने वाले बनें, नमाज़ी बनेंगें तो घरों में बरकत होगी।

उन्होंने कहा कि सहाबा के ज़रिए कुरआन मिला सहाबा के ज़रिए ही दीन मिला। सहाबा-ए-कराम दीन की बुनियाद हैं, उन्होंने हुज़ूर ए अकरम से तरबियत हासिल की थी और उनके फज़ाएल कुरआन के अंदर बहुत सारी जगहों पर हैं कहा कि हर मुसलमान को उलेमा-ए-कराम से अपना राब्ता रखना चाहिए, ताकि गुमराहियों से बचा जा सके। तिलावते क़ुरान पाक से जलसे का आगाज़ हुआ। नाते पाक का नज़राना हैरत पिहानी, मोहम्मद साकिब व मोहम्मद आतिर ने पेश किया। जलसे की निज़ामत सुहैल फिरदौसी ने की और कारी सिराजुद्दीन की दुआ के साथ जलसे का समापन हुआ।

जलसे को संबोधित करते मौलाना।

नूरुल अस्फ़िया का मनाया गया उर्स अक़ीदत

शाहाबाद, अमृत विचार। नगर के मोहल्ला कटरा में दो रोज़ा उर्स नूरूल अस्फ़िया हज़रत ख़्वाजा नूर मोहम्मद इराक़ी (नूरी मियां) अक़ीदत से मनाया गया। जिसकी सरपरस्ती हज़रत सैय्यद अजीमुद्दीन हाजी जिलानी सज्जादा व जानशीन बड़ी दरगाह कुतुबे आलम बरैची शरीफ ने की। पहले दिन सुबह बैतून्नूर बरुआ बाजार से जुलूस ए चादर नूरी नगर पहुंच कर दरगाह नुरुल अस्फिया पर चादर पेश की गयीं। उसके बाद अपने निर्धारित वक्त 2:10 पर कुल शरीफ़ हुआ और तबर्रुक तकसीम हुआ और लंगर शाम तक चलता रहा। शाम को ऑल इंडिया मुशायरे का आगाज हुआ। मुशायरे में हिंदुस्तान के मशहूर व मारूफ शायर अलग-अलग जगह से आए। उन्होंने अपने बेहतरीन कलामों से लोगों के दिलों को मुनव्वर किया। दूसरे दिन दोपहर 12:20 पर गुस्ल सन्दल चादरपोशी व गुलपाशी और इत्र पेश किया गया। उसके बाद फैजाने नूरी किताब का रस्मे इजरा किया गया। 3:15 पर बड़ा कुल शरीफ हुआ। कुल में आए हुए तमाम लोगों ने मुल्क में अमन व शांति के लिए दुआएं की और तबर्रुक तकसीम किया गया।

एक नजर

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई के विरोध में किया प्रदर्शन

महमूदाबाद, सीतापुर : बढ़ रही महंगाई के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव ने तहसील पहुंचकर महमूदाबाद की उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला के द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंप कर महंगाई व अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में जिला महासचिव अयूब अहमद डंपी, मुन्ना दास तिवारी, एजाजुद्दीन, राजेश कुमार, दुर्गेश कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। उधर, अन्य स्थानों पर किसानों ने भी प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया है।

हज के लिए 30 तक कर सकते हैं आवेदन

सीतापुर : जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि हज आवेदकों की तिथि बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी गई है। उन्होंने बताया कि ऐसे इच्छुक हज आवेदक वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू.हजकमेटी.गर्व.इन पर ऑनलाइन हज आवेदन कर सकते हैं, जिनका भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट 30 सितम्बर 2024 को या उससे पूर्व जारी हुआ हो व उसकी वैधता कम से कम 15 जनवरी 2026 तक हो।

ई-श्रम कार्डधारकों को नाम बढ़ाने का मौका

सीतापुर : जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने समस्त ई-श्रम कार्डधारकों को सूचित किया है कि वर्तमान में माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश एवं शासन के निर्देशों के क्रम में उनके नए राशनकार्ड और परिवार में पूर्व प्रचलित राशनकार्ड में ई-श्रम कार्डधारकों के नाम जोड़कर उनको राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित किया जा रहा है, बशर्ते कि वे अपात्र न हों। अत: वे ई-श्रम कार्डधारक जो पात्रता के मानक को पूरा करते हों तथा अपात्रता के मानक जैसे परिवार में कोई भी सदस्य आयकर दाता न हों। वे अपना नया राशनकार्ड और परिवार में पूर्व प्रचलित राशनकार्ड में ई-श्रम कार्डधारकों के नाम जुड़वाने के लिए तहसील स्थित उप जिलाधिकारी कार्यालय एवं आपूर्ति कार्यालयों में अपना ऑनलाईन फार्म ई-श्रम कार्ड एवं आधार कार्डों की छाया प्रतियों सहित जमा कर दें।

पुलिस ने युवक को दौड़ाया, कुएं में गिरकर हुई मौत

मारपीट के मामले में आरोपी को युवक पकड़ने गई थी पुलिस, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता कुतुबनगर, सीतापुर

अमृत विचार: पिसावां थाना क्षेत्र के सतनापुर गांव में मारपीट के मामले में आरोपी युवक को पुलिस ने पकड़ने के लिए दौड़ाया। आरोप है कि अचानक पुलिस के भय के कारण युवक का संतुलन बिगड़ा और वह कुएं में जा गिरा। युवक के कुएं में गिरता देख पुलिसकर्मी उसे बचाने के बजाय वापस वहां से वापस निकल गए। जिससे युवक की कुएं में गिरकर मौत हो गई। वहीं युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया।

मौके पर पहुंचे महोली सीओ, फॉरेंसिक टीम व दमकल कर्मी। अमृत विचार

मामला पिसावां थाना क्षेत्र के सतनापुर गांव से जुड़ा हुआ है। सतनापुर निवासी छन्नी ने गांव के ही दीपू और उसके भाई राकेश के विरुद्ध मारपीट की तहरीर दी थी। पीड़ित पक्ष के मुताबिक, क्षेत्रीय चौकी कुतुबनगर के आरक्षी ताजेंदर और जयवीर सतनापुर गांव पहुंचकर आरोपी दीपू और उसके भाई राकेश को चौकी पर आने को कहा था। जब दीपू और उसका भाई कुतुबनगर चौकी पर नहीं पहुंचा। तो दोनों आरक्षी दोपहर बाद लगभग तीन बजे फिर से सतनापुर गांव पहुंचे। इस दौरान राकेश घर पर नहीं था। दीपू को देखते ही पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ने के लिए दौड़ाया। वहीं गांव की उत्तर दिशा में स्थित कुएं में अचानक अनियंत्रित होकर दीपू जा गिरा। कुएं में युवक को गिरता देख पुलिसकर्मी वहां से तुरंत वापस हो लिये।

वहीं घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह तोमर मय पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे। खबर लिखे जाने तक मृतक युवक को कुएं से बाहर नहीं निकलवाया जा सका था। उधर, सीओ महोली सहित आसपास थानों की पुलिस के अलावा दमकल की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने युवक की मौत के बाद पुलिस के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

> पुलिसकर्मियों पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। कोई भी पुलिसकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा था। फिलहाल घटना की सूचना के बाद सीओ महोली और आसपास थानों की पुलिस के अलावा दमकल टीम मौजूद हैं, मामले में जांच की जाएगी।
>
> -चक्रेश मिश्रा, एसपी, सीतापुर।

चोरी करते पकड़ा गया युवक, पिटाई

महमूदाबाद, सीतापुर: नगर में स्थित स्टेट बैंक के निकट साइकिल चुरा रहे एक व्यक्ति को वहां मौजूद लोगों के द्वारा पकड़कर धुनाई करते हुए सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को कोतवाली लाकर पूछताछ शुरू की।

नगर की चिकमंडी चौराहे से मां संकटा देवी धाम होकर अमीरगंज जाने वाले मार्ग पर स्थित स्टेट बैंक के निकट संदिग्ध व्यक्ति साइकिल चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया। मौजूद लोगों द्वारा युवक को पकड़कर धुनाई करते हुए मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस युवक को थाने ले आई। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम कोतवाली क्षेत्र के कलुवापुर निवासी प्यारेलाल पुत्र गुड्डू बताया है।

सरेराह छात्रा को अगवा करने का प्रयास

संवाददाता, इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

अमृत विचार: इमलिया सुल्तानपुर इलाके में विद्यालय से वापस घर जा रही एक छात्रा को एक बाइक सवार युवक द्वारा रास्ते में रोककर उसके मुंह पर रुमाल लगाकर उसे बेहोश कर अगवा करने का प्रयास किया। सरेराह हुई वारदात के दौरान मची चीख-पुकार के बीच आरोपी भागने में सफल रहे। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के सेवा श्रम इंटर कॉलेज में कक्षा दस की छात्रा विद्यालय से अपने घर वापस जा रही थी। आरोप है कि जब वह जगना मार्ग पर अपने गांव की तरफ मुड़ी, तभी पहले से ही घात लगाए एक बाइक सवार ने उसकी साइकिल को गिराकर उसे रोंक लिया और अपनी जेब से रुमाल निकाला और रुमाल में कुछ डालकर उसके मुंह पर डालकर बेहोश करने का प्रयास किया। लेकिन तभी छात्रा व उसकी दो सहेलियां तथा उसका छोटा भाई सभी शोर मचाने लगे। आवाज सुनकर आसपास के कुछ लोग वहां पहुंच गए। इतने में बाइक सवार मौके से फरार हो गया। छात्रा जब अपने घर पहुंची, तब परिजनों को आप बीती सुनाई। परिजनों ने छात्रा को अपने साथ ले जाकर चौकी पुलिस को घटना की सूचना दी।

वहीं प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर मित्रा का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, फिलहाल स्कूल के आसपास लोगों से पूछताछ की गई है। जल्द ही आरोपी का पता लगा लिया जाएगा।

दुस्साहस

- इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के एक कॉलेज में कक्षा दस की है छात्रा
- मुंह पर रुमाल लगाकर बेहोश करने की कोशिश, चीख पुकार के बीच आरोपी फरार

दवा लेने निकली किशोरी से छेड़छाड़ अगवा करने का प्रयास

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार : रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के एक गांव किशोरी के साथ छेड़छाड़ हुई। आरोप ये भी कि उसे अगवा करने का प्रयास किया गया। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए छानबीन शुरू की है। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के एक गांव वासी किशोरी के मुताबिक, पिता के स्वर्गवास के बाद घर में वो दादी के साथ रहती है। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे वो अपनी मां की दवा लेने निकली थी। आरोप है कि जगरूप पुरवा निवासी गामा सहित अन्य लोगों ने उसके साथ अश्लील हरकत की। विरोध करने पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। ऐसे में उसे मारा पीटा भी गया। पुलिस को वारदात के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया। प्रभारी निरीक्षक कृष्णानंदन तिवारी ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

रामलीला कार्यक्रम का खाका तैयार

लहरपुर, सीतापुर: हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वाधान में आयोजित होने वाले रामलीला कार्यक्रम को लेकर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष और आदर्श रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया कमेटी के लोगों के साथ अध्यक्ष के द्वारा बैठक भी की गई। बैठक में कार्यक्रमों को लेकर बिंदुवार चर्चा की गई।

आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वाधान में 7 सितंबर से आयोजित होने वाले रामलीला कार्यक्रम जो 16 सितंबर तक चलेगे जिसको लेकर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष, प्रमोद कुमार टंडन महामंत्री अखिलेंद्र यादव टीम के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार टंडन, महामंत्री अखिलेंद्र यादव, पंकज यादव, रिंकू यादव, उमेश मेहरोत्रा, निखिल मेहरोत्रा, रामानंद अवस्थी, अतुल शुक्ला, बलराम लोधी, कृष्णकांत मिश्रा, प्रेम प्रकाश पांडे अन्य लोग मौजूद रहे।

चोरी के माल सहित पकड़े गए पांच शातिर

संवाददाता सकरन, सीतापुर

अमृत विचार: पुलिस ने शातिर गिरोह को दबोचकर उनके पास से चोरी का माल और नकदी बरामद की। सकरन इलाके में हुई वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने पांच आरोपी गिरफ्तार किये हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार ने बताया कि बीते दिन सकरन थाना क्षेत्र के करेहका गांव में हरिनाम शुक्ला के घर चोरी हुई थी। इसी के अलावा कुछ अन्य मामले को लेकर सकरन पुलिस सक्रिय थी। ऐसे में सकरन पुलिस ने रेउसा थानाक्षेत्र गढ़ीपुरवा मजरा खानपुर निवासी रोहित चौहान, भूपेन्द्र चौहान उर्फ कान्हा, टापरपुरवा मजरा मानपुर निवासी देशराज पुत्र रमेश पासी, रामपाल उर्फ डब्डू पुत्र किशोरी, दीपक वर्मा पुत्र हरिशंकर वर्मा (सुनार) निवासी मोहल्ला ठाकुर टोला थाना तम्बौर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी से संबंधित 39 हजार रुपये की नकदी और गहनों के अलावा घटना में प्रयुक्त 2 मोटरसाइकिल और तमंचे बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ कई थानों में मामले दर्ज हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सर्च अभियान जारी है।

ऐलिया ब्लॉक स्थित अल्लीपुर-बण्डिया की झील में जमा जलकुंभी। अमृत विचार

- 39 हजार की नकदी और आभूषण क्षेत्रीय पुलिस ने किये बरामद

एसपी ने प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी के लगाए स्टार, सीतापुर, अमृत विचार: पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा पुलिस कार्यालय में नवागंतुक प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार को प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी गईं। सर्किल का चार्ज देने के बाद एसपी की ओर से जरूरी सूचनाएं भी क्षेत्राधिकारी के बीच साझा की गईं। वहीं कई और अधिकारियों उन्हें बधाई दी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.प्रवीन रंजन सिंह मौजूद रहे।

तीन क्षेत्राधिकारियों को मिली जिले में कमान

संवाददाता, सीतापुर

- एसपी ने बताया कि सभी सर्किल में नए क्षेत्राधिकारियों ने संभाला चार्ज

अमृत विचार: पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने तीन क्षेत्राधिकारियों को जिले के तीन सर्किल की कमान सौंपी है।

पुलिस अधीक्षक के आदेश के मुताबिक आलोक कुमार क्षेत्राधिकारी महोली बनाए गए हैं। मिश्रिख सर्किल का चार्ज दीपक कुमार सिंह को मिला है। डिप्टी एसपी कपूर कुमार सिधौली सीओ बनाए गए हैं। वहीं नई जिम्मेदारी दिए जाने को लेकर एसपी चक्रेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिए गए आदेश के बाद सभी सर्किल में नए क्षेत्राधिकारियों ने अपना-अपना चार्ज संभाल लिया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्राधिकारियों के चार्ज संभालने के बाद हमारा उद्देश्य आपराधिक घटनाओं में अंकुश लगाना है।

बलवा करने के पांच आरोपी सहित 11 लोगों को जेल

पुलिस की गिरफ्त में बलवा करने के आरोपी।

संवाददाता, सीतापुर

- सात थाना क्षेत्रों में पुलिस ने चलाया वांछितों के विरुद्ध अभियान

अमृत विचार: कमलापुर में निर्माण कार्य के दौरान बलवा करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार किये गए। सात थाना क्षेत्रों में वांछितों के विरुद्ध चले अभियान में 11 आरोपी जेल भेजे गए हैं।

कमलापुर के पताराकलां में इंटरलाकिंग के दौरान दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट के दौरान लाठी-डण्डे और ईंट-पत्थर चले। जिसमें दोनों पक्षों से कुल छह लोग घायल हो गए। बढ़ते बवाल के बीच पुलिस ने केस दर्ज करते हुए नामजद आरोपी पवन यादव, सुन्दर, राधे यादव, दीनबधु और नफीस को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वांछितों की धरपकड़ में शिवथाना निवासी मिश्रीलाल को गिरफ्तार किया गया। मछरेहटा से चन्द्रशेखर उर्फ अभिषेक की गिरफ्तारी हुई। लहरपुर से तंबौर थाना क्षेत्र के भाड़न बाग निवासी जगदंबा उर्फ हुर्रा को जेल भेजा गया। कोतवाली नगर से पाक्सो एक्ट के वांछित स्वतंत्र वर्मा और नैमिषारण्य से लोहारडीह निवासी सुरेंद्र की गिरफ्तारी हुई।

हाईवे पर हादसा, राहगीर की मौत

सीतापुर, अमृत विचार: लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर राहगीर वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा महोली कोतवाली क्षेत्र के उरदौली गांव के करीब हुआ। महोली इलाके के डिघरा गांव का विद्याधर उरदौली से पैदल अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात चौपहिया वाहन की चपेट में आ गया। अनियंत्रित वाहन की तेज ठोकर से राहगीर ने दम तोड़ दिया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेजा है। साथ ही पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी की।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मैं **गुलफिशा पत्नी नफीस अहमद, निवासिनी-सी-137, अबरार नगर, कल्याणपुर, लखनऊ,** मेरी पुत्री इरम पब्लिक स्कूल की छात्रा है। स्कूल के अभिलेखों में पुत्री का नाम इकरा अंकित है। यह कि मेरी पुत्री इकरा सिद्दीकी की नाम से जानी जाती है। अत: मेरी पुत्री का नाम स्कूल के अभिलेखों में इकरा के स्थान पर इकरा सिद्दीकी अंकित किया जाय।

सूचना

मैं अपने पुत्र अनुप कुमार गुप्ता (टुनटुन) के अनैतिक कृत्यों के चलते समस्त चल अचल सम्पति व सम्बन्धों से बेदखल करती हूँ। **मालती देवी पत्नी स्व0 राम सूरत गुप्ता निवासी- मीरापुर डेराबीबी, अयोध्या, यूपी**

सूचना

पहले मेरा नाम MOHAMMAD AZAD था जो मैंने बदलकर MOHD AZAD रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। **- मो0 आजाद, कोतवाली नगर, इमामबाड़ा, गोण्डा**

सूचना

मेरा यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2018 का अंकपत्र रोल नंबर 1314945 तथा इंटर मीडिएट परीक्षा वर्ष 2020 का अंकपत्र रोल नंबर 0880488 वास्तव में कहीं खो गए हैं। काफी खोज करने पर भी नहीं मिल सके हैं। **अंकित कुमार पुत्र राम जीवन निवासी ग्राम व पोस्ट- हरई पुर थाना - बेहटा मुजावर, परगना व तहसील - बांगरमऊ, जिला - उन्नाव**

NOTICE

I declare that I have passed ICSE (Class 10) in 2022 with my UID No. 7696230 and Index No. 1223834/158 and ISC (Class 12) in 2024 with UID No. 7696230 and Index No. 2241745/091 from Jesus & Mary School and college Balrampur and the correct name of my father is Anil Kumar and the correct name of my mother is Anita. Praveen Kumar Singh S/O Anil Kumar R/O Mohalla Pahlwara, Balrampur-271201 (U.P.), Mob#9450957151.

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम Khusbuddeen था जो मैंने बदलकर Khusbuddeen Khan रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।-S/o Mohammad Saleem, Address - Vill- Khaira Hasan, Post- Turahni Rajjab, Bahraich

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट नम्बर U1107146 मे मेरा नाम Mohammad Taiyab अंकित हो गया है जो कि गलत है मेरे आधार कार्ड व मार्कशीट में मेरा नाम Mohd Taiyab पुत्र Samiurrahman जो सही है **ग्राम बौडिहार सुखुईया, उत्तरौला, बलरामपुर उ0प्र0 271604**

सूचना

मेरे पासपोर्ट No- J3313452 में पहले मेरा नाम MOHAMMAD NAIM व जन्मतिथि 01/01/1976 दर्ज है सही नाम MO. NAEEM व जन्मतिथि 01/01/1983 है, भविष्य में मुझे इसी नाम व जन्मतिथि से जाना व पहचाना जाए-ADD S/o Mohammad Ajeem, Kazi Pur-2, Fatehpur, Barabanki, Uttar Pradesh-225305

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल निवासी ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज जनपद जौनपुर ही लेकिन मेरे अभिलेख में मेरा नाम त्रुटि बस ऋतिक जायसवाल हो गया है जो सही नहीं है। मेरा नाम सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल ही जाना एवं समझा जाए। **- सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल, निवासी- ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज, जनपद जौनपुर**

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये - आयुर्वेद अपनायें

VACHAK **वाचक आयुर्वेद®**

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें -
7080239313
7570060266

आलमबाग
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

एक नजर

शैलजा बनीं सेक्सुअल हरेसमेंट ऑफ वूमेन कमेटी की सदस्य

हरगांव, सीतापुर : सेक्सुअल हरेसमेंट ऑफ वूमेन कमेटी की मेंबर शैलजा शुक्ला को बनाया गया है। जिला जज मनोज कुमार, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल के साथ कमेटी का गठन किया गया। इसमें तीन अन्य सदस्यों के साथ हरगांव के शिक्षक रामनरेश शुक्ला की पुत्री शैलजा शुक्ला को भी नामित किया गया। मनोनयन पर नगर पंचायत हरगांव अध्यक्ष गफ्फार खान, अनूप रस्तोगी, विपिन बिहारी शुक्ला, सजंय सिंह तोमर आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

सरयू नहर शाखा पर पुल निर्माण कराने की मांग

गोंडा : ब्लॉक रुपईडीह की ग्राम पंचायत भटपी के रखौना पुरवा गांव के निकट सरयू नहर की शाखा पर पुल का निर्माण कराए जाने की माँग प्रधान काली प्रसाद शुक्ल ने सरयू नहर की शाखा खंड तीन के अधिशासी अभियंता से की है। उन्होंने बताया कि उक्त नहर पर पुल का निर्माण न होने से अधिकांश ग्राम वासियों को अपने खेतों तक गमनागमन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

कोचिंग गई छात्रा लापता अपहरण का केस दर्ज

मनकापुर, गोंडा : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि उसकी 20 वर्षीय बहन बीते शुक्रवार को सुबह नौ बजे घर से मनकापुर बाजार कोचिंग पढ़ने गई थी। देर शाम तक घर वापस न आने पर उसकी चार दिनों तक काफी खोजबीन करता रहा। कहीं से उसका पता नहीं चल सका है। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि अज्ञात युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश की जा रही है।

उधार दिया पैसे मांगा तो की मारपीट

बभनान, गोंडा : छपिया थाना क्षेत्र के मूड़ाडीहा निवासी रामधनी ने छपिया पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि 31 दिसम्बर 2022 को फोन पे के माध्यम से राम गोपाल पुत्र स्व0 सन्तराम निवासी मूढाड़ीहा थाना छपिया ने बीस हजार रुपया उधार लिया था। जब राम गोपाल से अपना पैसा वापस मांगा तो आना कानी करके भद्दी-भद्दी गाली गलौज देते हुए मारपीट पर उतारू हो गया।

शातिरों के निशाने पर आए सीमाओं से जुड़े इलाके

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

फॉलोअप

- लूट की वारदात को चोरी में किया गया दर्ज, 24 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ
- बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों में बदमाशों की वारदातों का सिलसिला कायम

अमृत विचार: जिले के बाढ़ और कटान प्रभावित इलाकों में शातिर अपनी पनाह बना रहे हैं। रामपुर मथुरा, सदरपुर, महमूदाबाद और थानगांव इलाके में हुईं सिलसिलेवार आपराधिक वारदातें इस बात का प्रमाण हैं। 24 घंटे के दौरान रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के रघुवापुर गांव में हुई लूट की वारदात में पुलिस अब तक किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है। लूट की वारदात को पुलिस ने चोरी के मामला मानकर केस दर्ज किया है।

रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के रघुवापुर में बैंक मित्र अनुज तिवारी के घर बदमाशों ने मारपीट कर लूटपाट की। घर से डेढ़ लाख की नकदी और लाखों के गहने लूटकर फरार हो गए। रामपुर मथुरा थाने में घंटों चले मंथन के बाद चोरी की धाराओं में रपट दर्ज की गई। फिलहाल पुलिस छानबीन के बावजूद किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है।

वहीं सीओ महमूदाबाद दिनेश शुक्ला का कहना है कि गठित की गईं टीमें अपना कार्य कर रही हैं, प्रयास जारी है। जल्द ही चोरी की घटना कर लिया जाएगा।

इसी इलाके में डकैती के बाद हुई थी हत्या: 14 जून वर्ष 2016 में बहादुरगंज चौकी क्षेत्र के छेदूपुरवा गांव में 12 बदमाशों ने जर्नादन सिंह के घर डाका डाला था। विरोध करने पर जनार्दन सिंह की हथगोला मारकर हत्या कर दी गई। वारदात में पत्नी आरती देवी और पुत्र आकाश जख्मी हुए थे।

डेढ़ किमी को तय करने में लगे पौन घंटा

रघुवापुर गांव से बहादुरगंज चौकी की दूरी महज डेढ़ किमी है। बैंक मित्र और गृहस्वामी अनुज तिवारी के मुताबिक, वारदात के बाद चाचा ने चौकी पुलिस को सूचना दे दी थी। पुलिस के पहुंचने में करीब पौन घंटे का समय लगा। पीड़ित पक्ष की मानें तो पुलिस पिकेट गांव मुख्य मार्ग से गुजरती है। गांव के भीतर आना कम ही होता है।

फिर दिखा जंगली जानवर, लोगों में दहशत

संवाददाता इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

- ग्रामीणों को गांव के बाहर मिले जंगली जानवर के पगचिह्न
- काजी कमालपुर-कमोलिया गांव में वन विभाग ने की कॉम्बिंग

अमृत विचार: ऐलिया ब्लॉक क्षेत्र के काजीकमालपुर- कमोलिया गांव के बीच खेतों में काम कर रहे लोगों में जंगली जानवर देखे जाने के बाद से दहशत का माहौल है। गांव के लोगों ने आशंका जताई है कि खेतों में दिखाई देने वाला जानवर भेड़िया ही था। साथ ही लोगों ने गांव के बाहर जंगली जानवर देखे जाने के बाद वन विभाग को सूचना दी। उनकी जानकारी पर फिलहाल इलाके में वन विभाग की टीम ने कॉबिंग कर रही है।

गांव के बाहर मिले पगचिह्न। अमृत विचार

इन दिनों क्षेत्र में जंगली जानवर की लगातार मौजूदगी लोगों को दहशत में रहने को मजबूर कर रही है। मंगलवार को ऐलिया ब्लॉक के अंतर्गत काजीकमालपुर-कमोलिया के बीच खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों को जंगली जानवर दिखाई पड़ा। शोरगुल के बीच इकट्ठा ग्रामीणों ने जंगली जानवर का पीछा किया तो वे ओझिल हो गया। लोगों ने गांव के बाहर वन विभाग को जानवर की पगचिह्न मिलने की बात बताई है। वहीं वन दरोगा गुरु नारायण ने बताया कि इलाके में कॉबिंग कराई जा रही है।

नैमिष कॉरिडोर निर्माण कार्य में लाएं तेजी

जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य इलाके में विकास कार्यों का किया निरीक्षण, अधीनस्थों को दिए निर्देश

संवाददाता नैमिषारण्य, सीतापुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी ने मंगलवार की दोपहर को विश्व विख्यात तीर्थ नैमिषारण्य का निरीक्षण किया। नैमिष कॉरिडोर के विकास कार्यों का जायजा लेकर उन्होंने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में अधीनस्थों के साथ समीक्षा बैठक की और निर्माण व विकास कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधीनस्थों को नैमिषारण्य कॉरिडोर निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानीय दुकानदारों एवं पुरोहितों ने उनके मकान एवं दुकान आदि न तोड़े जाने को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने नैमिषारण्य में राही पर्यटक आवास गृह के पास से बन रहे बाईपास का निरीक्षण किया। पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदारों से सड़क के विकास कार्यों की जानकारी ली, साथ ही रास्ते में पड़ने वाले घरों के बारे में भी जानकारी भी ली। इसी दौरान रास्ते में स्थानीय लोगों व दुकानदारों ने डीएम से मिलकर उन्हें अपनी समस्याएं बताईं। उन्होंने जिलाधिकारी से घर न तोड़े जाने को लेकर आग्रह किया और उन्हें ज्ञापन सौंपा। डीएम ने उनको आश्वासन देकर विकास कार्यों का हवाला दिया। परेशाना लोगों को मुआवजा देने का आश्वासन भी जिलाधिकारी की ओर से दिया गया।

- लोगों व दुकानदारों ने घर न तोड़े जाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

नैमिषारण्य में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद। अमृत विचार

चक्रतीर्थ पर बन रहे निर्माणाधीन एंट्रेंस प्लाजा मुख्य द्वार का निरीक्षण करते हुए उन्होंने चक्रतीर्थ के पास बनते हुए 500 बेड वाले डॉरमेट्री हॉल का भी हाल जाना। जिलाधिकारी ने एक-एक कर हनुमत प्लाजा, पार्किंग एवं अन्य विकास कार्यों का अवलोकन किया एवं पुनः लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उपनिदेशक पर्यटन डॉ. कल्याण सिंह, एसडीएम पंकज सक्सेना, पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों के अलावा पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

जांच टीम को मिले साक्ष्य, हुआ था गबन

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार : पौन करोड़ के मनरेगा घोटाले में जिलाधिकारी द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई थी। इसमें एपीओ, तकनीक सहायक और चार रोजगार सेवकों की सेवाएं समाप्त की गईं थीं। इसी क्रम में इसी ब्लॉक में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी रविकांत शुक्ला को जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति ने मनरेगा धनराशि गबन के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। सचिव रविकांत शुक्ला के विरुद्ध रजपारापुर ग्राम पंचायत में अमर शहीद भगत सिंह अमृत सरोवर निर्माण कार्य में गड़बड़ी करने का आरोप लगा था। शिकायत की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई गई थी। जांच टीम की ओर से दी गई रिपोर्ट में मामला सही पाया गया। जांच रिपोर्ट के अनुसार 14 लाख 59 हजार का गबन होना पाया गया।

शिक्षक बोला-कमरे पर चलो वरना फेल कर दूंगा

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

- महमूदाबाद कस्बे का मामला भीड़ ने की शिक्षक की पिटाई

अमृत विचार: शिक्षक और शिष्य के बीच रिश्तों को शर्मसार करने वाली वारदात महमूदाबाद कस्बे में समाने आई है। आशुतोष बृज मोहन लाल मेमोरियल इण्टर कॉलेज श्यामदासपुर में पढ़ाने वाले शिक्षक पर आरोप है कि उसने कक्षा छह की छात्रा को फेल करने की धमकी देकर अपने कमरे में बुलाया। परिवार के लोगों को शंका हुई, तो राजफाश हुआ। भीड़ ने पिटाई कर छात्रा को बंधन मुक्त कराया। बढ़ते हंगामें के बीच पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

महमूदाबाद कस्बे के एक मोहल्ला की 11 वर्षीय बालिका के पिता के मुताबिक, उसकी पुत्री कस्बे के आशुतोष बृज मोहन लाल मेमोरियल इण्टर कॉलेज श्यामदासपुर में कक्षा 6 की छात्रा है। रोज की तरह वो अपने घर से विद्यालय जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान महमूदाबाद कस्बे के बन्नी में किराये के मकान में रहने वाले शिक्षक संजय गुप्ता पुत्र गुरुशरन लाल गुप्ता ने साइकिल सवार छात्रा को रोक लिया। आरोप है कि उसने कहा कि पहले कमरे पर चलो, वरना तुम्हे फेल कर देंगे, क्लास में मारने की धमकी भी दी। डरकर छात्रा कमरे में चली गई। फिर उसने दरवाजा बंद कर लिया। विद्यालय में छात्रा नहीं पहुंची तो परिवार के लोग ढूंढते हुए शिक्षक के कमरे पर गए। फिर दरवाजा तोड़कर छात्रा को मुक्त कराया गया। इस दौरान भीड़ ने शिक्षक की जमकर पिटाई भी की। वारदात के बाद पीड़ित पक्ष की ओर दी जाने वाली तहरीर को बदलाए जाने की बात भी सामने आई है।

वहीं इस मामले में एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से दी तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया जा रहा है। मामले में हर बिन्दु पर जांच की जाएगी।

शिविर में पति और पत्नियों ने किया दो शरीर एक प्राण का ध्यान

संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार : अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन और प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के संयोजन में रविवार को शहर के डॉ. हेडगेवार भवन में दंपति शिविर का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे दंपत्तियों (पति-पत्नियों के जोड़ों) को दांपत्य जीवन व परिवार निर्माण के संबंध में युगऋषि प्रणीत सूत्रों के साथ मार्गदर्शन किया। दंपत्ति शिविर में गायत्री परिवार टोली द्वारा सभी प्रतिभागी दंपत्तियों से पति और पत्नी की अलग-अलग विवाह प्रतिज्ञाएं दोहरवाई गईं। सभी पति-पत्नियों ने परस्पर पुष्पोपहार आदि देकर आपस में प्रेम, सौजन्य और सहकार बनाए रखने का आश्वासन दिया और एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर दो शरीर एक प्राण का ध्यान भी किया। इस दौरान प्रांतीय प्रतिनिधि जय प्रकाश वर्मा, सियाराम जायसवाल, जगराम बाबू, अयोध्या जोन सह समन्वयक मनीराम वर्मा, संघ के विभाग कार्यवाहक के प्रजापति, ट्रस्टी गंगासागर वर्मा, मिशन के कार्यकर्ता काशीराम वर्मा, अवधेश वर्मा, रमाकांत अवस्थी रहे।

हादसे में घायल केमिस्ट की मौत

संवाददाता हरगांव, सीतापुर: अवध शुगर मिल हरगांव में विगत 9 वर्षों से केमिस्ट के पद पर कार्यरत रजनीश शर्मा 32 वर्ष पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम जीवना तहसील बुढाना मुजफ्फरनगर का दुखद निधन हो गया। रजनीश शुक्रवार सुबह सीतापुर से बाइक से वापस हरगांव आ रहे थे, तभी सेक्रेट हार्ट मैनेजमेंट कालेज के सामने अचानक कुत्ते के आने से अनियंत्रित होकर गिर गए, जिससे उन्हें सिर में गंभीर चोटें आईं थीं। जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल से लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पर इलाज के दौरान उनकी सोमवार शाम चार बजे मृत्यु हो गई।

सार-संक्षेप

सशक्तिकरण, शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राएं। अमृत विचार

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : जिले के विद्यालयों में मीना जन्म दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं द्वारा विविध आयोजन किये गए। जूनियर हाईस्कूल डिंगुरापुर में मीना जन्मदिवस को उत्सव के रूप में मनाया गया। सुगम कर्ता नाहिदा अंसारी के नेतृत्व में मीना मंच के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर बालिका सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, और नेतृत्व क्षमता के विकास आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। पावर एंजिल्स आमरीन बानो ने केक काटा तथा मीना की कहानियों पर आधारित रोल प्ले कर के अपनी प्रस्तुति दी। मीना मंच के कला जत्था द्वारा मीना की तीन इच्छाएं, आम का बंटवारा, मुर्गियों की गिनती आदि कहानी का रोल प्ले किया। कार्यक्रम में छात्रों और अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। केआरपी अनवर अली तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुशीर अहमद ने छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक मुशीर अहमद सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।

लॉ के छात्रों को दी जरूरी जानकारी

संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार : अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा महावीर लॉ कॉलेज में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के सन्दर्भ में छात्र और छात्राओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रशासक हरिनाम सिंहद्वारा अपने विद्यालय के बारें में विस्तार से जानकारी दी गयी। विमल मोहन मिश्रा मध्यस्थ अधिवक्ता द्वारा छात्र और छात्राओं को बाल सेवा योजना के बारे में जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कैसे गरीब व असहाय व्यक्तियों की सहायता की जाती है। इस पर भी प्रकाश डाला, प्री-लिटिगेशन के बारें में भी जानकारी दी गयी। इस दौरान प्रिया मिश्रा, सिविल जज (जू.डि.), अक्षी गिल, सिविल जज (जू.डि.) आकांक्षा पिपिल, सिविल जज (जू.डि.), अंजू यादव, सिविल जज (जू.डि.) तथा मनुज कृष्ण मिश्रा, सिविल जज(जू.डि) द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। विद्यालय प्रशासन की ओर से विवेक अग्रवाल सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

जज को स्मृति चिन्ह देते कॉलेज प्रबंधक।

वैज्ञानिकों ने सिखाई श्रीअन्न उत्पादन की तकनीकी

बैठक में किसानों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार : जनपद के कृषक उत्पादक संगठनों व उनसे जुड़े किसानों को श्री अन्न (मिलेट्स) उत्पादन तकनीकी के संबन्ध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि भवन खैराबाद के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया के कृषि वैज्ञानिक डॉ. योगेंद्र द्वारा किसानों को श्रीअन्न की खेती तथा इसकी उपयोगिता के विषय में प्रशिक्षित किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र अंबरपुर की वैज्ञानिक डॉ. ऋचा सिंह द्वारा उपस्थित प्रशिक्षु एफपीओ और किसानों को श्री अन्नों के विभिन्न प्रसंस्कृत उत्पादों की जानकारी उपलब्ध कराई। उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि श्री अन्नों जैसे ज्वार, बाजरा, सांवा, कोदों, काकुन आदि की खेती किसानों को समृद्ध बना सकती है। उन्होंने बताया कि श्रीअन्नों के पोषण गुणों के कारण पूरी दुनिया में श्रीअन्नों की मांग बढ़ी है।

कहीं मिलीं खामियां, तो कहीं व्यवस्थाएं दुरुस्त

संवाददाता, इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

अमृत विचार: ऐलिया ब्लॉक स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण करने जा रही सीडीओ ने रास्ते का हाल देखकर नाराजगी जताई गई।

सीडीओ निधि बंसल ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय कचनार का निरीक्षण किया। प्रधानाध्यापिका से विद्यालय में लगे पंखे और प्रकाश की व्यवस्था का हाल जाना तो प्रधानाध्यापिका उत्तर न दे सकीं। ऐसे में उनको फटकार का सामना करना पड़ा। इसके बाद सीडीओ कस्तूरबा गांधी विद्यालय पहुंची। जहां पर विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए सीडीओ, बीएसए, बीडीओ को तिलक कर उनका स्वागत किया। सीडीओ ने विद्यालय के रजिस्टर सहित अन्य दस्तावेजों की भी जांच-पड़ताल की। भवनों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह, बीडीओ शैलेंद्र कुमार सिंह, खण्ड शिक्षाधिकारी ऐलिया नरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। बाद में सीडीओ नरवाहनपुर स्थाई गौशाला पहुंचीं, अमृत वाटिका का भी निरीक्षण किया। अमृत वाटिका में जिम सेट लगवाने का निर्देश दिया। ताकि युवाओं को फिटनेट के लिए ग्राम पंचायत में ही जिम सेट की सुविधा मिल सके।

विद्यालय का निरीक्षण करतीं सीडीओ। अमृत विचार

- सीडीओ ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

मुख्य स्थानों पर बजेगी रामधुन, होंगे विविध आयोजन, सीतापुर: मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 2 अक्टूबर को गांधी एवं शास्त्री जयन्ती समारोह के अवसर पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के निर्धारण संबंधी बैठक सम्पन्न हुयी। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 2 अक्टूबर को गांधी एवं शास्त्री जयन्ती समारोह परंपरागत ढंग से मनाया जायेगा।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गये हैं, वो पूर्ण निष्ठा के साथ उसका निर्वहन करें। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि जनपद की सभी मूर्तियों पर परम्परागत रूप से माल्यार्पण कराया जाये। उन्होंने मुख्य चौराहों की साफ-सफाई, चूना छिड़काव, सजावट एवं रामधुन बजाये जाने के लिए निर्देश दिए।। बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा नंद तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी अमन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चन्द्र साहू आदि रहे।

किट वितरण में लेखपाल के जड़े थप्पड़, केस दर्ज

भदफर, सीतापुर। भदफर में बाढ़ राहत किट मुसीबत बनकर आई, वितरण के दौरान ग्रामीणों और प्रशासनिक कर्मी के बीच रार इतनी बढ़ी कि हंगामा कट गया। लेखपाल ने ग्रामीणों पर थप्पड़ मारकर गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए लहरपुर कोतवाली में केस दर्ज कराया है।

लहरपुर तहसील क्षेत्र में बड़ी संख्या में आबादी बाढ़ प्रभावित है। ऐसे में प्रशासनिक अमला लगातार राहत वितरण का कार्य कर रहा है। ग्राम भदफर में दंडपुरवा पेट्रोलपंप के निकट बाढ़ राहत किट वितरण का आयोजन हुआ। यहां लेखपाल शिष्य कुमार अपने सहयोगियों की मदद से बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों में राहत किट वितरण का कार्य कर रहे थे। लेखपाल के मुताबिक, इसी बीच ग्राम मझरी करिंदा निवासी दिनेश प्रताप यादव व उनके पुत्र अंकज कुमार ने हंगामा शुरू कर दिया। बढ़ते हंगामें के बीच लेखपाल के थप्पड़ जड़ दिये गए। मारपीट के साथ गाली-गलौज करते हुए सरकारी कार्य में बाधा भी पहुंचाई गई।

बिसवां में अभिनेता राजकुमार राव ने स्टंट के दिए शॉट

फिल्म की शूटिंग के दौरान स्टंट करते राजकुमार राव। अमृत विचार

संवाददाता बिसवां, सीतापुर

- सेक्सरिया चीनी मिल में हुई फिल्म-मालिक की शूटिंग

अमृत विचार: फिल्मी दुनिया में सीतापुर की धमक लगातार बढ़ रही है। फिल्म निर्माता और निर्देशक जावेद अख्तर की सरजमीं सीतापुर में फिल्म मालिक की दूसरे दिन भी शूटिंग हुई। बिसवां स्थित सेक्सरिया चीनी मिल में फिल्म निर्देशक पुलकित द्वारा रचित फिल्म मालिक का फिल्मांकन हुआ। फिल्म अभिनेता राजकुमार राव से जुड़े कई स्टंट भी हुए।

फिल्म की शूटिंग के दौरान गैंगस्टर के रूप में राजकुमार राव ने कई दृश्य भी दिए। फिल्म की शूटिंग मजदूरों के बीच की है। पटकथा में खनन के नाम मजदूरों का योगदान होने के बाद मजदूरों की क्या दशा होती है, इस पर फिल्म दर्शायी गईses है। बताते हैं कि अगला फिल्मांकन बख्शी तालाब स्थित मां चन्द्रिका देवी मंदिर में होगा।

बदहाली लाखों क्यूसिक पानी छोड़े जाने से बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों के पशुओं को नहीं मिल पा रहा पर्याप्त हरा चारा

हरे चारे की कमी के साथ बढ़ गई पशुओं में गंभीर बीमारियां

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर

अमृत विचार: बैराजों से पिछले दिनों छोड़े गए लाखों क्यूसिक पानी से 8 ग्राम पंचायत में लोगों के साथ पशु भी प्रभावित हो रहे हैं। समुचित भोजन में भूसे के अलावा हरे चारे की खास समस्या आन खड़ी है। इसके साथ ग्रामीणों के पालतु पशु गंभीर बीमारी के चपेट में आ रहे हैं।

रामपुर मथुरा ब्लॉक क्षेत्र की 8 ग्राम पंचायतों की 40 हजार से कुछ अधिक आबादी सरयू में आई बाढ़ और कटान का सामना कर रही है। बड़ी संख्या में लोग तटबंध और सुरक्षित स्थानों पर है। कारण, गांव में खेती योग्य भूमि के अलावा मकान भी जलमग्न हो गए हैं। इनके साथ पशुओं को खास समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अंगरौरा निवासी बिंद्रा ने बताया कि पानी भर जाने के कारण घास सूख गई है, इससे पशुओं को सूखे भूसे पर ही भरण पोषण करना पड़ रहा है। राधेलाल का कहना है कि परिवार के पेट के साथ पशुओं के चारे की बड़ी समस्या है। जानवरों से हमें दूध नहीं मिल पा रहा। ऐसे में दूध बेचकर चार पैसे की आमदनी भी खत्म हो गई है। शुकुल पुरवा के कुन्ना पुरवा निवासी शाहिद ने बताया कि चारों तरफ से पानी आ जाने के कारण अन्य गांव से संपर्क कट सा गया। दो नदी उतरकर यहां आना पड़ता है, यहां पर जानवरों को ज्यादातर बाढ़ से भीगे हुए भूसे को ऊंचे स्थान पर सुखाकर खिलाना पड़ता है। कोई सहायता, टीकाकरण या भूसा नहीं दिया गया।

बिंद्रा।

हरिलाल।

राधेलाल।

शाहिद।

वहीं सुंदर पुरवा के अशोक ने बताया कि पशुओं को हरे चारे के नाम पर कुछ भी नहीं बचा। ऐसे में पशुओं को सूखे भूसे पर ही निर्भर रहना पड़ता है। अंगरौरा के हरिलाल उर्फ हरिप्रसाद निवासी ने बताया कि पशुओं के टीका नहीं लगे हैं। जब लगाने आए थे। कई जानवर बाढ़ की चपेट में आकर बीमारी के चलते दम तोड़ चुके हैं।

खेत में भरे पानी के बीच सड़ रही घास। अमृत विचार

नाम का पशु चिकित्सालय सुविधाएं नदारद: रामपुर मथुरा ब्लॉक क्षेत्र में के पशु चिकित्सालय में सुविधाओं का अभाव है। शौचालय ही नहीं भवन भी खासे खस्ताहाल हैं। शौचालय की सुविधा नहीं है। इन दिनों चिकित्सालय में छत से पानी टपकता देखा जा सकता है। छत की सरिया दिखाई दे रही है। हादसा होने की संभावना है।

> इन दिनों एलएसडी (लंपी) बीमारी बढ़ गई है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में गला घोंटू बीमारियों का बड़ी संख्या में पशुओं को सामना करना पड़ा है। इसके लिए बंधों और गौशालाओं में टीकाकरण किया जा रहा है। करीब 2300 पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। 25 हजार पशुओं का टीकाकरण गला घोंटू बीमारी के लिए हो चुका है।
>
> -डॉ. राकेश मलिक, पशु चिकित्सा अधिकारी।

एक नजर

26 सितंबर को होगी समिति की बैठक

बाराबंकी, अमृत विचार : न्याय पंचायत शिवनाम में नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन के लिए बीते बीस सितम्बर को पंचायत भवन पैकौली ब्लॉक त्रिवेदीगंज में पहली बैठक हो चुकी है। दूसरी बैठक 26 सितंबर को होगी। जिसमें सभी ग्रामवासी जन प्रतिनिधि ग्राम प्रधान व अधिकारी आमंत्रित किए गए हैं। प्रस्तावित समिति के मुख्य प्रवर्तक रामबिलास ने जानकारी दी।

मांगें पूरी न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

सूरतगंज, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने 11 सूत्री मांगों को लेकर तहसील महासचिव अभिषेक बाजपेई और ब्लॉक अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने खंड विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। वहीं छह दिनों का समय देकर सभी समस्या का समाधान न होने पर विशाल आंदोलन किए जाने की बात कहीं है। ब्लॉक महामंत्री सूरतगंज बाबूराम वर्मा, युवा ब्लॉक अध्यक्ष बबलू वर्मा, ब्लॉक संगठन मंत्री पप्पू यादव, महिला ग्राम अध्यक्ष रामप्यारी, महिला ग्राम अध्यक्ष मीना देवी आदि उपस्थित रहे।

वन विभाग की टीम ने सीज की ट्रैक्टर-ट्रॉली

देवा, अमृत विचार : आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध रूप से एचडीडी ड्रिलिंग खनन कर रही एक ट्रैक्टर ट्रॉली वन विभाग की टीम ने सीज़ किया है और तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वन क्षेत्राधिकारी देवा मयंक सिंह ने बताया कि देवा रेंज के टीपहर गांव में स्थित वन विभाग की जमीन पर खनन कर रही टैक्टर ट्राली को सीज किया गया है और विजय कटारिया प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड , हरीश वर्मा पुत्र नेपाल सिंह ग्राम भुंडिया पो . तालगांव थाना फतेहपुर और विजय वर्मा पुत्र गरीबे वर्मा निवासी ग्राम बुढ़नापुर थाना मोहम्मदपुर खाला के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस पंजीकृत किया गया है। इस कार्यवाही में सुनील कुमार चौहान वन दरोगा, राजेश कुमार वर्मा बीट प्रभारी व वनकर्मी कमलेश कुमार, सतीश कुमार, जितेंद्र सिंह शामिल रहे।

पुलिस ने बरामद की दस लीटर कच्ची शराब

बाराबंकी, अमृत विचार : थाना कोठी पुलिस टीम ने अभियुक्त राजकुमार पुत्र स्व शिवराम निवासी ग्राम घोलियाबाग, मजरे अचकामऊ थाना कोठी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। थाना कोठी पर आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

राजकीय इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

पंडित जी की प्रतिमा को नमन करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

सीएम को श्रीराम लला की मूर्ति भेंट करते जिलाध्यक्ष।

बाराबंकी सौभाग्यशाली, एक ओर राजधानी व दूसरी ओर अयोध्याधाम

स्टेट कैपिटल विजन का मजबूत जिला बना बाराबंकी, महादेवा कॉरिडोर तो हॉकी में इंडिया को पहचान दिलाने वाले बाबू केडी सिंह की कोठी बनेगी स्मारक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाराबंकी इस स्टेट का कैपिटल विजन का मजबूत जनपद बन चुका है। विकास कार्य अब सिर्फ लखनऊ तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि उसका बराबरी का भागीदार बाराबंकी भी बनने जा रहा है। बाराबंकी स्टेट कैपिटल विजन का पार्ट बनते ही बाराबंकी के साथ यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूती प्रदान करेगा। सुविधाओं का लाभ जिलेवासियों को मिलेगा। वैसे बाराबंकी इस मामले में सौभाग्यशाली है कि एक और राजधानी लखनऊ और दूसरी तरफ श्री अयोध्या धाम है। दोनों के बीच में बाराबंकी है। विकास वहां हो या यहां हो बाराबंकी को विकास के क्षेत्र में कोई वंचित नहीं कर सकता है।

वे मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में पं.दीन दयाल उपाध्याय की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने शहर के विजय उद्यान पार्क में पंडित जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी किया। जनसभा में उन्होंने आगे कहा कि बाराबंकी योजनाओं के लाभ से आगे बढ़ेगा इसमें कोई संदेह अब नहीं होना चाहिए। यहां पर खासतौर पर बाराबंकी की जो पहचान बनती है। वह है सिद्धेश्वर महादेव मंदिर और महादेवा। उन्होंने कहा महादेवा में तो पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा काशी और अयोध्या की तरह लोधेश्वर महादेव कॉरिडोर बनने जा रहा है। एक तरफ महादेवाधाम को उसकी पुरातन पहचान दिलाने का कार्यक्रम दूसरी तरफ हॉकी इंडिया को अपने समय में दुनिया के अंदर एक नई पहचान दिलाने वाले इसी माटी के लाल भारत माता के सपूत केडी सिंह बाबू की स्मृतियों को भी बनाए रखने के लिए उनकी पुरानी कोठी को उसे सरकार ने लिया और वहां अब हॉकी इंडिया और केडी सिंह बाबू की भव्य स्मारक बनाने की तैयारी होगी इसके अलावा हॉकी से जुड़े खेल के प्रदर्शन और उनके कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनपा पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे पं.दीनदयान उपाध्याय के जीवन चरित्र पर विस्तार से जानकारी दी। सीएम के उदबोधन में सिद्धेश्वर और महादेवा का नाम आने पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने जमकर जयश्री राम के नारे लगाए। जिससे पूरो ऑडिटोरियम गुंजायमान रहा।

वहीं प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिस भरोसे के साथ रामसनेहीघाट को नगर पंचायत का दर्जा दिया है। उससे यहां के लोगों को शहर जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा आवास, शौचालय देकर भी जरुरतमंदों को सौगात दी है। प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश और मुख्यमंत्री के प्रयास आज यह जिला और प्रदेश ऊंची बुलंदियों को छू रहा है। वहीं प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी द्वारा देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। लोकसभा के चुनाव में विपक्षी पाटियों ने आरक्षण को लेकर को बरगलाया था। विपक्षी पाटियों ने जाति-धर्म के नाम पर बांटने का काम किया। वह खुद दलित कोटे से आते हैं। आज उन्हें सरकार में दलित को सम्मान देकर पूरे समाज को ऊंचा उठाने का काम किया है। मंच का संचालन आशीष पाठन ने किया।

मंच से जनता का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य मंत्री। अमृत विचार

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण करते सीएम योगी। अमृत विचार

विभागों ने लगाए स्टॉल, उमड़ी भीड़

कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य, कृषि, बाल विकास पुष्टाहार, ग्राम्य विकास व डूडा समेत कई अन्य विभागों ने योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई थी। सीएम ने सभी का अवलोकन किया। उन्होने योजनाओं के संबंध में जानकारी भी ली। इसके अलावा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने भी विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाए। इनमें शहद, जूट से बनी सामग्री, आचार-मुरब्बा, सोलर लाइट आदि के उत्पाद शामिल रहे। करीब दो दर्जन स्टालों पर लगी प्रदर्शनी में पहुंचे लोगों ने भी बारिकी से उत्पाद देंखे कुछ लोगों ने उत्पादों की खरीददारी भी की।

पंडित जी का सपना पूरा कर रही सरकार

सीएम योगी ने कहा पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने स्पष्ट रूप से कहा था कि आर्थिक उन्नति और प्रगति की माप समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति से की जानी चाहिये। इसके लिये उन्होनें अन्त्योदय की बात की। उन्होनें उस समय अपने लेखन में उन बातों का उल्लेख किया। उन्होनें इन चीजों की बहुत मजबूती के साथ वकालत की थी, जो मुद्दे आज हमें दिखाई दे रहे हैं। पंडित जी ने आज से सात दशक पहले जो सपने देखे थे, उन सपनों को पूरा करने का काम देश की एनडीए सरकार कर रही है।

सीएम सुरक्षा में चूक, पुलिसकर्मियों के फूले हाथ-पैर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: सीएम के दौरे के दौरान सुरक्षा चूक का भी बड़ा मामला सामने आया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हेलीकाप्टर उतरने के बाद सीएम कार द्वारा विजय उद्यान पार्क के लिए रवाना हुए। उनका काफिला कार्यक्रम के बाद वापस लौट ही रहा था, तभी एक फोर्च्यूनर सड़क की दूसरी ओर से पूरी गति से आती दिखाई दी। यह देख मौजूद पुलिस बल हक्का बक्का रह गया। पुलिस ने तत्काल उस वाहन को एक किनारे रोककर काफिले को पार कराया। इस गाड़ी में आगे नंबर प्लेट थी पर पीछे नहीं। आगे की नंबर प्लेट भी बिना एचएसआरपी वाली लगी थी। बता दें कि सीएम निर्धारित समय से पहले ही हेलीकाप्टर से स्टेडियम में उतरे। उनका काफिला कार से विजय पार्क को निकला। जहां उन्हें कचेहरी से आगे विजय उद्यान पार्क में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण करना था। सीएम का काफिला विजय उद्यान पार्क से निकलकर नगर कोतवाली पार कर ही रहा था कि सड़क की दूसरी साइड से एक फॉर्च्यूनर विपरीत दिशा से आती दिखी। सीएम की सुरक्षा का मामला देखते हुए यह गंभीर स्थिति थी, मौजूद पुलिस बल के हाथ पांव फूल गए। तुरंत गाड़ी को रोककर कोतवाली के पास ले जाया गया। चालक ने अपना नाम सनी ठाकुर बताया। खास बात यह कि इस वाहन में आगे तो बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट थी पर पीछे नहीं। शहर कोतवाल अजय कुमार ने बताया पूछताछ की जा रही है। हालांकि बाद में पुलिस ने कहा वाहन वीआईपी पासधारक को कार्यक्रम स्थल पर छोड़कर आ रहा था। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक नहीं हुई है।

पुलिस द्वारा पकड़ी गई फॉर्च्यूनर गाड़ी।

सीएम योगी का अभिवादन करते एमएलसी अंगद सिंह। अमृत विचार

अंगद सिंह का कद बढ़ा गए सीएम योगी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते समय एमएलसी अंगद सिंह का कद भी बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि बाराबंकी के विजय उद्यान में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की भव्य और दिव्य प्रतिमा की स्थापना का कार्य सम्पन्न हुआ। इस कार्य के लिये प्रदेश के संस्कृति विभाग के मंत्री जयवीर सिंह को हृदय से धन्यवाद देता हूं। साथ इस सम्पूर्ण कार्यक्रम के आयोजन के लिये एमएलसी अंगद सिंह और उनकी पूरी टीम का हृदय से अभिनन्दन करता हूं। क्योंकि उन्होनें इतने कम समय में कार्यक्रम का आयोजन कराया और मुझे इसमें भागीदार बनने का अवसर दिया। मैं उनका धन्यवाद करता हूं कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के श्री चरणों में नमन करने और उन्हें श्रद्धांजलि व्यक्त करने का अवसर मुझे बाराबंकी जनपद में प्राप्त हुआ।

सूर्य देव ने ली लोगों की कठिन परीक्षा, हुए बेहाल

बाराबंकी, अमृत विचार: सोमवार से ही हो रही तपिश ने मंगलवार को आमजन को खूब परेशान किया। भीषण उमस के बीच पसीने से नहाए लोग बारिश का इंतजार करते रहे पर नौबत नहीं आई। वहीं सबसे ज्यादा खराब हाल सीएम योगी के आयोजन के इंतजाम में लगे लोगों व पुलिस बल का रहा। सीएम कार्यक्रम स्थल पर बूंद भर पानी का इंतजाम नहीं था, जिससे लोग प्यास से बेहाल हो गए। यहां के अलावा मार्ग पर लगाई गई फोर्स भी भीषण उमस से बेहाल रही। सभी के हाथ में भीगा रूमाल लगातार छलकता पसीना पोछने के काम आ रहा था। वहीं जनसभा स्थल पर क्या अफसर क्या पुलिसकर्मी सभी सूर्यदेव की तपिश से बेहाल रहे। हालांकि सीएम के जाने के बाद हवा डोली और सूर्य के छिपते ही माहौल थोड़ा सही हुआ।

हेलीपैड की ओर मुख्यमंत्री से शिकायत करने पहुंची महिला

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: पीएम आवास और परिवार की जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ शिकायत करने आई महिला सीएम के हेलीपैड की ओर जाने लगी। मौजूद अफसरों ने उसे रोककर पूछताछ की और महिला पुलिस के हवाले कर दिया। सीएम का हेलीकाप्टर केडी सिंह बाबू स्टेडियम में बने हेलीपैड पर उतरा। उनका काफिला विजय उद्यान पार्क से वापस राजकीय इंटर कालेज के मैदान की ओर रवाना हो गया। इसी बीच एक महिला हेलीपैड के रास्ते पर जाने का प्रयास करने लगी। जब उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम लक्ष्मी देवी पत्नी विनोद कुमार निवासिनी ग्राम धौरहरा थाना कोठी बताया। उसने एक शिकायती पत्र दिखाया और बताया कि उसे सीएम से मिलना है। उसके पास सीएम आवास नहीं है और उसकी जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर रखा है। यहां पर एक महिला पुलिसकर्मी ने शिकायती पत्र ले लिया। महिला का यह भी कहना था कि वह इससे पूर्व भी कई बार शिकायत कर चुकी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। यहां पर अफसरों के निर्देश पर महिला पुलिस उसे जीप में बिठाकर कोतवाली ले जाने लगी तो वह पुलिस द्वारा पिटाई की बात कहकर रोने लगी।

शिकायती पत्र के साथ महिला।

मुख्यमंत्री योगी के रवाना होते ही लौटे गुमटी दुकानदार

बाराबंकी, अमृत विचार: दोपहर करीब चार बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उड़नखटोला हवा से बातें करते बाराबंकी से गुजरा तो अन्य वीआईपी के जाने का इंतजार हुआ। उनके जाते ही हाईवे खुल गया और यातायात को आजादी मिली। जब तक फोर्स सड़क पर रही कोई हलचल नहीं हुई लेकिन पुलिस बल के हटते ही गुमटियां अचानक हाईवे पर प्रकट होने लगीं। बहुत बड़ी संख्या में तो नहीं पर फुटकर करके पान मसाला आदि बेचने वाले सड़क पर आ गए। आसपास का माहौल देखकर इन लोगों ने दुकानें खोलीं और शाम होने के बाद भी ग्राहक का इंतजार किया। हालांकि थोड़ी देर के लिए ग्राहकों की भीड़ भी देखी गयी। दुकानदार बोले कि कई दिन दुकान बंद रखी अब मौका मिला है।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देते किसान नेता। अमृत विचार

सीएम के नाम ज्ञापन डीएम व एसपी ने लिया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार : किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिलकर सात सूत्रीय मांग पत्र देना था जिस पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने भारतीय किसान यूनियन प्रतिनिधिमंडल से मिलकर सात सूत्रीय मांग पत्र लिया और जिलाधिकारी ने कहा कि आपकी समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे और समस्याओं से अवगत कराएंगे। जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने बताय कि किसानों की प्रमुख मांग थी मुख्यमंत्री स्तर की थी इनमें किसानों का कर्ज माफ किया जाए, जिले को 24 घंटे बिजली दी जाए, 300 यूनिट बिजली मुक्त गरीब मजदूर किसानों को दी जाए, बुढ़वल चीनी मिल चालू की किया जाए या किसानों को जमीन वापस की जाएं जो ली गई थी, जिला अस्पताल में हार्ट के डॉक्टर उपलब्ध कराया जाए समेत कई अन्य मांगे शामिल थी। इस मौके पर गुड्डू यादव, लालजी, निहाल, अरविंद यादव, लवकुश समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्ट्रीट लाइटें खराब, वार्डों में आरओ नहीं

आदर्श नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त रामसनेहीघाट मूलभूत सुविधाओं से अछूता

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार: आदर्श नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त रामसनेहीघाट में मूलभूत समस्याओं का निराकरण नगर पंचायत चुनाव के डेढ़ साल बाद भी नहीं हो सका है।

वार्ड संख्या 14 भिटरिया वार्ड में हैदरगढ़ और दरियाबाद मार्ग पर लगी 11 स्ट्रीट लाइटें विगत लगभग छह माह खराब पड़ी हैं। जेठबनी चौराहे से लेकर दक्षिण तरफ रात्रि में अंधेरा बना रहता है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। वार्डों में पीने योग्य पानी के लिए लगाई गई टंकियों के साथ ही अब तक आरो सेट नहीं लगाए गए हैं। वार्डों के बलराम पाल, राजेश विश्वकर्मा, श्रीकृष्ण पाल, अभिषेक वर्मा के घरों के पास लगे लगभग आधा दर्जन से अधिक खराब पड़े नलों को रिबोर होना है। नगर पंचायत के अधिकारियों का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा रिबोर नहीं किया जाता। नालियां गंदगी और घास-फूस से पटी पड़ी हैं। नाली में जलभराव की समस्या लगातार बनी हुई है। मोहल्ले के लोगों को बरसात में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क पर जलभराव की समस्या बन जाती हैं।

वार्ड के संतोष सिंह, सलमान, भगवान बख्श, आलम, आजम द्वारा बताया गया कि उपरोक्त समस्याओं से जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड संख्या 14 के भिटारिया वार्ड में कई जगहों पर इंटरलॉकिंग टूटी पड़ी है। जल निकासी व पक्की नाली की व्यवस्था न होना। गंदगी का भंडार होना, सफाई कर्मियों द्वारा सिर्फ खानापूर्ति करना। लगभग एक दर्जन से ज्यादा छह माह से अधिक स्ट्रीट लाइट और आधा दर्जन से ज्यादा नल खराब पड़े हैं। भिटरिया चौराहे से हैदरगढ़ मार्ग जेठवनी चौराहा तक डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी किसी व्यक्ति ने सफाई कर्मियों की सूरत तक नहीं देखी होगी। सभासद रीना देवी ने बताया कि महिला होने के कारण मेरी बात सुनी नहीं जाती है।

अधिशासी अधिकारी धीरज सिंह और चेयरमैन डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव को इन समस्याओं की जानकारी दी गयी है। यह दोनों किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दे रहे है।

खराब पड़ा हैंडपंप। अमृत विचार

मूर्ति के लिए उपयुक्त नहीं शहीद स्थल

कार्यलय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: विजय उद्यान एक शहीद स्थल है, जो विशेष रूप से उन वीर जवानों की स्मृति में बनाया गया था, जिन्होंने देश के लिये अपने प्राणों की आहूति दी थी। ऐसे स्थान पर किसी राजनैतिक विचारधारा से जुड़े व्यक्ति की मूर्ति का अनवारण करना शहीदों के बलिदान की भावना को ठेस पहुंचाने वाला है। यदि किसी राजनीतिक व्यक्ति की मूर्ति का अनावरण करना ही था, तो इसके लिये उपयुक्त स्थान चुना जाना चाहिये था।

विजय उद्यान जैसे स्थल जो शहीदों के सम्मान के लिये समर्पित हैं, यह स्थान प. दीन दयाल उपाध्याय की मूर्ति के अनावरण के लिये किसी तरह उपयुक्त नहीं है। अच्छा होता यदि इस विजय उद्यान में सरकार और प्रशासन वीरांगना उदा देवी जिनके नाम से अंग्रेज कांपते थे। आज उनकी मूर्ति का अनावरण करते तो यह देश और समाज के लिये गौरव की बात होती।

यह बातें पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व चेयरमैन डॉ. पीएल पुनिया ने मंगलवार स्थानीय कचहरी के पास स्थित विजय उद्यान शहीद स्मारक में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प. दीन दयाल उपाध्याय की मूर्ति के अनावरण पर कहीं। पूर्व सांसद डॉ पीएल पुनिया ने कहा कि भाजपा का आजादी और उसमें शहीद हुए लाखों जवानों से कोई लेना देना नहीं है। एक शहीद स्मारक में राजनैतिक व्यक्ति की मूर्ति का अनावरण सरकार एवं प्रशासन का असंवेदनशील कदम है। अगर यही कार्य किसी अन्य जगह या पार्क में किया जाता और वहां पर प. दीन दयाल उपाध्याय की मूर्ति का अनावरण होता तो वह सरकार एवं प्रशासन का स्वागत योग्य कदम होता. पुनिया ने कहा कि आज बाराबंकी जनपद के नागरिक भी सरकार और प्रशासन के इस निर्णय से आहत होंगे। क्योंकि इस शहीद स्मारक को राजनैतिक हस्ती के नाम से जोड़ना शहीदों के बलिदान का अपमान है। यह स्थान शहीदों की स्मृति के सम्मान का है। इसे किसी राजनैतिक विचारधारा के प्रतीक के रूप में स्थापित करना सही नहीं है। शहीदों का बलिदान हम सबके लिये प्रेरणा का स्रोत रहा है और ऐसे स्थानों की पहचान बदलने की कोशिश एक ऐसा गम्भीर अपराध है। जिसके लिये समाज कभी माफ नही करेगा।

डॉ. पीएल पुनिया। अमृत विचार

एक नजर

खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सूरतगंज, अमृत विचार : माध्यमिक विद्यालय अमेरा गांव में मंगलवार दोपहर बाद एक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन छात्राओं के मध्य किया गया। उत्कृष्ट छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। नांदी फाउंडेशन की ओर से संचालित हो रहे, नन्ही कली प्रोजेक्ट तृतीय ने तुफान विलेज लेवल गेम का आयोजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेरा गांव में किया गया। जिसमें शटल रन, 50 मीटर स्प्रिंट, इंडोरेंस, स्टैंडिंग लांग जंपिंग गेम्स इत्यादि खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित हुईं। जिसमें नन्ही कली की छात्राएं खुशी, कंचन, वर्षा और तान्या सिंह आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स एसोसिएट (एसए) पल्लवी मिश्रा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्य गीता सिंह ने पुरस्कार देकर सभी बच्चों को सम्मानित किया। वहीं इस मौके पर स्कूल के अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

निर्वाचन कर्मचारियों पर लटकी कार्रवाई की तलवार

सोहावल, अयोध्या : निर्वाचन विभाग से पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें घर-घर सत्यापन कर मृतक व नाबालिग से बालिग की पहचान की जा रही है। कार्यक्रम के तहत समय से कार्य न करने के आरोपी लापरवाह आधा दर्जन निर्वाचन कर्मचारियों को एसडीएम ने कारण बताओ नोटिस जारी की है। निलंबन भी हो सकता है। मतदाता पुनरीक्षण अभियान 20 अगस्त से चल रहा है। बीएलओ से 10 सितंबर तक घर-घर भ्रमण कर मतदाता सूची में अंकित सभी मतदाताओं का सत्यापन किया जाना था। कुछ कर्मचारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इसमें चिन्हांकित, मृतक, शिफ्टेड, अनुपस्थित मतदाताओं का बीएलओ एप के माध्यम से फार्म-सात भरा जाना आवश्यक जरूरी है।

ऑर्डर मिला 35 का, तैयार की मां दुर्गा की 45 प्रतिमाएं

- दो हजार से लेकर आठ हजार रुपये तक बिक्री को हैं तैयार
- दस वर्षों से प्रतिमाओं का निर्माण कर रहे कोलकाता के कलाकार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: पितृपक्ष के बीच मां दुर्गा की प्रतिमाओं को तैयार करने का सिलसिला तेजी से चल रहा है। दो अक्तूबर को पितृ विसर्जन के अगले ही दिन यानी 3 अक्तूबर को शारदीय नवरात्र के शुरू होते ही पूरे जिले में धार्मिक आयोजनों की धूम मचेगी। जगह-जगह मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। आयोजकों ने मां दुर्गा की प्रतिमाओं के स्थापना के लिए पितृ पक्ष से पहले ही आर्डर दे दिया है।

मां की प्रतिमा तैयार करता मूर्तिकार।

बताया जा रहा है कि पितृ विसर्जन करने के बाद उसी दिन प्रतिमाओं को आयोजन स्थल पर लाकर अगले दिन निर्धारित मुहूर्त में स्थापना होगी। कलाकार तेजी से प्रतिमाओं को संवारने में जुटे हुए हैं। कलाकारों ने आर्डर से ज्यादा मां दुर्गा की छोटी व बड़ी प्रतिमाएं तैयार कर ली हैं। दो हजार रुपये से लेकर आठ हजार रुपये तक प्रतिमाओं की बिक्री हो रही है।

मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की प्रतिमा को तैयार करने को लेकर कारीगरों के हाथ तेजी से चल रहे हैं। समय पर प्रतिमा तैयार हो सके इसके लिए परिवार के सदस्य भी जुटे हुए हैं। मसौली ब्लॉक क्षेत्र के बहराइच राजमार्ग पर गांव नेवला में कोलकाता शहर के कलाकार राजूपाल पिछले दस वर्षों से यहां रहकर प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। अमृत विचार से अपनी बात साझा करते हुए मूर्ति कलाकर राजूपाल ने बताया कि शारदीय नवरात्र को लेकर अब तक उन्हें छोटी-बड़ी 35 प्रतिमाओं का आर्डर मिल चुका है हालांकि उन्होंने आर्डर से ज्यादा करीब 45 प्रतिमाओं को तैयार कर रहे हैं। इन प्रतिमाओं को तैयार करने में उनके साथ परिवार के चार अन्य सदस्य भी लगे हुए हैं। विशेष मिट्टी, पुआल और बांस की फन्टियों के जरिए अपनी कलाकारी से प्रतिमाओं को रुप दे रहे हैं। और उनमें तरह-तरह के रंग भर रहे हैं। उनका मानना है कि नवरात्रि के पहले दिन तक आर्डर दी हुई प्रतिमाओं का उठान होता है। कई आयोजक तो एक दो दिन पहले आर्डर देते हैं। लेकिन उन्हें भी दिन रात लगकर तैयार कराया जाता है। मूर्तिकार इन दिनों काफी कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

आठ हजार रुपये तक मिल रहीं प्रतिमाएं

मूर्ति कलाकार राजू पाल ने बताया कि वैसे तो मूति बनाने में लगने वाली लागत ज्यादा आती है। लेकिन ज्यादा मुनाफे के बारे में न सोंच कर प्रतिमाएं तैयार करते हैं। वह बताते हैं कि कम से कम दो हजार रुपये से लेकर आठ हजार रुपये तक प्रतिमाएं बिक्री के लिए तैयार हो रही हैं। जबकि लखनऊ या अन्य जिलों में तैयार प्रतिमाएं पांच हजार से लेकर बीस हजार रुपये तक बिक रही हैं। श्री पाल ने बताया कि एक प्रतिमा को तैयार करने में एक सप्ताह का समय लगता है। चूंकि पांच सदस्य इस कार्य में लगे होने से सबको अलग-अलग काम की जिम्मेदारी सौंपते हैं।

फिर दिखे जंगली जानवर भेड़िया होने की अफवाह

तटबंध पर कर्मचारियों के साथ जांच करते डीएफओ। अमृत विचार

दरियाबाद/रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार: रामनगर में तटबंध के बाद अब दरियाबाद क्षेत्र में जंगली जानवर देखा गया। फर्क यह कि दरियाबाद में जंगली जानवर एक व्यक्ति के घर के बरामदे में घुस गया। भनक लगते ही गृहस्वामी ने शोर मचाना शुरू कर दिया। ग्रामीण एकत्र होने लगे, वहीं जानवर दीवार फांदकर भाग गया। पगचिन्ह देखकर ग्रामीणों ने दावा किया यह जानवर भेड़िया ही है। रामनगर दरियाबाद में भय का माहौल है, लोग पहरेदारी कर रहे हैं।

दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के अलियाबाद पुलिस चौकी अंतर्गत केन्हौरा गांव में ग्रामीणों ने भेड़िया देखने का दावा किया। चौकी क्षेत्र के केन्हौरा निवासी श्रीचंद के घर में मंगलवार सुबह करीब 4 बजे कोई जंगली जानवर घुस गया। जिसकी आहट पाकर श्रीचंद ने डंडे से उसे भगाया और शोर मचाना शुरू कर दिया। श्रीचंद के बरामदे की 5 फीट ऊंची दीवार फांदकर वह भाग गया। जंगली जानवर के पैर के निशान श्रीचंद के बरामदे और गांव में कई जगह दिखाई दिए। जंगली जानवर के आहट की जानकारी होने पर गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस और वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर जांच की। वन दरोगा श्यामलाल ने बताया कि किसी जंगली जानवर के पगचिन्ह है। पगचिन्ह में नाखून के निशान ही दिख रहे है। रामनगर क्षेत्र के गणेशपुर ठाकुरद्वारा मंदिर के निकट स्थित तटबंध पर सोमवार को भेड़ियों को देखने के बाद यहाँ के ग्रामीण ख़ौफ़ज़दा है। वन विभाग की टीम लगातार काम्बिंग कर रही है। मंगलवार को डीएफओ आकाश दीप वधावन, एसडीओ वरुण प्रताप सिंह ने तटबन्ध पर पहुंच कर ग्रामीणों द्वारा बताए गए स्थान पर पगचिन्हों को देखा और ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत देते हुए कहा कि आप सभी लोग बहुत जरूरी काम होने पर ही तटबंध की तरफ जाएं, साथ में लाठी डंडा से लैस होकर रहें। अंधेरा होने के बाद सभी लोग अपने घर के दरवाजे बंद रखें। डीएफओ ने वन क्षेत्राधिकारी शहजाद इस्माईलुद्दीन से कहा गणेशपुर तटबंध के आसपास इलाके में नजर रखें और जानवर को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाकर टीम के द्वारा लगातार काम्बिंग की जाए।

स्कूल की छत से गिरी छात्रा, मौत

मानसिक अवसाद से पीड़ित बताई जा रही इंटर की छात्रा वैष्णवी मिश्रा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: कोठी थाना क्षेत्र में एक इंटर की छात्रा संदिग्ध हालात में स्कूल की दूसरी मंजिल से जमीन पर जा गिरी। उसे गिरते देख छात्राओं ने शोर मचाया तो भीड़ लग गई। आनन फानन में उसे सीएचसी से जिला अस्पताल फिर ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। साथी बता रहे कि वह मानसिक अवसाद के दौर से गुजर रही थी।

जानकारी के अनुसार यह हादसा मंगलवार को कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा कोठी में दोपहर के समय हुआ। क़स्बे के रहने वाले दीपक मिश्रा की पुत्री वैष्णवी मिश्रा कस्बा कोठी के बाल विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की छात्रा थी।

मंगलवार को वैष्णवी मिश्रा घर से पढ़ने के लिए कॉलेज पहुंची। साथी छात्राएं बताती हैं कि पहला घंटा पढ़ने के बाद अचानक वह विद्यालय भवन की दूसरी मंजिल की छत पर जा पहुंची। इसके बाद उसे किसी ने नहीं देखा। कुछ ही देर बाद कालेज की अन्य छात्राओं ने वैष्णवी को छत से नीचे गिरता देखा तो वह शोर मचाने लगी। कुछ ही पल में शिक्षक व प्रधानाचार्य के अलावा चाचा भी मौके पर पहुंच गए। उसे एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया जहां डाक्टरो ने बताया कि इसके हाथ पैर टूट गए हैं। यहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालात सुधरते न देख डाक्टरों ने ट्रामा सेंटर भेज दिया। जहां पर इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई। मृतका के पिता नासिक में हैं, जो सूचना पाकर वहां से रवाना हुए। साथी छात्राएं बताती हैं कि वह पारिवारिक कलह से परेशान थी और अक्सर जान देने की बात कहती रहती थी।

घटना वाले दिन भी छात्रा ने किसी से कुछ भी नहीं कहा था और अचानक वह स्कूल की छत पर जा पहुंची। एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई। कोई तहरीर नहीं मिली है।

पितृपक्ष की सप्तमी तिथि पर मनाया गया गुरुपर्व

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार: वर्षों पूर्व कस्बा मसौली में बाबा रामशरण दास भगवत दास कुटी हनुमान मंदिर की स्थापना करने वाले बाबा रामशरण दास के पावन सानिध्य में पितृपक्ष की सप्तमी तिथि को गुरु पर्व मनाया गया। इस दौरान मंदिर के पुजारी बाबा रामलाल दास ने साधु संतों को भोजन कराकर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम में साधु संतों को दोपहर में भोजन कराया गया तथा दान-दक्षिणा दी गयी तथा शाम के समय सभी भक्तजनों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया और पूरा दिन हलवे का प्रसाद बांटा गया। शाम को हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ हुआ जिसमे मंदिर के पुजारी बाबा रामलाल दास ने श्रीराम स्तुति भजन संध्या की शुरुआत की कहा वीरों में हो तुम महावीर, हनुमान तुम्हारा क्या कहना। झमाझम नाचते देखो वीर हनुमाना। सूरज जब पलकें खोले, दिल नमः शिवाय बोले आदि भजन गाए। भजन पर श्रद्धालु साथ गाते और हाथ उठाकर तालियां बजाते रहे।

बदहाली का शिकार हो गया पुस्कालय

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार : तहसील परिसर में लाखों रुपये खर्च कर बनाया गया माता सावित्रीबाई फुले बालिका पुस्तकालय का लाभ अधिकारियों की उदासीनता के चलते अब तक किसी को नहीं मिल पाया है। वर्तमान समय में यह पुस्तकालय पूरी तरह से बदहाली का शिकार हो गया है।

तत्कालीन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रामसनेहीघाट दिव्यांशु पटेल ने बालिकाओं के लिए इस पुस्तकालय का निर्माण करवाया गया था। उद्घाटन अतुल कोठारी सचिव शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने दरियाबाद विधायक सतीश शर्मा व तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ.

तहसील परिसर में बदहाल पड़ा पुस्तकालय। अमृत विचार

आदर्श सिंह की मौजूदगी में चार जनवरी 2021 को किया था। बालिकाओं को आज तक इसका लाभ ही नहीं मिला। जबकि जिस समय इसका उद्घाटन किया गया था, उस समय तत्कालीन सीडीओ मेघा रूपम, तत्कालीन तहसीलदार तपन मिश्रा, तत्कालीन बीडीओ डॉ. आदित्य तिवारी, ग्राम प्रधान सीमा देवी सहित तमाम लोग मौजूद है। नायब तहसीलदार सुधाकर पांडेय ने बताया कि मामले की जानकारी करके जल्द ही इससे संबंधित उचित कार्रवाई की जाएगी।

जब साहसी महिला ने चोर का ही चाकू छीनकर कर किया घायल

मसौली, बाराबंकी

अमृत विचार: बीती रात घर में घुसे चोर ने मंगलवार की सुबह घर मे अकेली महिला पर हमला कर चोरी करने का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर चोर घर के सामने स्थित जंगल के रास्ते फरार हो गए। सूत्रों के अनुसार रात्रि में ही इसी घर से चोरों को खदेडा गया था।

बताते चले कि सोमवार की रात्रि करीब 11 बजे ग्राम मुंजापुर निवासी निर्भय कुमार वर्मा पुत्र डॉ. राजेंद्र वर्मा के घर में घुसे चोरों की आहट पाकर परिजनों के शोर मचाने पर दो चोर घर के करीब ही स्थित जंगल में घुस गये। रात्रि में ही ग्रामीणों ने कांबिंग की परन्तु चोरों का पता नहीं चल सका। मंगलवार की सुबह निर्भय वर्मा खेतों में काम के सिलसिले में चले गये थे तथा माँ हाते पर चली गयी थी। दिन में करीब 9 बजे घर में निर्भय की 30 वर्षीय पत्नी रिंकी मौजूद थी और सब्जी काट रही थी तभी रात्रि से ही घर में छिपे अज्ञात चोर ने रिंकी का गला दबाते हुए अलमारी की चाभी ले ली और चोर अलमारी खोलने लगा। चोर के लोवर में चाक़ू देख रिंकी ने साहस दिखाते चोर का ही चाक़ू निकाल कर उस पर हमला कर दिया। जिसमें चोर के बगल में चाक़ू लग गया और चोटिल होकर जंगल की ओर फरार हो गया।

मेंथा से जीएसटी हटवाकर अन्नदाता के चेहरे पर लाएंगे खुशी: तनुज पुनिया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: मेंथा की खेती लोकसभा क्षेत्र की मुख्य नकदी की फसल है। उस पर जीएसटी हटवाकर अन्नदाता के चेहरे पर खुशहाली लाना मेरा पहला लक्ष्य है क्योंकि आज मेंथा के किसान के चेहरे पर पीड़ा है और मेंथा की खेती किसानों के लिये आय का एक महत्वपूर्ण श्रोत बन चुकी है। यह फसल न किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाती है, बल्कि क्षेत्रीय विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। यह बातें सांसद तनुज पुनिया ने सोमवार को विकासखण्ड

सांसद तनुज पुनिया का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

मसौली व हरख में अपने स्वागत के दौरान कहीं। सांसद तनुज पुनिया के स्वागत कार्यक्रम में विकास खण्ड हरख व मसौली के सपा व कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभाई। सांसद ने सभी की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण का विश्वास दिलाया।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में धूम मचाएंगे जिले के उत्पाद

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार: ग्रेटर नोएडा में बुधवार से शुरू हो रहे पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशन ट्रेड शो में जिले के उत्पादों की धूम मचेगी। इस आयोजन में जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केंद्र की देखरेख में जिले के 12 उद्यमियों द्वारा यहां विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें एक जिला एक उत्पाद और एमएसएमई ट्रेड के दो-दो और एक्सपोर्ट्स ट्रेड के आधा दर्जन उत्पाद शामिल किए गए हैं। इस ट्रेड शो में यहां तैयार होने वाले 12 उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं। देश के कई बड़े कारोबारियों के साथ कई यूरोपीय देश भी इस ट्रेड शो में शामिल होंगे, ऐसे में यहां के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी और छोटे उद्योगों को भी अच्छा बाजार मुहैया होगा।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए एमएसएमई, ओडीओपी, एक्सपोर्ट और महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एक दर्जन उत्पादों को इस ट्रेड शो में शामिल किया गया है। इनमें एमएसएमई और ओडीओपी के दो-दो तो एक्सपोर्ट्स के छह उत्पाद शामिल हैं। इन 12 उद्यमियों ने स्टॉल लगाने के लिए पंजीकरण कराया था। इसके बाद इन उद्यमियों ने अब ग्रेडर नोएडा में अपने उत्पाद के स्टॉल लगाए हैं।

जिन इकाइयों द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं उनमें ग्रीनवेयर फैशन, आरके हैंडलूम, तानाबाना हैंडलूम, गुडलक हैंडलूम समेत कई अन्य इकाइयां शामिल है। खास बात यह है कि 24 से 29 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा में आज से शुरू हो रहे इस यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्पादों के स्टॉल लगाने गए एक दर्जन उद्यमियों ने चार महिलाएं भी शामिल हैं।

पिछले वर्ष 19 इकाइयों ने बुक किए थे स्टॉल

2023 में यूपी अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो में उद्यमियों द्वारा अपने-अपने उत्पाद के प्रदर्शन के लिए 19 स्टॉल लगाने को पंजीकरण कराया गया था। इनमें एक्सपोर्टर आरके हैंडलूम एसेसीरीज, ग्रीनवियर फैशन, राजकुमार कंपनी, एएसआर हैंडलूम ने हथकरघा व टेक्सटाइल लालाजी फूड्स एंड बेवरेजेस ने फूड, गोयल एग्रो मैन्यूफैक्चरिंग ने सरसों तेल, आशरी मेथाल व हर्बोकेम इंडस्ट्रीज ने मेंथा उत्पाद के लिए स्टॉल बुक किए हैं। ऑर्गेनिक इंडिया आर्गेनिक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएगी। ओडीओपी में मोनिका कलेक्शन, बीसीएमपी ओवरसीज, जविन प्रतिभाग करेंगी। अपर्णा मिश्रा ने शहद, कसीरुननिशा, अकीला बानो, हदीसुन निशा व इम्तियाज ने हथकरघा व कढ़ाई उत्पादों के लिए स्टॉल बुक किए हैं।

> यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में जिले के 12 उद्यमियों द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उद्योगों को पहचान मिलेगी और वैश्विक बाजार मिलेगा। इनमें ओडीओपी, एमएसएमई तथा एक्सपोर्टर ट्रेड के उत्पाद शामिल हैं। शो पांच दिनों तक चलेगा।
>
> **-आशुतोष श्रीवास्तव, उपायुक्त, जिला उद्योग केंद्र, बाराबंकी**

राम मंदिर उड़ाने की धमकी देने वाले की रिमांड खत्म

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार: रामजन्मभूमि को चार हजार किलो आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी का संदेश भेजने के आरोपी मक़सूद अंसारी की पुलिस कस्टडी रिमांड मंगलवार को ख़त्म हो गई, जिसके चलते पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण करवा वापस जिला कारागार में दाखिल कराया है। वहीं आरोपी के साले से पूछताछ में भी कुछ खास जानकारी हाथ नहीं आई है। उधर पूछताछ के लिए बुलाए गए एक अन्य संदिग्ध को पुलिस ने वापस जाने दिया है। मामले में पुलिस ने बिहार प्रांत के भागलपुर जिले के बरारी थाना क्षेत्र स्थित बड़ी खंजरपुर मस्जिद गली निवासी मक़सूद अंसारी को गिरफ्तार किया।

15 ब्लॉकों पर मात्र चार मलेरिया निरीक्षक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: जिले में एक मलेरिया अधिकारी और चार निरीक्षकों पर पूरे जिले की जिम्मेदारी है। सीएमओ कार्यालय परिसर के एक कमरे मलेरिया विभाग का कार्यालय है। अगर विकास खंडवार निरीक्षकों की संख्या पर नजर डाली जाए तो महज चार ब्लाकों में तैनाती है, बाकी 11 में मलेरिया निरीक्षक के पद रिक्त हैं।

यही नहीं संसाधनों की बात करें तो एक अदद कागज के लिए भी कर्मचारियों को कागजी खानापूरी करनी पड़ती है, मतलब यह अपने स्तर पर एक पेन भी नहीं खरीद सकते। इसके लिए इन्हें मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आश्रित

मलेरिया मच्छर का सांकेतिक चित्र।

रहना होता है। मलेरिया जांच के लिए किट का भी यही हाल है, जाहिर है इनके खत्म होने से पहले ही पत्राचार करना जरूरी हो जाएगा। संसाधनों के घोर अभाव को देखते हुए कर्मचारियों को काफी कठिनाइयों के दौर से गुजरना पड़ता है। कई बार समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया गया लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। उधर, इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अवधेश कुमार यादव कहते हैं कि स्टाफ की कमी शासन स्तर का मामला है। मलेरिया विभाग जिले भर में मौजूद संसाधनों, स्वास्थ्य केन्द्रों व अन्य विभागों के साथ मिलकर काम करता है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयार है।

अब तक मलेरिया के 37 मामले आए सामने

बाराबंकी में सामने आए मलेरिया के मामलों पर नजर डालें तो जनवरी से अब तक कुल 37 मामले मलेरिया के सामने आए। मरीजो की जांच कराकर उन्हें इलाज के लिए लखनऊ भेजा गया। सारे मरीज स्वस्थ हो गए।

मनरेगा श्रमिकों को बैंक से मजूदरी निकालने में गंवाना पड़ा पूरा दिन

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

अमृत विचार: बैंक शाखा में मनरेगा श्रमिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह बैंक आकर भी देर शाम तक भी उनका काम नहीं हो रहा है। बैंक कर्मियों द्वारा सर्वर खराबी की बात बताई जा रही है। कई दिन बीतने के बावजूद बैंक की लाइन ख़त्म होने का नाम नही ले रही है। खाता धारकों कि जमा निकासी के लिए खुले ग्रामीण बैंक व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। दिहाड़ी मजदूरी पर जीवन यापन करने वाले मजदूरों के अलावा अन्य ग्रामीण बैंक के खाता धारकों को पैसा जमा करने में कोई समस्या नही है ,जबकि धन निकासी के लिए यह दिहाडी मजदूर अपनी दैनिक मजदूरी छोड़ कर गत 17 सितम्बर से अपने खाते में भेजी गई दैनिक मजदूरी की धन राशि की निकासी के लिए बैंक के चक्कर काट रहे हैं। अगले दिन तक की धन निकासी के अश्वासन के साथ बैंक कर्मी उन्हें यह बताकर वापस करते हैं कि नेटवर्किंग की समस्या है। परिणाम स्वरूप बड़े पैमाने पर बैंक में लगने वाली भीड़ दैनिक दिनचर्या की कमाई के सहारे जीवन यापन करने वाले दिहाडी मनरेगा मजदूरों पर दोहरी मार लेकर आई है। बैंक कर्मी रिषभ कटियार का कहना है कि सर्वर संबंधित तकनीकी कमी के चलते भुगतान की समस्या सामने आई है।

संगठन के नये सदस्य। अमृत विचार

तीन सौ ने ली भाकियू की सदस्यता

बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने मंगलवार को भवनियापुर गांव में सदस्यता अभियान चलाकर करीब तीन दर्जन लोगों को संगठन से जोड़ा। जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम यादव के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सतीश चंद्र वर्मा, ब्लॉक महामंत्री राजेश प्रताप सिंह, श्रवण कुमार, सत्येंद्र वर्मा और सुशील कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

रासेयो ने राष्ट्र निर्माण में अदा की अहम भूमिका

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. सीताराम सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना 24 सितंबर, 1969 को हुई यह अपने स्थापना काल से आज तक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

कार्यक्रम के शिविर द्वारा समाज एवं राष्ट्र के लिए उपयोगी नागरिकों का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि आज हम सभी को राष्ट्रीय सेवा योजना का सूत्र वाक्य 'मैं नहीं आप'

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य। अमृत विचार

को अपनाने की आवश्यकता है। इसी से हमारे अंदर हम की भावना का निर्माण होगा। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से सेवा एवं श्रम के मूल्यों को समझाया तथा आपसी भाईचारा, सद्भाव को अधिक मजबूत करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने छात्र-छात्राओं को एनएसएस के लक्ष्य गीत की शपथ दिलाई 'उठे समाज के लिए उठे, जगे स्वराष्ट्र के लिए जगें, स्वयं सजे वसुंधरा संवार दें'। इस अवसर पर प्रो. अनुपमा श्रीवास्तव, दरक्षा शहनाज, प्रो. भवेन्द्र गुप्ता, प्रो. संतोष कुमार गौड़, प्रो. लाल मृगेंद्र सिंह, प्रो. अमित कुमार, अरविंद कुमार पांडेय एवं नीलम प्रभा उपस्थित रहे।

सहसा विदधीत न क्रियामविवेक : परमापदां पदम्।
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धा : स्वयमेव संपद : ॥

हमें अचानक आवेश या जोश में आकर कोई काम नहीं करना चाहिए। क्योंकि विवेक हीनता सबसे बड़ी विपतियों का कारण होती है। इसके विपरीत जो व्यक्ति सोच समझकर कार्य करता है। गुणों से आकृष्ट होने वाली मां लक्ष्मी स्वयं ही उसका चुनाव कर लेती है।

संपादकीय

भारत के लिए अच्छी शुरुआत

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की संरचना में सुधारों का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। भारत लगातार आवाज उठाकर पहली बार यूएनएससी पर दबाव बनाने में सफल रहा है। परिणामस्वरुप यूएनएससी में सुधारों की पहल लिखित रूप से शुरू हो गई है। सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता समेत अन्य सुधारों को लेकर पहली बार एक विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया जाना भारत की कूटनीतिक जीत मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि इससे भारत को सुरक्षा परिषद में अपनी स्थिति सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। विश्व के नेताओं ने भविष्य के जिस समझौते को सर्वसम्मति से स्वीकार किया है, उसमें सुरक्षा परिषद में सुधार करने, इसमें प्रतिनिधित्व बढ़ाने, इसे अधिक समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता को स्वीकार करने का वादा किया गया है। ये मुद्दा अमेरिका में हाल ही में क्वाड समिट के दौरान भी उठा। रविवार को क्वाड नेताओं ने यूएनएससी की सीटें बढ़ाने और इस निकाय को ज्यादा जवाबदेह बनाने के लिए इसमें सुधार का आह्वान किया। अमेरिका ने भी यूएनएससी में भारत की स्थायी सीट की मांग का समर्थन किया है। क्वाड में यूएनएससी का मुद्दा उठना भारत के लिए सफलता है। भारत के लिए ये अहम है क्योंकि उसकी ओर से लगातार यूएनएससी में स्थायी सीट की मांग की जा रही है।

गौरतलब है कि भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से विश्व शांति को बढ़ावा देने वाली रही है। यह दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इससे हिंद महासागर को शांति का क्षेत्र घोषित किया जा सकता है और यह चीन को उसकी विस्तारवादी नीतियों का उचित जवाब होगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता भारत को वैश्विक राजनीति के स्तर पर अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन और रूस के समकक्ष ला खड़ा कर देगी। सुरक्षा परिषद, संयुक्त राष्ट्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, जिसका गठन द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1945 में हुआ था। सुरक्षा परिषद के स्थायी पांच सदस्यों के पास वीटो का अधिकार होता है। परिषद की वर्तमान संरचना पहले की शक्ति संतुलन की व्यवस्था पर बल देती है। यह समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती। ध्रुवीकृत सुरक्षा परिषद शांति और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भी विफल रही है। उसके सदस्य यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष जैसे मुद्दों पर बंटे हुए हैं। इसलिए सुरक्षा परिषद में सुधार आवश्यक हैं। सुधार की पहल संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के दस्तावेज में मुद्दे को शामिल किए जाने से होना भारत के लिए एक अच्छी शुरुआत है।

सम-विषम परिस्थितियों में संतुलन सिखाती है शिक्षा

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

दैनन्दिन जीवन में रोजी-रोटी की जद्दोजहद के बीच तमाम तरह के अनुभव दरपेश होते रहते हैं। कुछ खट्टे, कुछ मीठे। कुछ ऐसे भी जो इस परिधि में नहीं आते। यह अनुभव कुछ ऐसा ही था। हर कोई सफल होना चाहता है। आगे बढ़ना चाहता है।

मेरे अनुभव में यह पहले व्यक्ति थे,जिन्होंने असफलता को सेलिब्रेट किया। पार्टी की तिथि, स्थान और समय निश्चित किया तथा अपने सभी सहकर्मियों को पार्टी दी। सहकर्मियों को उस समय यह वाकया हास्यास्पद लगा,पर कुछ समय बाद ही उनकी ओर से पुनः पार्टी का निमंत्रण प्राप्त हुआ। सभी चौंके,क्या फिर से? पर नहीं! "इस बार यह सज्जन अपनी सफलता के साथ थे। बढ़े-चढ़े रुतबे के साथ नवीन नियुक्ति पत्र उनके हाथ में था। मैं अपने सपने का पीछा करता रहा और अब अपने मन के काम में आ पाया"-गर्मजोशी से गले मिलते हुए वे बोले। "कुछ छोटा छूटना भविष्य में कुछ बड़ा मिलने का संकेत होता है, इसलिए निराश होने के बजाय हर स्थिति को सेलिब्रेट करना चाहिए और निरंतर प्रतिबद्ध प्रयास भी। उस समय मैंने यही किया था।" उन्होंने याद दिलाया। उनकी अभी की स्थिति को देखकर उनसे असहमत होने का कोई कारण ही नहीं था। अपने सपने को साधने की साधना उनके रोम-रोम से प्रकट हो रही थी।

दैनन्दिन जीवन में रोजी-रोटी की जद्दोजहद के बीच तमाम तरह के अनुभव दरपेश होते रहते हैं। कुछ खट्टे, कुछ मीठे। कुछ ऐसे भी जो इस परिधि में नहीं आते। यह अनुभव कुछ ऐसा ही था। हर कोई सफल होना चाहता है। आगे बढ़ना चाहता है। सपनों को पूरा करना भी,लेकिन जब सपनों का पीछा करने की बात आती है तो कम ही लोग उस राह के हमराह होते हैं और जो सच में इस राह के राहगीर होते हैं वे अपने सपनों को पूरा कर ले जाते हैं। प्रतिबद्धता,परिश्रम,जुनून और अनुशासन इसमें प्रमुख भूमिका निभाते हैं। कई बार बच्चे मुझसे सफलता का शॉर्ट कट पूछते हैं। मेरा पहला जवाब होता है-कोई नहीं। सफलता नियमबद्ध कठोर परिश्रम का प्रतिफल होती है,जिसके लिए अपना सर्वोत्तम झोंकना होता है। साथ ही धैर्य, धीरज और अपने आप पर विश्वास को भी निरंतर कायम रखना होता है। इनमें से कोई भी एक कड़ी टूटती है तो सफलता दूर होती जाती है। हम लक्ष्य सिद्धि के लिए अर्जुन का उदाहरण देते हैं। पांडवों में केवल अर्जुन ही थे,जिन्होंने परीक्षा की घड़ी में कहा - "गुरुदेव! मुझे केवल चिड़िया की आंख दिख रही है"।



शिक्षा मुख्यत : जिन जीवन कौशलों की बात करती है उनमें स्व-आकलन हेतु समालोचनात्मक दृष्टि, सृजनात्मक सोच तथा तनाव पर नियंत्रण प्रमुख हैं। यह जरूर है कि विद्यालयीय क्रियाकलापों में विषयगत पठन- पाठन के दबाव में जीवन कौशलों पर उतनी व्यापक चर्चा नहीं हो पाती जितना आवश्यक है। इसी कारण प्रतिकूल परिस्थितियों में अक्सर विद्यार्थियों का धैर्य-धीरज और मनोबल टूट जाता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि विद्यालयों के शुरुआती दिनों से भी इस दिशा में पर्याप्त काम किया जाए, ताकि बच्चों में आवश्यक मानसिक दृढ़ता आए। वे खुद के प्रति क्रूर नहीं,बल्कि करुण बनें और छोटी-मोटी असफलताओं के बीच भी अपने आप को मजबूत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ें।

यह लक्ष्य के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता का सर्वोत्तम उदाहरण है। हमारे इर्द-गिर्द भी ऐसे कितने ही उदाहरण मौजूद हैं, जिन्होंने तमाम चुनौतियों के बावजूद कठिन परिश्रम के द्वारा अपने लक्ष्य को हासिल किया। ऐसा नहीं कि उनके जीवन में असफलताएं नहीं थीं। हां, इतना जरूर कि उन्होंने असफलताओं से हताश या निराश होने के बजाय उन्हें सेलिब्रेट किया तथा अपने आप को और मजबूती से लक्ष्य की ओर उन्मुख किया। करियर निर्माण के दिनों में विद्यार्थियों को विद्यालयीय परीक्षाओं के अलावा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का हिस्सा होना पड़ता है। इनमें से कम ही होते हैं,जो अपने पहले प्रयास में सफलता अर्जित कर लेते हैं। वरना अधिसंख्य वर्ग को परीक्षा-दर-परीक्षा अपने आप को आजमाना पड़ता है। यह प्रतीक्षा, प्रतिबद्धता और संघर्ष की आजमाइश का वक्त होता है। इस समय जरूरी होता है कि बिना विचलित हुए,धैर्य पूर्वक और पूरे मन से सफलता का पीछा किया जाए। साथ ही कदाचित असफलता की स्थिति में निराश या हताश होने के बजाय असफलता के कारणों की समीक्षा कर पुनः दोगुने जोश से तैयारी में लगा जाए।

शिक्षा मुख्यतः जिन जीवन कौशलों की बात करती है उनमें स्व-आकलन हेतु समालोचनात्मक दृष्टि,सृजनात्मक सोच तथा तनाव पर नियंत्रण प्रमुख हैं। यह जरूर है कि विद्यालयीय क्रियाकलापों में विषयगत पठन-पाठन के दबाव में जीवन कौशलों पर उतनी व्यापक चर्चा नहीं हो पाती जितना आवश्यक है। इसी कारण प्रतिकूल परिस्थितियों में अक्सर विद्यार्थियों का धैर्य-धीरज और मनोबल टूट जाता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि विद्यालयों के शुरुआती दिनों से भी इस दिशा में पर्याप्त काम किया जाए, ताकि बच्चों में आवश्यक मानसिक दृढ़ता आए। वे खुद के प्रति क्रूर नहीं,बल्कि करुण बनें और छोटी-मोटी असफलताओं के बीच भी अपने आप को मजबूत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ें। पाठ्य पुस्तकों में ऐसे तमाम प्रसंग, कविता, कहानियां, उद्धरण मौजूद हैं, जो एक के बाद एक असफलताओं के बावजूद सफलता की इबारत को उकेरते हैं। इस प्रकार के प्रसंगों पर बच्चों से निरंतर बात हो तथा विषम परिस्थितियों में उनके दृष्टिकोण को जाना-समझा जाए। उन्हें स्पष्ट किया जाए कि किसी भी किरदार के जीवन में एक पराजित मन को कई स्तर पर युद्ध करना होता है। स्वयं से,परिवार की अपेक्षाओं से और समुदाय की टिप्पणियों से। निश्चित तौर पर इस स्थिति का दुष्परिणाम कई आत्मघाती निर्णयों के रूप में सामने आता है। स्ट्रेस, शर्मिंदगी, भविष्य की चिंता, हीनता बोध जैसी भावनाओं के चलते बच्चे भटकाव की उन अंधेरी गलियों की ओर मुड़ जाते हैं, जहां से वापसी मुश्किल होती है। अतः आवश्यक है कि विद्यालय और समुदाय के स्तर पर इस बारे में पर्याप्त चर्चा- विमर्श हों कि किसी के संघर्षों में साझेदार होते हुए उसे किस तरह अभिप्रेरित किया जाता है।

शिक्षा अपनी परिभाषाओं में विविधता के सम्मान की बात भी करती है। निश्चित तौर पर यह विविधता बच्चों और उनके साथ किए जा रहे क्रियाकलापों की ओर इंगित करती है। अतः सफलता के तयशुदा मानकों पर काम करते समय हमें इस विविधता पर भी पर्याप्त विचार करना चाहिए। वैसे भी कोई बच्चा असफल होने के लिए विद्यालय नहीं आता।

प्रसंगवश

प्रशासनिक दुनिया के असामान्य व्यक्तित्व

यह सामान्य धारणा है कि प्रशासकीय सेवाओं में चुनाव बड़ी कठिन प्रतियोगिता के पश्चात होने के कारण उनमें बड़े मेधावान एवं विवेकशील व्यक्ति ही चयनित हो पाते हैं। परंतु उनके विवेकशील होने के विषय में न तो कोई टेस्ट होता है और न कोई गारंटी।

इसके बरखिलाफ चूंकि मेधावान व्यक्तियों में एब्नार्मल पर्सनालिटी होने की संभावना अधिक रहती है, अतः सिग्निफिकेंट संख्या में एब्नार्मल अभ्यर्थी प्रशासकीय सेवाओं में आ जाते हैं। ये एब्नार्मल व्यक्तित्व के अधिकारी प्रशासन को प्रायः हास्य का विषय बनाते रहते हैं। वे अपने संपर्क में आने वाले सहयोगियों और जनता के व्यक्तियों के जीवन की तनावपूर्ण दिनचर्या को सरस एवं चटपटा मसालेदार बनाने में अनजाने ही लगे रहते हैं। उनका रहन-सहन, खानपान, बातचीत, सहकर्मियों से व्यवहार एवं जनता की समस्याओं पर प्रतिक्रिया इतनी हास्यजनक होती है कि वे अनायास टॉक ऑफ द फ्रैटर्निटी बन जाते हैं। प्रशासन में एब्नार्मल्स की एंट्री कोई नई बात नहीं है। अंग्रेजी जमाने में भी आईसीएस और आईपी में एब्नोर्मल्स चयनित हो जाते थे। एक श्री सिंह नैनीताल में कमिश्नर हुआ करते थे,जिनकी किसी भी सरकारी कागज पर हस्ताक्षर करने में रूह कांपती थी। अतः वह कोई भी फाइल अपने सामने प्रस्तुत होने पर किसी न किसी बहाने संबंधित बाबू को डांटकर भगा देते थे। इसके फलस्वरुप उनके कार्यालय के कमरे फाइलों से पटे रहते थे। कलेक्टरों के टीए बिलों पर उनके हस्ताक्षर न हो पाने के कारण वे भी परेशान रहते थे और इस प्रतीक्षा में रहते थे कि वह कब छुट्टी पर जाएं और वह अपने बिलों पर ऑफशियाटिंग कमिश्नर से हस्ताक्षर करवा लें।

इसके बरखिलाफ चूंकि मेधावान व्यक्तियों में एब्नार्मल पर्सनालिटी होने की संभावना अधिक रहती है, अतः सिग्निफिकेंट संख्या में एब्नार्मल अभ्यर्थी प्रशासकीय सेवाओं में आ जाते हैं। ये एब्नार्मल व्यक्तित्व के अधिकारी प्रशासन को प्रायः हास्य का विषय बनाते रहते हैं।

इसी तरह एक पुलिस अधिकारी रामपुर रियासत में आईजी हुआ करते थे,जिनको रियासतों के भारत में विलय के समय उत्तर प्रदेश पुलिस में उपाधीक्षक पुलिस के पद पर नियुक्ति दे दी गई थी। कुछ वर्ष बाद वह पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर नियुक्त हुए थे। वह भी सिग्नेचरोफोबिया से ग्रस्त थे। एक दिन उनको वायरलेस से पुलिस मुख्यालय का आदेश प्राप्त हुआ कि ए असेंबली क्वेश्चन का उत्तर अविलंब अपने हस्ताक्षर से भेजें। वायरलेस को उन्होंने चुपचाप रद्दी की टोकरी में फेंक दिया। फिर दो दिन बाद टेलीफोन पर आदेश दोहराया गया। अधीनस्थ अधिकारियों ने उत्तर का ड्राफ्ट बनाकर उनके सामने रख भी दिया,तब भी उन्होंने असेंबली क्वेश्चन के उत्तर पर हस्ताक्षर नहीं किए। इस पर मुख्यालय ने एक उपाधीक्षक को उनसे हस्ताक्षर करवाने हेतु सुल्तानपुर रवाना किया। इसकी सूचना मिलते ही वह दौरे पर प्रस्थान कर गए। सुल्तानपुर आकर जब उपाधीक्षक ने उनके दौरे के स्थान को प्रस्थान किया, तो वह दूसरी जगह चले गए और फिर डिप्टी साहब पीछे-पीछे और एसपी साहब आगे-आगे भागते रहे। अंत में डिप्टी साहब हारकर वापस लौट गए,क्योंकि कप्तान साहब चालाकी कर कहीं अज्ञातवास पर चले गए। उल्लेखनीय यह है कि फिर भी उन्हें कोई जनपद के चार्ज से न हटा सका, क्योंकि वे अधिकारियों को खुश रखने में माहिर थे। जब मैं एसपी बस्ती नियुक्त था, तब मेरे डीआईजी को बात करने का बहुत शौक था। जनपद में मुआइने पर आने पर वह अपनी बातों के दौरान एक किस्सा बार-बार दोहराया करते थे कि वह जब एसपी इटावा थे,तब उन्होंने अपने बंगले पर एक शेर पाला था,जो उनके बंगले के गेट पर रखे एक बड़े से पिंजड़े में रहता था। वह अक्सर कॉन्स्टिपेशन का शिकार रहता था और अंततः कॉन्स्टिपेशन का शिकार होकर मर गया था। उनका शेर पालन का यह किस्सा इतना लंबा खिंचता चला जाता था कि मुझे कॉन्स्टिपेशन होने लगता था,परंतु फिर भी मैं ध्यान की मुद्रा बनाकर उनकी कथा सुना करता था,क्योंकि उनके मुआयने का परिणाम मेरे कार्य पर निर्भर न होकर इस पर अधिक निर्भर करता था कि मैं कितने मनोयोग से उनकी बात सुनता था।

महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

संकट भी बढ़ा सकती है नकली बरसात

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

वायु प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं हैं। देश के सभी महानगर और राजधानियां जाड़ा आते ही जहरीले धुएं से घुटने लगते हैं।

इस बार जाड़ा पड़ने से बहुत पहले जब दिल्ली हर बारिश के बाद डूब रही है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए गठित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को यह बताने के लिए कहा कि सर्दियों में प्रदूषण में बेतहाशा बढ़ोतरी से कैसे निपटेगा। जब इस बारे में कार्य योजना की बात हुई तो दिल्ली सरकार का विंटर प्लान के नाम पर एक नया शिगूफा सामने आ गया, कृत्रिम बरसात।

असल यह समझना होगा कि पर्यावरण से जुड़ी किसी भी समस्या का संपूर्ण निराकरण किसी तकनीकी में नहीं,बल्कि आत्म नियंत्रण में छुपा है। तकनीकी तात्कालिक कुछ राहत दे सकती है,लेकिन वह निराकरण नहीं है। जिस कृत्रिम बरसात का झांसा दिया जा रहा है,उसकी तकनीक को समझना जरूरी है। इसके लिए हवाई जहाज से सिल्वर-आयोडाइड और कई अन्य रासायनिक पदार्थों का छिड़काव किया जाता है,जिससे सूखी बर्फ के कण तैयार होते हैं। असल में सूखी बर्फ ठोस कार्बन डाइऑक्साइड ही होती है। सूखी बर्फ की खासियत होती है कि इसके पिघलने से पानी नहीं बनता और यह गैस के रूप में ही लुप्त हो जाती है। यदि परिवेश के बादलों में थोड़ी भी नमी होती है तो यह सूखी बर्फ के कणों पर चिपक जाते हैं और इस तरह बादल का वजन बढ़ जाता है,जिससे बरसात हो जाती है।

एक तो इस तरह की बरसात के लिए जरूरी है कि वायुमंडल में कम से कम 40 फीसदी नमी हो। फिर यह थोड़ी सी देर की बरसात ही होती है। इसके साथ यह खतरा बना रहता है कि वायुमंडल में कुछ ऊंचाई तक जमा स्माग और अन्य छोटे कण फिर धरती पर आ जाएं। साथ ही सिल्वर आयोडाइड सूखी बर्फ के धरती पर गिरने से उसके संपर्क में आने वाले पेड़, पौधे, पक्षी और जीव ही नहीं नदी-तालाब पर भी रासायनिक खतरा संभावित है। यह वैश्विक रूप से प्रामाणिक तथ्य हैं कि नकली तरीके से बरसात करवाना कई बार बहुत भारी पड़ता है। फिर उस दिल्ली एनसीआर में जहां कुछ मिनट की बरसात से सड़कों पर नदी, नाले भरने से जाम होता है और यही जाम तो दिल्ली के हवा में सबसे अधिक जहर घोलता है। जाहिर है बरसात से जितना प्रदूषण कम नहीं होगा उससे अधिक बरसात के कारण वाहनों के ठिठकने से उपजे धुएं से बढ़ेगा ही।

समझना होगा कि कृत्रिम बारिश से होने वाली भारी बारिश से बाढ़ आ सकती है,जिससे जान-माल की हानि हो सकती है। पिछले साल दुबई और पास के अरब देशों में अचानक भयानक बरसात और बाढ़ का कारक वहां कृत्रिम बारिश को भी माना जा रहा है। यही नहीं किसी एक इलाके में इस तरह की बरसात से दूसरे इलाकों में सूखा पड़ सकता है। कृत्रिम बारिश हवा के पैटर्न और तापमान में अचानक बदलाव ला सकती है। इससे कई संक्रामक रोगों के वायरस उपजने की संभावना होती है। एक बात और इस तरह की बरसात से जलवायु परिवर्तन की गति तेज होने की प्रबल आशंका है। यह वैश्विक जल चक्र में बदलाव का औजार भी बन सकता है।

वायुमंडल में ओजोन का स्तर 100 एक्यूआई यानी एयर क्वालिटी इंडेक्स होना चाहिए, लेकिन जाम से हलकान दिल्ली में यह आंकड़ा 190 तो सामान्य ही रहता है। वाहनों के धुंए में बड़ी मात्रा में हाईड्रो कार्बन होते हैं और तापमान चालीस के पार होते ही यह हवा में मिलकर ओजोन का निर्माण करने लगते हैं। यह ओजोन इंसान के शरीर,दिल और दिमाग के लिए जानलेवा है। इसके साथ ही वाहनों के उत्सर्जन में 2.5 माइक्रो मीटर व्यास वाले पार्टिकल और गैस नाइट्रोजन ऑक्साइड है,जिसके कारण वायु प्रदूषण से हुई मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है।

वायु प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं हैं। देश के सभी महानगर और राजधानियां जाड़ा आते ही जहरीले धुएं से घुटने लगते हैं। दिल्ली में जो भी तरीका अपनाया वह सारा देश बगैर दूरगामी परिणाम जाने अपनाने लगता है। जाहिर है कि दिल्ली के असफल प्रयोग सारे देश के लिए त्रासदी बन जाते हैं। ऐसे में यहां कोई भी कदम उठाने से पहले इसके व्यापक प्रभाव पर गहन अध्ययन जरूरी है। शहरों में भीड़ कम हो, निजी वाहन कम हों, जाम न लगे, हरियाली बनी रहे, इसी से जहरीला धुंआ कम होगा। मशीनें मानवीय भूल का निदान होती नहीं। हमें जरूरत है ऐसी प्रक्रिया की,जिससे वायु को जहर बनाने वाले कारक ही जन्म न लें।

सोशल फोरम

भ्रष्टाचार का मुद्दा

राजनीति में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा है, लेकिन साहित्य में यह कभी मुद्दा ही नहीं रहा। यहां तक संपूर्ण क्रांति आंदोलन के समय नागार्जुन ने भ्रष्टाचार पर नहीं संपूर्ण क्रांति पर लिखा, इंदिरा गांधी पर लिखा। जबकि यह आंदोलन भ्रष्टाचार के खिलाफ था।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

साहित्य में भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति इस बात का संकेत है कि लेखक इसे मसला नहीं मानते। दूसरा बड़ा कारण साहित्य का मास कल्चर के सामने आत्मसमर्पण और उसके साथ सामंजस्य बिठाने की कोशिश करना है। साहित्य में मूल्य, नैतिकता, परिवार और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर खूब लिखा गया है, लेकिन आर्थिक भ्रष्टाचार पर नहीं लिखा गया है। आर्थिक भ्रष्टाचार सभी किस्म के भ्रष्टाचरण की धुरी है। यह प्रतिवाद को खत्म करता है। उत्तर आधुनिक अवस्था का यह प्रधान लक्षण है। इसकी धुरी है व्यवस्थागत भ्रष्टाचार। इसके साथ नेताओं में संपदा संचय की प्रवृत्ति बढ़ी है। अबाधित पूंजीवादी विकास हुआ है। उपभोक्तावाद की लंबी छलांग लगी है और संचार क्रांति हुई है। इन लक्षणों के कारण सोवियत अर्थव्यवस्था धराशायी हो गई। सोवियत संघ और उसके अनुयायी समाजवादी गुट का पराभव हुआ। फ्रेडरिक जेम्सन के शब्दों में यह 'आधुनिकीकरण की छलयोजना' है। अस्सी के दशक से सारी दुनिया में सत्ताधारी वर्गों और उनसे जुड़े शासकों में पूंजी एकत्रित करने,येन-केन प्रकारेण दौलत जमा करने की लालसा देखी गई। इसे सारी दुनिया में व्यवस्थागत भ्रष्टाचार कहा जाता है और देखते ही देखते सारी दुनिया उसकी चपेट में आ गई।

आज व्यवस्थागत भ्रष्टाचार सारी दुनिया में सबसे बड़ी समस्या है। भारत में इसके जनक हैं नरसिंहाराव-मनमोहन। यह मनमोहन अर्थशास्त्र है। भ्रष्टाचार को राजनीतिक मसला बनाने से हमेशा फासीवादी ताकतों को लाभ मिला है। यही वजह है लेखकों ने आर्थिक भ्रष्टाचार को कभी साहित्य में नहीं उठाया। भ्रष्टाचार वस्तुतः नव्य उदार आर्थिक नीतियों से जुड़ा है। आप भ्रष्टाचार को परास्त तब तक नहीं कर सकते जब तक नव्य उदार नीतियों का कोई विकल्प सामने नहीं आता।

-फेसबुक वॉल से

किस्म-किस्म की रस्सियां

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक

एक डर ये भी लगा कि सुसाइड में नाकाम रहने पर समाज व परिवार भले ही रहम कर जाए पर कानून नहीं करेगा। मुकदमा चलेगा। वकील करना पड़ेगा। अच्छा-खासा पैसा खर्च होगा। इतनी भाग-दौड़ करनी होगी कि आदमी यों ही जीते-जी मर जाए और खुद को प्रताड़ित करना सिद्ध होने पर सजा का भी प्राविधान है।

जब कभी किसी को रस्सी के फंदे से झूलकर आत्महत्या की खबर पढ़ता हूं तो मैं विचलित ही नहीं व्यथित भी हो जाता हूं। सीधा चालीस साल पीछे चला जाता हूं। उन दिनों मैं अवसाद के दौर से गुजर रहा था। मुझे याद आता है। मैं बाजार जाता हूं रस्सी खरीदने एक दुकान में घुसता हूं। भांति-भांति की रस्सियां टंगी थीं। उन दिनों नायलोन की रस्सी नहीं मिलती थी। सूत वाली या नारियल वाली रस्सियों की भरमार होती थी।

मैंने दुकानदार से कहा-"कोई मजबूत किस्म की रस्सी चाहिए,जो सत्तर किलो का बोझ सह सके"। दुकानदार ने कहा-"मिल जाएगी,लेकिन श्रीमान जी प्रयोजन तो बताएं"। सुनकर गुस्सा आ गया - "अरे भाई, तुमको इससे क्या मतलब? मुझे आत्महत्या करनी हो या चाहे कुएं से आदमी को बाहर खींचना हो"। दुकानदार समझदार था। बोला-"माफ करना भाई। मैंने तो यों ही पूछ लिया"। फिर दुकानदार ने एक मजबूत रस्सी की ओर इशारा करते हुए कहा- "यह वाली ले लें। दोनों ही प्रयोजन संपन्न करेगी, आदमी के झूला झूलने का भी और कुएं से बाल्टी खींचने का भी,लेकिन इस बात का ख्याल रहे कि हुक मज़बूत हो"।

मुझे ख्याल आता है कि यूपी आवास-विकास परिषद् से जब मकान खरीदा था बताया गया था कि यह हुक सिर्फ पंखा लटकाने के लिए ही है। पंखा इंसान से हल्का होता है। इसका मतलब यह हुआ कि हो सकता है कि हुक मेरा सत्तर किलो का बोझ न सह सके। हुक के टूटने का मतलब यह होगा कि मेरे साथ पंखा भी नीचे आ गिरे। सर पर चोट लग सकती है। चोट ज्यादा हुई तो डॉक्टर सीटी स्कैन रेफर करेगा। फिर ऑपरेशन लंबा खर्चा बैठ जाएगा। आत्महत्या का उद्देश्य तो पीछे छूट जाएगा और फिर पिछले महीने पैसा-पैसा जोड़कर खरीदे पंखे की ठंडी-ठंडी हवा का अभी कायदे से लुत्फ भी नहीं उठा पाया हूं।

एक मुसीबत और भी है। पत्नी दिन भर साए की भांति चिपकी रहती है। हर पंद्रह मिनट पर झांकने आती है कि निठल्ला पति कर क्या रहा है? हुक से रस्सी फंसाने के लिए कम से कम आधा घंटा टाइम चाहिए। सुसाइड नोट भी तो लिखना होगा। बहुत सोच-समझकर लिखना होगा,लेकिन ठोस कारण भी तो होना चाहिए। किससे परेशान हूं? खुद से या पत्नी से? या ऑफिस के कामकाज या साथियों से। या फिर अड़ोस-पड़ोस से। मगर इनमें से कोई भी तो कारण नहीं? ऐसा न हो कि इतना हल्का कारण हो कि किसी को यकीन ही न हो कि सुसाईड का इतना हल्का कारण भी हो सकता है। खिल्ली उड़ेगी अलग से। फिर तो फिलहाल सुसाइड प्लान स्थगित करना ही उचित होगा। तभी पीछे से कोई चीखा- "अबे अंधा है क्या? देखता नहीं पीछे सड़क का बाप चला आ रहा है। मैंने पीछे मुड़कर देखा"। अरे यह क्या? जाने कब बेख्याली में मैं सड़क के बीचो-बीच आ गया था और एक ट्रक ड्राइवर मुझे भद्दी-भद्दी गालियां दे रहा था-"मरण जोग्यां नूं जाणे जाने क्यों मेरा ही ट्रक मिलदा है, भूतनी दिया"।

एक डर ये भी लगा कि सुसाइड में नाकाम रहने पर समाज व परिवार भले ही रहम कर जाए पर कानून नहीं करेगा। मुकदमा चलेगा। वकील करना पड़ेगा। अच्छा-खासा पैसा खर्च होगा। इतनी भाग-दौड़ करनी होगी कि आदमी यों ही जीते-जी मर जाए और खुद को प्रताड़ित करना सिद्ध होने पर सजा का भी प्राविधान है। हटाओ, छोड़ो। साला सुसाइड करने में कितना झंझट है, मगर इस रस्सी का क्या करूं? रखे रहो। कभी किसी कुएं में डूबते हुए को सहारा देने के काम आएगी। तभी घर आ गया। पत्नी ने हाथ में रस्सी देखी तो बोली-" अरे वाह! मैं इसी के बारे में सोच रही थी। आंगन में बांधेंगे कपड़े सुखाने के लिए"।

बागवानी उत्पादन में गिरावट

हार्टिकल्चर अर्थात बागवानी लेटिन शब्द हाट्र्स (उद्यान) और कल्चर (कृषि) से मिलकर बना है, इस समय भारत बागवानी फसलों के उत्पादन में विश्व में दूसरे स्थान पर है। वही निर्यात के मामले में भारत सब्जियों के मामले में 14 वें और फलों के मामले में 23 वें स्थान पर है,जबकि भारत में उत्तर प्रदेश के बाद मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल बागवानी उत्पादन में शीर्ष राज्य है। बागवानी उत्पादन के हाल में जारी तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार वर्ष 2023-24 (जुलाई से जून) में पिछले वर्ष के 355. 48 मिलियन टन से . 65 प्रतिशत घटकर 355.19 मिलियन टन रहने का अनुमान है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अधिकारियों का मानना है कि कुल बागवानी उत्पादन में गिरावट सब्जियों के कम उत्पादन के कारण आई है। प्याज का उत्पादन 242.4 लाख टन रहने की उम्मीद है। आलू का उत्पादन 5.70 करोड़ टन रहने की संभावना है। बिहार और पश्चिम बंगाल में कम उत्पादन के कारण यह आंकड़ा सालाना आधार पर गिरावट दर्शाता है। जबकि फलों की फसल में कुछ वृद्धि हुई है। इस बार सब्जी का उत्पादन 205. 80 मिलियन टन रहने का अनुमान है,जो 2022-23 के 212. 55 मिलियन टन से कम है। हालांकि टमाटर,गोभी और फूल गोभी के उत्पादन में वृद्धि ने आलू और प्याज जैसी प्रमुख फसलों के गिरावट की भरपाई कर दी है।

फलों का उत्पादन 2023-24 में 2.29 प्रतिशत बढ़ कर 112.73 मिलियन टन होने का अनुमान है।

मंत्रालय के अनुसार आम, केला, नीबू,अंगूर और शरीफे आदि का उत्पादन बढ़ा है,जबकि सेब,अमरूद, लीची,अनार आदि का उत्पादन थोड़ा कम हुआ है। यह आंकड़े भारत में बागवानी क्षेत्र के मिश्रित प्रदर्शन को बताते हैं,जिसमें कुछ फसलें तो फल फूल रही हैं,परंतु अन्य को कठिन समय का सामना करना पड़ रहा है।

82 खंड शिक्षा अधिकारियों पर कार्रवाई की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासन ने शिक्षकों के वेतन वृद्धि को रोकने पर जारी किया कारण बताओ नोटिस

अमृत विचार : प्रदेश में 82 खंड शिक्षा अधिकारियों पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। शासन ने शिक्षकों की वेतन वृद्धि को रोकने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

प्रदेश में एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरित होकर गए 27,000 शिक्षकों की वेतन वृद्धि संबंधित मामले लंबित हैं। विधान परिषद में शिक्षक दल के नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने इस मामले को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाते हुए शिक्षकों के वेतन वृद्धि आदेश जारी कराने की मांग की थी। मुख्यमंत्री सचिवालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बेसिक शिक्षा विभाग से अद्यतन जानकारी मांगी थी। बताया जा रहा है कि बेसिक शिक्षा विभाग ने जब संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों से पूछताछ की तो ज्यादातर ने वेतन वृद्धि संबंधित पत्रावलियों को लंबित रखने का मुख्य कारण रिकॉर्ड मिलान न हो पाना बताया। शासन ने उनके तर्क से असहमति जताते हुए कहा था कि सभी की सेवा पुस्तक ऑनलाइन हैं। इस जवाब को कतई संतोषजनक नहीं माना जा सकता। ऐसे में शासन ने नई नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर संबंधित सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से जवाब मांगने के निर्देश दिए हैं।

विभाग के शीर्ष अधिकारियों का कहना है कि सभी शिक्षकों की सेवा पुस्तिका ऑनलाइन है, सभी के रिकॉर्ड का मिलान कुछ मिनट में किया जा सकता है। ऐसे में रिकॉर्ड मिलान के नाम पर पत्रावलियों को लटकाए रखना उचित नहीं है।

भिक्षावृत्ति में फंसे बच्चों को भी मुक्त कराना महिला आयोग के जिम्मे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश सरकार का निर्देश, ऐसे बच्चों की पढ़ाई, आवास आदि की व्यवस्था कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने में महिला आयोग निभाएं प्रभावी भूमिका
- राज्य महिला आयोग के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री ने की बैठक कहा- सकारात्मक भाव से करें दायित्वों का निर्वहन

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी ने नवगठित राज्य महिला आयोग की पदाधिकारियों, सदस्यों से कहा कि देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रभावी होने जा रहा है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की कुल सीटों में से एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

महिला हितों के संरक्षण तथा उनके कल्याण में राज्य महिला आयोग की बड़ी भूमिका है। आयोग इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार करे। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि भिक्षावृत्ति की अवैध गतिविधियों में फंसे बच्चों को मुक्त कराकर उनकी पढ़ाई, आवास आदि की व्यवस्था कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने की मुहिम में भी राज्य महिला आयोग प्रभावी योगदान करे।

मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर नवगठित राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष द्वय और सदस्यों सहित सभी पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य महिला आयोग के गठन के उद्देश्यों, दायित्वों, अधिकारों पर भी चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर महिला आयोग के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग के पदाधिकारियों को जनपदीय प्रवास के दौरान इन प्रयासों, कार्यक्रमों के बारे में स्थानीय महिलाओं से संवाद करना चाहिए। वहां से प्राप्त फीडबैक से मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराया जाना अपेक्षित है। यदि कतिपय कारणों से किसी को योजना का लाभ नहीं मिल सका है, तो उनके लिए आयोग द्वारा संस्तुति भी की जानी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने आयोग के सुचारु कामकाज के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

एक नजर

सीमावर्ती गांवों में लंपी से बचाव को टीकाकरण तेज

अमृत विचार, लखनऊ : गोवंशों को लंपी स्किन डिजीज बीमारी से बचाने के लिए पशुपालन विभाग ने सीमावर्ती गांवों में चेन बनाकर टीकाकरण तेज कर दिया है। पहले से टीकाकरण होने से गोवंश आसपास जिलों से फैलने वाले संक्रमण की चपेट में नहीं आएंगे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि जिले में 15 सितंबर से लंबी स्किन डिजीज विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया है। 31 अक्टूबर तक गोशाला व पशुपालकों के 1,71,500 गोवंशों को गोट पॉक्स वैक्सीन लगाने का लक्ष्य है। इसके लिए 18 टीमें क्षेत्रों में सक्रिय हैं। 60 हजार से अधिक गोवंशों का टीकाकरण हो चुका है। यह वायरस गोवंशों में एक से दूसरे जिले में फैलकर बढ़ता है। इसकी रोकथाम के लिए जिले की सीमा में 10 किमी तक के गांव में चोरोंतरफ से चेन बनाकर गोवंशों का विशेष टीकाकरण करा रहे हैं। बाहर गोवंशों के सुरक्षित होने से संक्रमण नहीं फैलेगा।

पान-मसाला का उपयोग न करने के लिए किया जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ : 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा' के अन्तर्गत मंगलवार को राजभवन में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के घटक 'आईईटी' की नाट्य संस्था 'जोश' की ओर से 'रेड स्पॉट' नाटक प्रस्तुत किया गया। इसमें प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान व पान मसाला खाने के दुष्प्रभाव व इसे खाकर इधर-उधर थूकने से होने वाली गंदगी से मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। कलाकारों ने उपस्थित लोगों को प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल जानी, कुलपति डॉ. जय प्रकाश पांडेय समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए।

15 दिन में सड़कों को बनाएं ऐसा कि चलने पर हो सुखद अनुभूति

मुख्यमंत्री ने की खराब सड़कों के सुधार कार्यों की विभागीय समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा, नई बनने वाली हर सड़क की 5 वर्ष की हो गारंटी, सड़क खराब हुई तो निर्माता एजेंसी ही करे पुनर्निर्माण
- एनएचएआई से बोले योगी अधूरे हाइवे पर न हो टोल वसूली

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आने वाले शारदीय नवरात्रि, दशहरा और दीपावली आदि पर्व और त्योहारों के मद्देनजर राज्य की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए जारी विशेष अभियान 10 अक्टूबर तक सम्पन्न करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व व त्योहारों पर प्रदेश में आवागमन सामान्य की अपेक्षा अधिक होता है। बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी आते हैं। हर एक आदमी के लिए सड़क पर चलना सुखद अनुभव वाला हो, यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। गड्ढामुक्ति, सड़कों की मरम्मत का काम अच्छी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने मंडी परिषद को निर्देश देते हुए कहा कि किसान सड़कों का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। किसानों की सुविधा का खास ध्यान रखा जाए। एफडीआर पद्धति से सड़कें बनाई जाएं। इस पद्धति के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों, धन व समय की बचत होती है तथा कार्य की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि मंडी समिति के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों की मरम्मत व ड्रेनेज का कार्य निर्धारित समय में पूरा किया जाए। क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं, एनएचएआई के अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक हाईवे का निर्माण कार्य पूरा न हो जाए तब तक टोल टैक्स की वसूली न की जाए।

गड्ढा मुक्ति अभियान के लिए विभागीय कार्ययोजना से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है, आवश्यकता है कि सभी विभाग बेहतर नियोजन करें। उन्होंने सभी विभागों को यह निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क बनाने वाली एजेंसी, ठेकेदार सड़क बनने के अगले पांच वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लेखित की जाएं।

विभागीय मंत्री व अधिकारी फील्ड में रैंडम दौरा कर निर्माण परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा करें। कार्यों के प्रति जवाबदेही भी तय की जाए। मुख्यमंत्री ने कार्य को मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइज़्ड किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सड़कों पर सीवर लाइन व पाइप लाइन आदि डालने के बाद ठीक ढंग से मरम्मत की जानी चाहिए। सड़कों पर ऊंचे ब्रेकर से दुर्घटना होने की संभावना बनती है। अतः सड़कों पर टेबल टॉप ब्रेकर का निर्माण किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गड्ढामुक्ति और नवनिर्माण के अभियान की जियो टैगिंग कराई जाए।

महिला स्वयं समूहों को भी जोड़ा जाए

मुख्यमंत्री के अनुसार, राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर मंडी समिति व औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सीएसआर पद्धति के माध्यम से पेयजल, टॉयलेट, कैंटीन आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। इस कार्य से महिला स्वयं समूहों को भी जोड़ा जाए। मंडियों में कैंटीन के माध्यम से किसानों के लिए कम कीमत में भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी, स्ट्रीट लाइट तथा साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

एमपी-एमएलए निधि से बनीं सड़कों की कार्य योजना बने

योगी के मुताबिक, एक्सप्रेसवे की मरम्मत का कार्य भी आगे बढ़ाया जाए। एमपी तथा एमएलए निधि के अंतर्गत बनी सड़कों की मरम्मत के लिए कार्य योजना तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना विभाग द्वारा गन्ना समिति तथा विद्यालयों के भवनों की मरम्मत की जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालयों की अवधारणा को केंद्र सरकार ने मॉडल के रूप में स्वीकार किया है। ग्राम सचिवालयों की तर्ज पर गन्ना समिति के कार्यालयों का अपग्रेडेशन किया जाए।

गड़बड़ी पर आधार से पकड़े जाएंगे सर्वेयर

अमृत विचार, लखनऊ : प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के सर्वे में इस बार फर्जीवाड़ा नहीं चलेगा। जांच या शिकायत में अपात्र मिलने पर सर्वेयर की आधार कार्ड से पहचान करके त्वरित कार्रवाई की जाएगी। सरकार का मकसद जरूरतमंदों को हर हाल में आवास देकर लाभान्वित करना है। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत प्रदेश में लाभार्थियों का चयन करने की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। सिर्फ केंद्र से सर्वे करने के लिए एप लांच होने का इंतजार है। इस वर्ष सरकार का मकसद किसी भी हालत में नए व पुराने लाभार्थी आवास योजना से छूटने नहीं चाहिए। इसके लिए कई नियम बनाएं हैं और प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए बदलाव किया गया है। सर्वे ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा किया जाएगा जो मौके पर सीधे घर आदि की स्थिति देखकर फोटो लेंगे और मुखिया व सदस्य का पूरा विवरण रजिस्टर पर दर्ज करेंगे। इससे संपूर्ण समाधान दिवस व अन्य जनसुनवाई के दौरान यदि कोई व्यक्ति आवास से वंचित होने की शिकायत करता है तो रजिस्टर पर विवरण देखा जाएगा। यदि रजिस्टर में नाम नहीं या अपात्र आदि की शिकायत मिली तो सर्वेयर को उसके आधार कार्ड से ट्रेस करके त्वरित कार्रवाई की जाएगी। सामान्य प्रक्रिया में संबंधित कर्मचारियों की पहचान मुश्किल से होती।

पीएम विश्वकर्मा योजना के सत्यापन में कौशांबी आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 27 लाख से अधिक लोगों ने किया था आवेदन

अमृत विचार : केंद्र सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना में 27 लाख से अधिक लोगों के आवेदन के दूसरे चरण में सत्यापन में कौशांबी आगे है। तीन चरणों में सत्यापन पूरा होने के बाद चयनित लोगों को योजना का लाभ दिया जाएगा।

पीएम विश्वकर्मा पोर्टल के माध्यम से 27,47,017 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। इन आवेदनों का त्रिस्तरीय सत्यापन कार्य जारी है। सत्यापन के साथ ही इन सभी आवेदनकर्ताओं के नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत अब तक 17,32,536 आवेदन का प्रथम स्तर पर, 2,09,172 आवेदन का द्वितीय स्तर और 80,844 आवेदन का तृतीय स्तर पर सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि सभी आवेदन का त्रिस्तरीय सत्यापन कराया जा रहा है। कौशांबी 80 प्रतिशत से अधिक सत्यापन के साथ शीर्ष पर है। गाजियाबाद दूसरे, बलरामपुर तीसरे, फिरोजाबाद चौथे व फतेहपुर 5वें स्थान पर है।

सभी का नामांकन पूरा होने के बाद प्रशिक्षण व ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के तहत लाभार्थियों को पीएम विश्वकर्मा सर्टिफिकेट व आईडी कार्ड के साथ स्किल अपग्रेडेशन, टूलकिट इंसेंटिव, क्रेडिट सपोर्ट समेत डिजिटल ट्रांजेक्शन पर इंसेंटिव व मार्केटिंग सपोर्ट जैसे लाभ मिलेंगे। साथ ही एक लाख और दो लाख लोन की सुविधा दी जाएगी।

अधिकरियों ने बताया कि 7,606 आवेदन को बैंक को भेजा गया है। इनमें से अब तक 2,457 आवेदन को स्वीकृत कर दिया गया है जबकि 1,326 लोगों को ऋण वितरित किया जा चुका है।

वर्ग पहेली-202

बाएं से दाएं

1.1. पोस्ते की फली 2. कुछ विशिष्ट पौधों की बड़ी कली जिसमें उस पौधे के फल या बीज रहते हैं, बौड़ी।

3.1. नशीले पेय तथा फलों के रस से बनाया जाने वाला एक पेय, एकाधिक मदिराओं का मिश्रित पेय मांड़ा

6. मरने की इच्छा, मरण कामना, मरणाशंसा।

8. (अंधविश्वास) एक प्रकार के भूत-प्रेत, एक योनि जिसमें पड़ी आत्माएं मनुष्य जीवन में बाधा उत्पन्न करती हैं।

9.1. नम्रता, शालीनता 2. लज्जाशीलता, शिष्टता, सुशीलता।

ऊपर से नीचे

2. पुराने आधे पैसे के बराबर का सिक्का, अधेले के मूल्य का सिक्का।

4.1. दूषित अथवा मलिन होने की अवस्था या भाव, मैल, मलिनता, गंदगी 2. पाप, पातक 3. गुस्सा, क्रोध 4. कलंक, अपयश, बदनामी 5. अपवित्रता 6. कालिमा 7. विकार।

5.1. जो ख़ास हो, जो मामूली न हो, असाधारण, विशिष्ट 2. प्रचलित परंपरा से भिन्न।

7.1. तपना, गरमाना, गरम होना 2. संतप्त होना 3. जलना।

8.1. बाप, तात, जनक 2. संतान का जन्मदाता पुरुष।



वर्ग पहेली -201 का हल

1 म	हा	ल	2 य		3 घा
ज़ा			था		नी
4 कि	ब	ला	नु	मा	
या			पा		5 नं
	6 ए	त	का	द	
					रा
	7 अ	भि	मा	नि	नी

आठ प्रमुख विश्वविद्यालयों में स्थापित होंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चार करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत, वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार हो सकेंगे शिक्षक और छात्र
- शोध, नवाचार व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र बनेंगे विश्वविद्यालय
- रुहेलखण्ड विवि बरेली पूर्वांचल विवि जौनपुर, लखनऊ विवि, छत्रपति शाहू जी महाराज विवि कानपुर समेत अन्य विश्वविद्यालय शामिल

अमृत विचार : राज्य सरकार आठ प्रमुख विश्वविद्यालयों में कुल 58 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करने जा रही है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को बढ़ावा देना है। इससे छात्र और शिक्षक इस क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनेंगे। इसके लिए शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विश्वविद्यालयों को कुल 3 करोड़ 88 लाख 77 हजार 800 रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस धनराशि से छात्रों और शिक्षकों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

उच्च शिक्षा मंत्री, योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना से न केवल छात्रों को शोध और तकनीकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में नई संभावनाएं मिलेंगी, बल्कि यह विश्वविद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में भी सुधार लाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे विश्वस्तरीय शिक्षा और संसाधनों का लाभ उठाकर अपने कॅरियर को नई दिशा दे सकें।

दरअसल, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत विश्वविद्यालयों में प्रोजेक्ट फेलो के साथ-साथ अत्याधुनिक शोध उपकरण, पुस्तकालयों का विकास और डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाना है। यह न केवल छात्रों के शैक्षिक विकास को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उन्हें उद्योग और अनुसंधान क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय स्तर पर योजना की मॉनीटरिंग की जाएगी और शासन को अवगत कराया जाएगा।

ये विश्वविद्यालय शामिल

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ और छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर को शामिल किया गया है।

सुडोकू -115

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

4	8					7		9
9			2					3
	5		3			8	4	
8		4	5				6	
		1				2		
	7				8	4		5
	1	5			9		8	
6					1			4
3		8					5	1

सुडोकू - 114 का हल

9	2	8	3	4	5	7	1	6
1	6	5	7	8	2	9	3	4
7	4	3	9	6	1	8	5	2
5	7	4	8	3	6	2	9	1
2	8	6	5	1	9	4	7	3
3	1	9	4	2	7	6	8	5
8	5	2	1	9	4	3	6	7
4	3	7	6	5	8	1	2	9
6	9	1	2	7	3	5	4	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 सितंबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 12.10 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 22.23 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज आपको मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। माता या मातातुल्य स्त्रियों का सम्मान करें। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। मित्रों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। जल्दबाजी के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं।

वृष — आज किसी रिश्तेदार से सुखद समाचार मिलने से मन प्रसन्न होगा। आपकी आय में भी वृद्धि होने की संभावना है। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को जबरदस्त सफलता मिल सकती है।

मिथुन — आज आपके स्वभाव में ताजगी रहेगी। अनुशासित जीवनशैली के कारण स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। अधिक थकान के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपने लक्ष्यों को तय समय पर पूर्वनियोजित तरीके से पूरा कर लेंगे।

कर्क — आज अपने हिसाब-किताब का विवरण स्पष्ट रखें। यात्रा के दौरान सावधानी और सुरक्षा का ध्यान रखें। भावुक होने के बजाय व्यवहारिक रहें तभी प्रसन्न रह पाएंगे। नई जानकारियों को एकत्र करने में लगे रहेंगे। व्यापार में आ रही गिरावट दूर होगी।

सिंह — आज आपके ऊपर काम का दबाव रह सकता है। अपने आत्मविश्वास और मनोबल में कमी न आने दें। परिजनों से भावनात्मक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी के साथ वाद-विवाद को टालने का प्रयास करें। पुराने कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कर लें।

कन्या — आज सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। घर की समस्याओं को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझा लेंगे। प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित रहेंगे। भविष्य की योजनाओं पर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं।

तुला — आज आपकी दिनचर्या बहुत ही व्यवस्थित रहेगी। कॉलेज विद्यार्थियों को जॉब के मौके मिल सकते हैं। कठोर वचन बोलने से आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। लोग आपके काम का श्रेय ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के बीच काफी अच्छा तालमेल रहेगा।

वृश्चिक — आज किसी पुराने मामले को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। बुजुर्ग लोगों का अनादर न करें। घर में मेहमान आ सकते हैं। लोगों की मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे। बच्चे पढ़ाई में विशेष ध्यान देंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

धनु — आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। धन का अनावश्यक अपव्यय करने से बचें। मेहनत का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। असंतुलित खानपान के कारण आपको परेशानी हो सकती है। स्त्री जातकों को कष्टपूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

मकर — आज मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। व्यापार में आपको पुराने संपर्कों का बेहतरीन लाभ मिलेगा। नया कार्य शुरू करना हितकर रहेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

कुंभ — आज लोग आपसे काफी अपेक्षा करेंगे। साझेदारी में नए काम शुरू कर सकते हैं। शत्रुओं के ऊपर आपको विजय मिलेगी। नौकरीपेशा लोगों को ज्यादा काम करना पड़ेगा। मेडिकल शोध से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिल सकती है।

मीन — आज आपके जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। बड़ों के द्वारा होने वाले सुझावों पर गौर अवश्य करें। बुखार और सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपनी कार्यक्षमता को लेकर भ्रम की स्थिति रहेगी। क्रोध के कारण अवसरों को खो सकते हैं।

आज की फिल्में

16 दिसंबर — सुबह : 09.41
छतरीवाली — रात : 07.56
बोल राधा बोल — सुबह : 10.49
शर्माजी नमकीन — रात : 08.00

रेडी प्लेयर वन — सुबह : 10.41
स्पाइडर मैन 2 — रात : 09.00
किसी का भाई किसी की जान — सुबह : 11.45
भीमा — रात : 08.00
वज्रकाया — सुबह : 10.50
गद्दार — रात : 09.51

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह : 11.45 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस-हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चलकर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति- पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी- अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

एक नजर

करंट लगने से झुलसा युवक

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। मंगलवार शाम बबुरिया खेड़ा मजरे बिशुनपुर गांव का रहने वाला सूरज पुत्र श्रीकृष्ण घर पर छत की ढलाई के बाद टुल्लू की पाइप से पानी डाल रहा था। तभी वह घर के बगल से गुजरे बिजली के तार की चपेट में आ गया, जिससे वह झुलस गया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का क्षत-विक्षत शव

अमावां, रायबरेली, अमृत विचार। मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-प्रतापगढ़ रेल मार्ग पर मंगलवार की सुबह ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर शिनाख्त के लिए सुरक्षित करवा लिया है। दुर्घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली प्रतापगढ़ रेल मार्ग पर सर्वोदय नगर क्रॉसिंग के पास की है। रेलवे ट्रैक पर शव पड़े होने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इस संबंध में एरिया इंस्पेक्टर राजेश सिंह ने बताया कि 35 वर्षीय मृत युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव का पंचनामा कर के लिए सुरक्षित रखवा लिया गया है। जांच पड़ताल जारी है।

साइबर अपराधों से बचने की दी सलाह

रायबरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) द्वारा 16 से 15 नवंबर तक निवारक सतर्कता पर तीन महीने का अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य वक्ता राहुल विश्वकर्मा (साइबर अपराध सुरक्षा प्रशिक्षक, एटीएस स्क्वाड मुख्यालय, लखनऊ) ने आधुनिक दौर में बढ़ते साइबर अपराधों और उनकी रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान निफ्ट रायबरेली के अधिकारियों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों को ई-नेटवर्क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। निफ्ट रायबरेली के निदेशक नन्दन सिंह बोरा ने सभी कर्मचारियों को दैनिक जीवन में साइबर सुरक्षा के सुझावों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

रायबरेली, अमृत विचार। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स मुंशीगंज ने स्वच्छता पखवाड़ दिवस मनाया गया। निदेशक प्रो. डॉ. अरविंद राजवंशी के निर्देशन व अधीक्षक प्रो. डॉ. सुयश सिंह के नेतृत्व में डॉ. अभय सिंह की टीम मंगलवार को विनोहरा गांव के प्राथमिक विद्यालय पहुंची। विद्यालय की साफ-सफाई के साथ बच्चो को हाथ धुलने व घरो के आसपास गंदा पानी जमा होने से उत्पन्न मछरो से होने वाली विमारी के बारे मे बताया व जागरूक किया। बच्चों में पुरस्कार वितरित कर साफ-सफाई के प्रति उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर नर्सिंग दीपक, पिंटो, प्रियंका, स्वाति मौजूद रही।

गंगौली गांव का अमृत सरोवर बना पर्यटन का केंद्र, लग रही भीड़

महिलाएं, बच्चे और युवाओं के लिए बना आकर्षण का केंद्र, सरोवर में जल्द बोटिंग का लुत्फ भी उठा सकेंगे पर्यटक

रमेश शुक्ला, ऊंचाहार

ऊंचाहार के गंगौली में स्थित सुसज्जित अमृत सरोवर। अमृत विचार

गंगौली के अमृत सरोवर में बतख को भोजन चुगाते लोग। अमृत विचार

रायबरेली, अमृत विचार: सरोवर के किनारों पर लहराती हरियाली, सरहदों में हिलोरे मारतीं पानी की लहरें। ऊंचाइयों को छूने को मचलते पेड़ों की टहनियां। इस मनोरम जगह पर भ्रमण के लिए चारों ओर बना पाथवे, बच्चों के लिए झूले, सेल्फी प्वाइंट, सुगंधित फूलों से सजे किनारे, यहां के वातावरण को बैठकर महसूस करने के लिए जगह-जगह बनी बेंच... और न जाने क्या-क्या। ये दृश्य किसी पर्यटन स्थल, झील या झरने के किनारे का नहीं बल्कि ऊंचाहार के गंगोली गांव में नवविकसित हुए अमृत सरोवर का है। सरकार की इस योजना ने इस पोखर को न सिर्फ जीवन दिया, गांव को पहचान दी और पर्यावरण को अमृत दे दिया है।

पिछले वित्तीय वर्ष में इस अमृत सरोवर को विकसित किया गया है। प्रकृति की गोद में समाहित गंगोली गांव का यह अमृत सरोवर आज आसपास के जनपदों में ख्याति अर्जित कर चुका है। रोज सैकड़ों की संख्या में लोग यहां पहुंच रहे है, विशेषकर महिलाएं, बच्चे और युवाओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां पर बुजुर्गों से लेकर युवा बच्चों तक की व्यवस्था है। झूले है, सेल्फी प्वाइंट है, लॉन है, सरोवर के चारों ओर पेड़ों की अद्भुत प्राकृतिक छटा इसके सौंदर्य में चार चांद लगा रही है। सरोवर का भव्य गेट बनाया गया है, सरोवर में सारस छोड़े गए हैं, जो आने वाले लोगों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करते है। इसके किनारों पर छायादार और फलदार पौधे रोपे गए हैं।

शाम होते ही जगमग हो जाता है सरोवर: गंगोली गांव के अमृत सरोवर में शाम होते ही भीड़ जुटनी शुरू हो जाती है। यहां ऊंचाहार क्षेत्र के अलावा प्रतापगढ़, अमेठी, कौशांबी जनपदों से लोग पहुंचते है। प्रकृति के अद्भुद सौंदर्य से सजे सरोवर में जब रात में बिजली की रोशनी पड़ती है तो पूरा सरोवर जगमग हो जाता है। पूरे सरोवर में जगह-जगह लगी लाइटें इसके सौंदर्य में चार चांद लगा देती हैं।

45 लाख रुपये की लागत से तैयार हुआ सरोवर: इस अमृत सरोवर को सजाने संवारने में कुल करीब 45 लाख रुपए खर्च हुए है। जिसमें शासन की ओर से 39 लाख रुपए का भुगतान हुआ है। शेष राशि ग्राम प्रधान बबिता यादव ने खर्च किया है। इस सरोवर में अब बोटिंग की भी व्यवस्था का प्रयास किया जा रहा है, जिसके लिए शासन से बजट का इंतजार है।

> सरोवर का निर्माण और सजाने का काम शुरू हुआ तो लोगों ने प्रधान की तारीफ शुरू की, जिससे उत्साह और ऊर्जा मिली। इसलिए इसको सजाने में कोई कसर नहीं रखी गई। जिसका परिणाम यह हुआ कि यह अमृत सरोवर आज पर्यटन स्थल के रूप में ख्याति अर्जित कर रहा है।
>
> **-अमर पाल यादव, प्रधान प्रतिनिधि, गंगोली-ऊंचाहार**

तर्पण

स्व. देवेंद्र सिंह।

सरेनी, रायबरेली। मेरे पिता स्व. देवेंद्र सिंह (दिब्बू सिंह) का निधन 2021 में हो गया था। उन्होंने हमेशा हमें ईमानदारी, मेहनत से जीने की कला एवं गरीबों की मदद करने की प्रेरणा दी। उनकी इस प्रेरणा की वजह से अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाया व लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर हूं। पितृपक्ष में मैं उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन करता हूं। उनका आशीर्वाद आज भी हमारे परिवार के साथ है, जिससे मुझे लगातार सफलताएं हासिल हो रही है।

सोमेंद्र सिंह, ग्राम रौतापुर कलां, सरेनी, रायबरेली।

डीएम ने रवाना किया तंबाकू मुक्ति युवा अभियान रैली

संवाददाता, रायबरेली

तंबाकू मुक्ति युवा अभियान रैली को हरी झंडी दिखातीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

अमृत विचार: जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली के प्रांगण से तम्बाकू मुक्त युवा अभियान रैली का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने बताया कि आज से शुरू हो रहे 60 दिवसीय 24 सितंबर से 24 नवंबर तक तम्बाकू मुक्त युवा अभियान चलेगा। उन्होंने अभियान के दौरान जनपद में 800 शिक्षण संस्थानों को "तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान" आपरेशनल गाइडलाइन के अनुसार तम्बाकू मुक्त बनाने, 100 गावों को "तम्बाकू मुक्त" एवं 80 एनफोर्समेन्ट गतिविधियों एवं 150 आईईसी कैम्पेन/गतिविधियों को सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए संपादित कराने के निर्देश दिया।

सीएमओ डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग द्वारा समस्त गतिविधियाँ समय पर समन्वय कर सूचना विभाग के माध्यम से आम जनमानस को जागरुक किया जाए। सहयोगी विभाग दिवस वार संपादित गतिविधियों को जनपद तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ, कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उपरोक्त के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में सभी सहयोगी विभागों की समन्वय बैठक का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा एक सप्ताह बाद समीक्षा बैठक आयोजित होगी। बैठक के पूर्व सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। पूनम यादव जिला सलाहकार तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ट ने समस्त गतिविधियों का संचालन किया। बैठक में डा. सौरभ पाल एम्स रायबरेली, बृजलाल वर्मा, प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी, रत्नेश श्रीवास्तव प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक, रमेश चन्द्र यादव उप निरीक्षक पुलिस विभाग, डा सुनील अग्रवाल चिकित्सा अधिकारी जिला कारागार, डा. अरूण वर्मा नोडल अधिकारी एनसीडी आदि मौजूद रहे।

नहर में उतराता मिला युवक का शव

रायबरेली, अमृत विचार। मिल एरिया थाना क्षेत्र के शारदा नहर में एक युवक का शव उतराता हुआ मिला है। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

पंचगव्य विधि से किडनी के मरीजों को मिल रहा लाभ

संवाददाता, रायबरेली

बनारस हिंदू विश्व विद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शामिल हुए अतिथि।

अमृत विचार: पंचगव्य चिकित्सा पद्धति में माध्यम से जटिल से जटिल मरीजों का बेहतर उपचार हो जाता है। इतना ही नहीं किडनी के मरीज को भी लाभ मिल रहा है। बनारस हिंदू विश्व विद्यालय में भारतीय गाय जैविक कृषि व पंचगव्य चिकित्सा विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में इस पद्धति पर चर्चा की गई।

सेमिनार मे एम्स मुंशीगंज रायबरेली का प्रतिनिधित्व आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरि कृष्ण पारीक और प्रधानाचार्य नर्सिंग कॉलेज नरेंद्र पाल सिंह ने किया। अकाउंट ऑफिसर विशाल गुप्ता, एचए पुनीत मौर्य अतिथि रहे। सेमिनार में देशभर से पांच सौ से ज्यादा वैज्ञानिक एवं चिकित्सकों ने भाग लिया। डॉ पारीक ने आयुर्वेद की पंचगव्य चिकित्सा से लाभांवित हुए कई जटिल बीमारियों के रोगियों के शोध पत्र को प्रस्तुत करते हुए किडनी फेल के रोगी का शोध पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि एक रोगी जिसका सिरम क्रिटिनिन 11.2 जो की सामान्य मात्रा से 8 गुना ज्यादा बढा था। यूरिया 154 तीन गुना था। पंचगव्य चिकित्सा के उपरांत क्रिटिनिन 2.4 एक गुना व यूरिया सामान्य स्तर पर आ गया। उन्होंने बताया कि रोगी साप्ताहिक डाइलिसिस पर निर्भर था। उसकी डाइलिसिस की निर्भरता को कम करते हुए पिछले छह माह मे एक बार भी जरूरत नहीं रही। पंचगव्य चिकित्सा के दौरान रोगी को नाड़ी परीक्षा उपरांत 30 से ज्यादा औषधीय डालकर देशी गाय के घी से निर्मित औषधि के साथ वृक्क जीवनदायिनी कषाय व अन्य औषधी का सेवन करवाया गया था। वहीं, रोगी का ब्लड सुगर का स्तर भी कम हुआ। शरीर मे बढ़ा हुआ क्रिटिनिन और यूरिया, पित और कफ दोष को बढ़ाता है, जिसके लिए पंचगव्य चिकित्सा कारगर साबित हो रही है।

चार बदमाश बंदी

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। जिले की गुरुबक्शगंज थाने की पुलिस ने चौका देने वाला खुलासा किया है। एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें ग्रामीणों ने चोरी के शक में युवक की पिटाई की थी और पुलिस को सुपुर्द कर दिया था। पुलिस ने इस पूरे मामले की गहनता से जांच पड़ताल की तो मामला कुछ और ही निकला। एक कंपनी के साइनिंग अथॉरिटी युवक का अपहरण कर अर्बन की जमीन हड़पने का प्लान कर रहे चार अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है, जिसमें मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/सा०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:- **निविदा सं:-वमंविइ-लजं0-25-2024, कार्य का विवरण:-** गोण्डा जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्रमुख उन्नयन से सम्बन्धित विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत:-** रु. 4,26,62,090.35, **बयाना राशि:-** रु. 3,63,300.00, **निविदा मूल्य:-** रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि:-** 06 माह, **निविदा सं:-वमंविइ-लजं0-26-2024, कार्य का विवरण:-** लखनऊ मंडल के मानवयुक्त समपारों के विद्युतीकरण तथा लखनऊ मंडल में विभिन्नों स्टेशनों पर पैदल उपरगामी पुल से सम्बन्धित विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत:-** रु. 64,73,465.86, **बयाना राशि:-** रु. 1,29,500.00 **निविदा मूल्य:-** रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि:-** 04 माह, **निविदा सं:-वमंविइ- लजं0-27-2024, कार्य का विवरण:-** लखनऊ मंडल के विभिन्न समपारों पर केबिल के द्वारा यूपीपीसीएल से पावर सप्लाई व्यवस्था के प्रावधान से सम्बन्धित विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत:-** रु. 40,85,301.89, **बयाना राशि:-** रु. 81,700.00 **निविदा मूल्य:-** रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि:-** 04 माह, **उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय - 18.10.2024 को 15:00 बजे।** **नोट:-** • इस निविदा के विरुद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/सामान्य लखनऊ
मुजाधि/विद्युत-136

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

सार-संक्षेप

पूर्व विधायक ने बनाए 10 हजार सदस्य

पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह।

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में सरेनी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने निर्धारित समय सीमा से पहले ही स्वयं दस हजार सदस्य बनाकर पार्टी को मजबूती प्रदान करते हुए जनता के बीच अपनी लोकप्रियता सिद्ध कर दी है। प्रत्येक रविवार को उनके आवास पर जनता दरबार लगता है जिसमें धीरेन्द्र बहादुर सिंह आम जनता की समस्याओं का हर संभव निराकरण कराते हैं। निवर्तमान विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह के इस उपलब्धि पर भाजपा नेताओं शिव प्रकाश पाण्डेय, विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, पूर्व विधानसभा संयोजक चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, कैलाश बाजपेई, अशोक गुप्ता, धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता, कौशलेंद्र प्रताप कंचन, अर्पित गुप्ता, सदाशिव सोनी, ब्रम्हेन्द्र विक्रम सिंह, राजेश निर्मल, विमल धानुक, राजेश गब्बर आदि ने उन्हें बधाई दी है।

बैठक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान पर की गई चर्चा

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। तहसील सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए तहसील स्तरीय टास्क फोर्स के अंतर्गत ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, बाल विकास विभाग व सफाई कर्मचारियों के साथ सीएचसी चिकित्सकों व अन्य के साथ बैठक की गई। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह व सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रजेश श्रीवास्तव ने बताया कि एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान गांव-गांव में चलाया जाएगा। अभियान में स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन, बाल विकास, पंचायतीराज, दिव्यांग जन, शिक्षा विभाग सहित कुल 12 विभाग मिल कर स्वच्छता व संक्रामक रोगों की लोगों को जानकारी देकर अभियान को सफल बनाएंगे। इसके अलावा अभियान के अंतर्गत 11 अक्टूबर से ही आशा बहू व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों के घर घर जाकर दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

स्वच्छता के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान 4.0 को सफल बनाने एवं जन भागीदारी को बढ़ाने के लिए मंगलवार को प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव के नेतृत्व में टाइप-2, टाइप-3 एवं टाइप-4 कॉलोनियों में घर-घर रैली निकाल कर बड़ी संख्या में लोगों को इस अभियान से जोड़ने के लिए एक सराहनीय पहल की गई। आरेडिका ने कॉलोनी परिसर में सहायक अधिशासी अभियंता वटी एस, वर्कशॉप एवं सहायक अधिशासी अभियंता/पी एण्ड डी के अधीन तीन टीमों का गठन किया गया। लगभग 15 सौ रेलवे आवास धारकों एवं उनके परिवारों से मिलकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया, जिसमें लगभग दो हजार लोग सहभागी बने।

हुनरमंदों को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा

इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल प्रतिभागी और अतिथिगण। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में डूडा की ओर से छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंतिम दिन डूडा के परियोजना अधिकारी शशि कुमार, शहर मिशन प्रबंधक नेहा श्रीवास्तव और कुलदीप सिंह ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र बांटे। साथ ही सभी को स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक जेआर मीना ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करके आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह में मोबाइल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण शुरू होने वाला है। डूडा परियोजना अधिकारी ने कहा कि हुनरमंद बनने के बाद रोजगार के लिए किसी को भटकना नहीं पड़ता है। आप सभी स्वरोजगार कर सकती हैं। इस मौके पर वरिष्ठ संकाय सदस्य सर्वेश कुमार, श्याम शंकर, शेख फैसल हसन, मंसूर, देवेंद्र और सिलाई प्रशिक्षिका नीलम यादव मौजूद रहीं

जिला स्तरीय चार दिवसीय दिव्यांग प्रशिक्षण आज से

रायबरेली, अमृत विचार। दिव्यांग बच्चों की शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिए राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ द्वारा अलग-अलग विंग के विशेष शिक्षकों को विशेष शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के बारे जानकारी दी। इसमें विशेष शिक्षक अभय प्रकाश श्रीवास्तव मानसिक मन्दता, जितेंद्र कुमार श्रवण बाधिता, अजय कुमार दृष्टीबाधिता के विशेषज्ञ के रूप में प्रशिक्षण पूर्ण कर प्रमाणपत्र प्राप्त किया। प्रदेश भर से विशेष शिक्षकों का चयन करके उनको जिला स्तरीय प्रशिक्षक बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। जिले में दिव्यांग बच्चों को शिक्षित प्रशिक्षित करने वाले विशेष शिक्षकों को अपग्रेड करने के लिए जिला स्तरीय चार दिवसीय प्रशिक्षण 25 से 28 सितम्बर तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली में होगा। उक्त प्रशिक्षण को विशेषज्ञ शिक्षक अभय प्रकाश श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार एवं अजय कुमार प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करेंगे। साथ ही जनपद के विशेष शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत यह विशेष शिक्षक ब्लॉक स्तर पर जाकर के परिषदीय विद्यालय के सामान्य शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

प्रतियोगिता पल्टीखेड़ा के पहलवानों का दंगल में रहा दबदबा

सर्वेश व शुभम बने दंगल केसरी, मिला पुरस्कार

संवाददाता, खीरों, रायबरेली

हाथ मिलवा कर कुश्ती शुरू करवाते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

अमृत विचार: विकास क्षेत्र के गांव मेडौली में सोमवार को बाबा निर्मल दास मंदिर परिसर में मंदिर समिति द्वारा कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में मेरठ के पहलवान शुभम् और सन्तकबीरनगर के पहलवान सर्वेश तिवारी को संयुक्त रूप से दंगल केसरी घोषित किया गया। सभी विजेता पहलवानों को भाजपा के मण्डल अध्यक्ष शिवराम सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

बाबा निर्मल दास मंदिर सेवा समिति द्वारा मेडौली द्वारा आयोजित कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में पहली कुश्ती में कोरवां के पहलवान अनुज ने लखनऊ के पहलवान जोतीपाल को परास्त किया। इसके बाद पल्टीखेड़ा के पहलवान विशाल ने फतेहपुर के आशू को, इसी गांव के आदित्य ने गोविंदपुर के संदीप को, बांदा के नितिन ने लखनऊ के मंगल को, पल्टीखेड़ा के अंकित ने भिंड मप्र. के दीपक को, इसी गांव के बादल ने पुरवा उन्नाव के उस्मान को, इसी गांव के रिशू ने कानपुर के उमेश को चारों खाने चित कर दिया। बसिगवा के बसंत ने महराजगंज के चंदन को, कानपुर के सचिन ने बहराइच के लोहा सिंह को, बदरका के सुलखान ने कानपुर के मंदीप को, हरदौलपुर के विजय ने लखनऊ के हरिपाल को, अयोध्या के बाबा छोटा लाड़ी ने बदरका के दिलीप को पटखनी दी। अंतिम कुश्ती के रूप में संतकबीरनगर के पहलवान सर्वेश तिवारी और मेरठ के शुभम के बीच कांटे का मुकबाबला हुआ। जिसमें दोनों पहलवान एक दूसरे पर भरी पड़े। अंत में समिति ने दोनों को संयुक्त रूप से दंगल केसरी घोषित कर दिया। सभी विजेता पहलवानों को भाजपा के मण्डल अध्यक्ष शिवराम सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता का प्रसारण ग्रामप्रधान दिनेश बाबू भारती ने किया। निर्णायक सूर्यप्रकाश लोधी और छंगालाल यादव थे।

पूर्वोत्तर रेलवे सूचना संख्या 171/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित **त्यौहार, दीपावली-छठ पर विशेष गाड़ियों** का संचलन निम्नवत् किया जायेगा।

01123/01124 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्म (सप्ताह में दो बार) - विशेष गाड़ी

एक्स. लोकमान्य तिलक टर्मिनस- (शुक्र, रवि) - 25.10.24, 27.10.24, 01.11.24 एवं 03.11.24) = 04 फेरे
एक्स. गोरखपुर-(शनि, सोम)-26.10.24, 28.10.24, 02.11.24 एवं 04.11.2024) = 04 फेरे

01123 लोकमान्य तिलक टर्मिनस आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	01124 गोरखपुर आगमन	प्रस्थान
--	12:15	लोकमान्य तिलक टर्मिनस	07:25	--
12:35	12:38	ठाणे	06:50	06:53
12:57	13:00	कल्याण	06:30	06:33
14:40	14:45	इगतपुरी	04:40	04:45
15:30	15:35	नासिक रोड	01:30	01:35
19:25	19:30	भुसावल	21:45	21:50
21:40	21:45	खंडवा	19:40	19:43
00:45	00:55	इटारसी	16:50	16:55
03:10	03:15	भोपाल	15:05	15:10
05:10	05:15	बीना	13:25	13:30
07:15	07:20	वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी	10:40	10:45
08:28	08:30	उरई	08:30	08:32
12:30	12:35	कानपुर सेंट्रल	06:40	06:45
13:35	13:45	लखनऊ	02:45	02:55
15:50	15:55	गोंडा	00:10	00:15
17:25	17:30	बस्ती	22:20	22:25
18:55	--	गोरखपुर	--	21:15

संरचना : शयनयान कक्ष-08, सामान्य द्वितीय श्रेणी-06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-02, (एसएलआर) सामान्य द्वितीय श्रेणी - 02 **कुल = 18 कोच**

01431/01432 पुणे-गोरखपुर-पुणे सुपर फास्ट (साप्ताहिक) विशेष गाड़ी

एक्स. पुणे (शुक्र) - 25.10.24 एवं 01.11.24 = 02 फेरे
एक्स. गोरखपुर (शनि) - 26.10.24 एवं 02.11.24 = 02 फेरे

01431 पुणे आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	01432 गोरखपुर आगमन	प्रस्थान
--	16:15	पुणे	06:25	--
17:18	17:20	दौंड कॉर्ड लिन	04:48	04:50
18:47	18:50	अहमदनगर	03:10	03:12
19:50	19:52	बेलापुर	02:13	02:15
20:30	20:33	कोपरगांव	01:22	01:25
21:55	22:00	मनमाड	00:15	00:20
00:15	00:20	भुसावल	21:50	21:55
02:20	02:23	खंडवा	20:45	20:47
04:45	04:50	इटारसी	18:10	18:15
06:35	06:40	भोपाल	16:10	16:15
08:30	08:35	बीना	13:10	13:15
10:45	10:55	वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी	10:10	10:20
12:23	12:25	उरई	08:00	08:02
15:20	15:25	कानपुर सेंट्रल	06:10	06:15
15:38	15:40	लखनऊ	04:00	04:10
17:45	17:50	गोंडा	01:50	01:55
18:18	18:20	मनकापुर	01:15	01:17
19:24	19:27	बस्ती	00:25	00:28
19:58	20:00	खलीलाबाद	23:55	23:57
20:40	--	गोरखपुर	--	23:25

संरचना: शयनयान कक्ष-08, सामान्य द्वितीय श्रेणी-06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-02, (एसएलआर) सामान्य द्वितीय श्रेणी - 02 **कुल = 18 कोच**

01079/01080 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (प्रतिदिन) विशेष गाड़ी

एक्स. छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस -से- 22.10.24 को 11.11.24 = 21 फेरे
एक्स. गोरखपुर -से- 24.10.24 को 12.11.24 = 21 फेरे

01079 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	01080 गोरखपुर आगमन	प्रस्थान
--	22:30	छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस	00:40	--
22:45	22:47	दादर	00:17	00:20
23:17	23:20	ठाणे	23:55	23:58
23:47	23:50	कल्याण	23:37	23:40
02:20	02:25	नाशिक रोड	19:00	19:03
03:18	03:20	मनमाड	17:57	18:00
05:18	05:23	जलगांव	15:50	15:53
05:50	06:00	भुसावल	15:20	15:25
09:00	09:05	खंडवा	13:27	13:30
13:05	13:15	इटारसी	08:40	08:45
15:55	16:00	भोपाल	06:30	06:35
19:18	19:20	बीना	04:35	04:40
21:50	22:00	वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी	02:10	02:15
23:08	23:10	उरई	00:05	00:07
02:10	02:20	कानपुर सेंट्रल	22:20	22:25
04:10	04:15	लखनऊ	19:50	19:55
06:30	06:35	गोंडा जंक्शन	16:55	17:00
07:52	07:55	बस्ती	15:42	15:45
08:25	08:30	खलीलाबाद	15:00	15:05
10:00	--	गोरखपुर	--	14:30

संरचना: शयनयान कक्ष-08, सामान्य द्वितीय श्रेणी-06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-02, (एसएलआर) सामान्य द्वितीय श्रेणी - 02 **कुल = 18 कोच**

01415/01416 पुणे-गोरखपुर-पुणे (प्रतिदिन) विशेष गाड़ी

एक्स. पुणे-22.10.24 से 11.11.24 = 21 फेर
एक्स. गोरखपुर-23.10.24 से 12.11.24 = 21 फेर

01415 पुणे आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	01416 गोरखपुर आगमन	प्रस्थान
--	06:50	पुणे	03:15	--
08:10	08:12	दौंड कॉर्ड लाईन	01:58	02:00
09:30	09:32	अहमदनगर	23:10	23:12
13:10	13:15	मनमाड	20:10	20:15
15:55	16:00	भुसावल	17:00	17:05
18:07	18:10	खंडवा	15:05	15:08
21:10	21:20	इटारसी	12:10	12:20
23:15	23:25	भोपाल	10:05	10:10

एक नजर

घर में घुसकर की चोरी

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के पूरे शेर बहादुर मजरे दीपेमऊ सोहवल के यादव परिवार में चोरी की घटना हुई है। पीड़ित परिवार के दुर्गा प्रसाद पुत्र उदय राज ने लालगंज पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि सोमवार की रात जीने के रास्ते से चोर घर के अंदर घुसे थे। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखे बक्सा, अलमारी का ताला तोड़ कर मां के सोने चांदी के जेवरात और बहू के जेवर पार कर दिया। दुर्गा प्रसाद का कहना है कि तीन हजार रुपए नगदी भी चोर उठा ले गए। पीड़ित ने रात में ही मामले की सूचना पुलिस को दी।

मारपीट में दो का कटा चालान

लालगंज, रायबरेली। क्षेत्र के मुबारकपुर में हुई मारपीट घटना का वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए दोनों पक्षों के एक-एक व्यक्ति का शांतिभंग की धाराओं में चालान किया है।

उचक्कों ने जेब काट कर उड़ाये 15 हजार रुपये

लालगंज, अमृत विचार। बदमाश उचक्को ने लालगंज क्षेत्र के पूरे भवानी मजरे नरसिंहपुर गांव के नागेंद्र सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह को शिकार बनाते हुए उनके पैंट की जेब काटकर 15 हजार रुपये पार कर दिया है। पुलिस मामले की खोजबीन कर रही है।

आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज

खीरों, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव जसमऊ से उसी गांव का एक युवक शनिवार को 11 बजे युवती का अपहरण कर ले गया। अपहृता के पिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जसमऊ निवासी चौधरी ने आरोप लगाया है कि विगत शनिवार को वह अपने परिजनों के साथ खेतों में काम कर रहा था। उसकी 22 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। घर पहुंचा तो उसकी पुत्री घर पर नहीं मिली। खोजबीन करने पर पता चला कि उसके ही गांव का प्रभाकर गौड़ उसकी पुत्री का अपहरण कर ले गया है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अपहृता की खोजबीन की जा रही है।

पैसा न देने पर युवक को पीटा

ऊंचाहार, रायबरेली। एक युवक से गांव के कुछ लोगों ने जबरन धन उगाही की कोशिश की, पैसा न देने पर उसके साथ मारपीट की गई है। युवक की मां ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलरिहा का है। गांव की रहने वाली महिला सरोज देवी का कहना है कि उसका बेटा अमरेश कुमार शाम को गांव में टहलने गया था, तभी गांव के कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया और उससे जबरन धन उगाही की कोशिश की। उसके बेटे ने जब पैसा देने से इनकार कर दिया तो उन लोगों ने उसे बुरी तरह मारा पीटा है और उसे धमकी भी दिए। कोतवाल अनिल कुमार सिंह का कहना है कि प्रकरण की जांच कराई जा रही है।

बोर्ड बैठक : सभासदों ने किया हंगामा, ईओ के खिलाफ निंदा प्रस्ताव

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने अध्यक्ष के खिलाफ खोला मोर्चा, आउटसोर्सिंग में परिचितों को भर्ती करने का लगाया आरोप

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार: नगर पालिका परिषद की मंगलवार को आकस्मिक बोर्ड की बैठक में जमकर हंगामा हुआ। विकास कार्य के बहाने सभासदों ने ईओ की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए चैम्बर के बीचोंबीच आकर बैठ गए। इतना ही नहीं एसडीएम न्यायिक के काफी कोशिश के बावजूद बात नहीं बन सकी। बैठक में एक स्वर में सभासदों ने ईओ के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया। वहीं अधिशासी अधिकारी ने पूरे घटना को साजिश करार देते हुए अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

नगर पालिका परिषद की दोपहर में आकस्मिक बैठक शुरू होते ही ईओ स्वर्ण सिंह के विरोध में सभासदों ने मोर्चा खोल दिया। पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, एसडीएम न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने हंगामा चलता रहा। सभासदों ने बैठक में ईओ के शामिल होने का विरोध करने लगे। आरोप लगाया कि शहर में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में पालिका की छवि दिनोंदिन धूमिल होती जा रही है। पालिका अध्यक्ष ने भी विकास कार्य में रोड़ा लगाने का आरोप अधिशासी अधिकारी पर लगाया। बात इतनी बढ़ गई कि सभासद कुर्सी से उठकर चैम्बर के बीचोंबीच आकर बैठ गए। इस पर एसडीएम न्यायिक आशुतोष राय ने मामला संभालने की कोशिश की, लेकिन सभासद कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हुए। 32 सभासदों ने सर्वसम्मति से ईओ के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया। साथ ही शासन और प्रशासन से उचित कदम उठाने की मांग की। बैठक के दौरान शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए संचालित डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का टेंडर निरस्त करने का प्रस्ताव पास हुआ। मौजूदा ठेकेदार पर योजना के संचालन में लापरवाही करने का आरोप लगाया गया है। नए मकानों का नगर पालिका में दर्ज कराने के लिए जनरल सर्वे कराने पर भी सहमति बनी। सर्वे का कार्य मार्च माह 2025 तक कराने का समय दिया गया।

इस मौके पर सभासद परमजीत सिंह गांधी, रामखेलावन बारी, बृजेश कुमार पांडेय, सबिस्ता ब्रजेश, पुष्पा यादव, कमरूद्दीन, शैलेंद्र यादव आदि मौजूद रहे। सभासद आशा सिंह निंदा प्रस्ताव में हस्ताक्षर नहीं किए, जबकि आजाद नगर वार्ड के सभासद बोर्ड की बैठक में उपस्थित नहीं हुए। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

नगर पालिका परिषद बोर्ड बैठक में जमीन पर बैठककर प्रदर्शन करते सभासद।

नगर पालिका बोर्ड बैठक में अध्यक्ष और ईओ के बीच होती नोकझोंक। अमृत विचार

कुछ दिन पहले ही गुपचुप तरीके से हुई बैठक

यह कोई पहली बार नहीं है। अब तक कई बार अध्यक्ष और ईओ आमने-सामने आ चुके हैं। अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं। ऐसे में ईओ पर कई बार भाजपा नेताओं के इशारे पर कार्य करने का आरोप लगाया जा चुका है। बताते हैकि कुछ दिन पहले ही गुपचुप तरीके से अध्यक्ष की सभासदों के साथ बैठक हुई। उसमें कई सभासदों और ठेकेदारों ने भुगतान का मुद्दा उठाया। ईओ के नहीं सुनने का भी आरोप लगाया। इसी के बाद आकस्मिक बैठक का दबाव प्रशासन पर बनाया जाने लगा। अब देखना यह है कि अध्यक्ष और सभासद अपने मंसूबों पर कितना कामयाब हो पाते हैं।

ईओ की वजह से विकास कार्य शहर में नहीं हो रहे हैं। आउट सोर्सिंग में रिश्तेदार को रखने की बात गलत है। ईओ के हस्तक्षेप से ही कर्मचारी रखे जाते हैं। इसकी जांच करा ले स्वत: सबकुछ सामने आ जाएगा। सभासदों ने उनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया है, जिसे जिलाधिकारी के साथ मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा।

-शत्रोहन सोनकर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद

बोर्ड बैठक में हंगामा पालिकाध्यक्ष के षड़यत्र का हिस्सा है। पालिकाध्यक्ष अपने रिश्तेदारों को आऊट सोर्सिंग से काम दिलाकर उनका फर्जी भुगतान कराने का दबाव काफी समय से बना रहे हैं। कर्मियों के वेतन के लिए आने वाले बजट को ठेकेदारों का भुगतान कराने का दबाव बनाते हैं। आउट सोर्सिंग के कर्मचारियों का भुगतान भी पालिकाध्यक्ष नहीं कर रहे हैं। इससे कर्मचारी आंदोलित हैं।

-स्वर्ण सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद

इनके नाम हो रहे वायरल

बैठक के दौरान ही सोशल मीडिया पर एक पत्र वायरल हो रहा है। इसमें शामिल कर्मचारी अध्यक्ष के नजदीकी बताए रहे हैं। आरोप है कि इन्हीं लोगों का फर्जी भुगतान हो रहा है। इसमें सिम्पी सोनकर, रामसुमिरन, रामदुलारी, आलोक कुमार, राजू, मोहिब अली, अखिलेश द्विवेदी, शिव प्रकाश, उमेश चंद्र, सौम्य मिश्रा, अफरीन फातिमा, शिवांशु बाजपेई, प्रीती दीक्षित, स्वाती अवस्थी, सौरभ आनंद, मानसी सोनकर, रिजवाना, सगीर अहमद, विनीत कुमार, जियाउर रहमान, रीता सोनकर, शैल सोनकर, प्यारेलाल, संतोष सेन, सुरजीत कुमार और अजय प्रताप शामिल है। इन सभी के नाम पर भुगतान का दबाव बनाने का आरोप लगाया जा रहा है।

पंचायत सहायक ने डीपीआरओ से की शिकायत

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार: डलमऊ ब्लाक के देव गांव की पंचायत सहायक के मानसिक उत्पीड़न का मामला प्रकाश मे आया है। मानसिक उत्पीड़न से परेशान पंचायत सहायक दिव्यांशी ने जिला पंचायत राज अधिकारी से शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पंचायत सहायक पीड़िता ने शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगया है कि लगभग एक वर्ष से मानदेय नहीं मिला है। मानदेय मांगने पर पंचायत सचिव द्वारा मानसिक उत्पीड़न व अभद्रता की जाती है व पद से हटाए जाने की भी धमकी दी जाती है। पंचायत सचिव द्वारा मानदेय दिलाने के नाम पर मिलने वाली धनराशि से आधी धनराशि की मांग की गई है।

पीड़िता ने बताया कि लगभग एक वर्ष पहले पंचायत भवन में कंप्यूटर नहीं लगाया गया था। उच्चाधिकारियों द्वारा पूछे जाने पर पीड़िता ने कंप्यूटर सिस्टम ना लगा होने की बात ईमानदारी के साथ बता दिया। जिसके बाद पंचायत सचिव का हस्तांतरण हो गया। लगभग तीन माह बाद पंचायत सचिव पुनः देव गांव में पोस्ट हो कर आ गए। उसी बात से नाराज पंचायत सचिव लगातार पंचायत सहायक का मानसिक उत्पीड़न करते चले आ रहे हैं। पीड़िता ने जिला पंचायत राज अधिकारी से मानदेय दिलाने की मांग करते हुए मान सम्मान की रक्षा व पंचायत सचिव द्वारा किए जा रहे मानसिक उत्पीड़न से निजात दिलाने की मांग की है। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई की जाएगी।

जमीन विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, छह लोग घायल

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

सलोन पुलिस की कार्यशैली से नाराज पीड़ित पक्ष एसपी से मिले

अमृत विचार: गड्ढा खोदने के विवाद में रेवहारा गांव में जमकर लाठी डंडे चले। घटना में दो वृद्ध महिला समेत आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

दोनों पक्षो से पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। हालांकि सलोन पुलिस की कार्यशैली से नाराज एक पक्ष ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली अंतर्गत रेवहारा गांव में सोमवार की शाम शारदा प्रसाद मिश्रा और सुरेश नारायन के बीच जमीन पर गड्ढा खोदने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। जिसके बाद दोनों पक्षो के लोगो ने एक दूसरे से जमकर मारपीट की थी। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें एक पक्ष द्वारा वृद्ध महिला शिवपति के साथ मारपीट की ज रही है। वहीं देर रात लहूलुहान अवस्था में दोनों पक्ष थाने पहुचे। यहां पुलिस ने दोनों पक्षो से तहरीर लेकर एनसीआर दर्ज कर ली है। मंगलवार को शारदा प्रसाद पक्ष के लोग एसपी रायबरेली कार्यालय पहुंचे। पीड़ित पक्ष से अंजली ने बताया कि सलोन पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन उन्होंने घटना को अनसुना कर दिया। इसके बाद दूसरे पक्ष के सहयोगियों के दरवाजे पर पहुंच गई। पुलिस की कार्यशैली से नाराज होकर ने हमलोगों एसपी सर से मिलकर न्याय की मांग की करने रायबरेली गए थे। सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि रेवहारा गांव में मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। दोनों पक्षो से मुकदमा दर्ज है। आरोपो की जांच कराई जा रही है।

वृद्धावस्था पेंशन के नाम पर हेड कांस्टेबल के परिजनों से ठगी

संवाददाता, खीरों, रायबरेली

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के गांव मालपुर मजरे बीजेमऊ खपुरा निवासी एक हेड कांस्टेबल के माता-पिता से वृद्धावस्था फार्म भरवाने के नाम पर अज्ञात ठगों ने बीस हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित द्वारा खातों की जांच करने पर धोखाधड़ी की जानकारी हुई। पीड़ित ने खीरों थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर पीड़ित के बेटे हेड कांस्टेबल ने साइबर अपराध नियंत्रण शाखा में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

खीरों क्षेत्र के गांव मालपुर मजरे बीजेमऊ खपुरा निवासी और पुलिस लाइन बरेली में तैनात हेड कांस्टेबल महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि चार अगस्त को पिता राम प्रकाश सिंह के पास एक अज्ञात युवक ने पहुंचकर वृद्धावस्था पेंशन के फार्म भरवाने के नाम पर उनके माता पिता का आधार नंबर से दोनों लोगों के अगूंठे लगवाकर स्केन कर लिया। लगभग तीन सप्ताह बीत जाने पर भी कोई प्रतिक्रिया न होने पर ठगी की आशंका हुई तो दोनों लोगों ने अपने बैंक खातों की जांच की। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर साइबर सेल को मामले से अवगत करा दिया गया है। जांच की जा रही है।

डॉक्टरों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक लगाने की जिम्मेदारी सीएमएस की : सीएमओ

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार: राणा बेनी माधव सिंह जिला अस्पताल के चिकित्सक जिला अस्पताल में सेवाएं देने के साथ-साथ निजी प्रैक्टिस कर दोनों हाथों से धन एकत्रित करने में व्यस्त हैं। जबकि राज्य सरकार सरकारी सेवाओं में कार्यरत चिकित्सकों को नॉन प्रैक्टिस भत्ता देकर उन्हें बाहर प्रैक्टिस करने पर प्रतिबंधित करने का निर्देश जारी कर चुकी है

दरअसल यह मामला जिला पुरुष चिकित्सालय के प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले मनमाने डॉक्टरों का है। सीएमएस डॉ. प्रदीप कुमार अग्रवाल ने एक बयान में दावा किया है कि अगर अस्पताल में ओपीडी के समय कोई डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं तो ऐसे डॉक्टरों पर रोक लगाना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा ओपीडी समाप्त होने के बाद कोई डॉक्टर अगर प्राइवेट प्रैक्टिस करता है तो वह उनके कार्य क्षेत्र से बाहर है। सीएमएस डॉ. अग्रवाल ने कहा कि अगर सरकारी डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं तो उन पर पूरी तरह से रोक लगाने की जिम्मेदारी सीएमओ की है। उन्हें छापेमारी कर ऐसे डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। यहां पर सीएमएस यह भूल गए कि जिला चिकित्सालय में कार्यरत सभी चिकित्सकों को ओपीडी के बाद गंभीर मरीजों को देखने के लिए कॉल किया जा सकता है। कॉल के समय यदि सरकारी चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं तो वे जिला चिकित्सालय कैसे पहुंचेंगे। इसलिए सीएमएस को ओपीडी के बाद भी जिला अस्पताल के चिकित्सकों से गंभीर मरीजों को देखने के लिए कॉल करवा कर यह पता करने का प्रयास करना चाहिए।

जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों को प्राइवेट प्रैक्टिस करने से रोकने की जिम्मेदारी सीएमएस की है उनकी नहीं है। सीएमएस को यदि कोई आवश्यकता है तो वह उनकी मदद के लिए तैयार हैं।

-डॉ. बीरेंद्र सिंह, सीएमओ, रायबरेली।

सार-संक्षेप

राष्ट्रीय सेवा योजना का मनाया गया स्थापना दिवस

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम में प्रतिभाग करते बच्चे। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया और उसके बाद एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी अमरपाल सिंह रहे। प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र बहादुर सिंह ने सभी को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस की बधाई दी और कहा कि स्वच्छता हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार शुक्ला ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं कार्य प्रणाली पर प्रकाश डाला। छात्र प्राची, सुलक्ष्मी, राज, सिमरन, शिवम तथा आयुष ने गीतों के माध्यम से स्वच्छता और सेवा का संदेश दिया।

नगर पंचायत में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित

स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आयोजित कैंप में मौजूद डॉक्टर। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता, अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला और स्वच्छ भारत अभियान के एंबेस्डर दीपेंद्र गुप्ता के प्रयासों से नगर पंचायत कार्यालय में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन संपन्न हुआ है। लालगंज सरकारी अस्पताल की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी सफाई कर्मचारियो, सफाई नायको व अन्य कार्यालय कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और बीमारियों से बचाव के सुझाव भी बताएं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज के डॉ दीप्ती चिकित्सा अधिकारी, डॉ राजीव श्रीवास्तव, मनोज कुमार फार्मासिस्ट व दीपांकर लैब टेक्नीशियन द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और सभी ने कर्मचारियों के साथ स्वच्छता की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान वीरेंद्र यादब लिपिक, शिव शंकर मिश्रा लिपिक, मनोज कुमार लिपिक, रमेश कुमार, राजकुमार, उमेश कुमार, रितिज मिश्रा, अभिषेक सिंह, शिवम् स्वर्णकार इत्यादि कर्मचारी उपस्थित रहे।

लवलेश बने अध्यक्ष व अशोक कुमार शाखा मंत्री

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ गौरी इकाई गठन में मौजूद शिक्षक।

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। यूपी माध्यमिक शिक्षक संघ की गौरी इकाई का गठन किया गया। लवलेश कुमार को अध्यक्ष एवं अशोक कुमार को शाखा मन्त्री चुना गया। यूपी माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के जिलाध्यक्ष शत्रुघन कुमार ने इंटर कॉलेज गौरा का दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ जिला मंत्री मनोज कुमार पटेल सहित जिला कमेटी के विकास वर्मा एवं सत्येंद्र कुमार भी शामिल रहे। जिला अध्यक्ष ने इंटर कॉलेज गौरा की शाखा इकाई का गठन किया। शाखा इकाई इंटर कॉलेज गौरा में अध्यक्ष के रूप में लवलेश कुमार, मंत्री के रूप में अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष के रूप में दिनेश चंद्र वर्मा एवं संयुक्त मंत्री के रूप में राजकुमार को चुना गया। शाखा कमेटी में बृजेश कुमार मौर्य, सुधींद्र कुमार, सभाजीत यादव और लाल संजय प्रताप सिंह भी शामिल हुए। नवनिर्वाचित शाखा कमेटी को विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर हरिश्चंद्र सिंह एवं जिला अध्यक्ष शत्रुघन कुमार ने बधाई दी।

कूट रचित दस्तावेजों के जरिए बेच दी दूसरे की दुकान

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर जालसाजों ने शिक्षक महेंद्र यादव की पैतृक दुकान का बैनामा करा लिया। इस समय लालगंज में फर्जी बैनामा कराने वालों का एक गिरोह सक्रिय है। लालगंज तहसील में जो जमीनें खाली पड़ी हुई है या खंडहर के रूप में स्थित है उन पर वह फर्जी तरीके से कूट रचित दस्तावेज तैयार कर अपना दावा प्रस्तुत कर देना आम बात हो गई है। अभी हाल ही में शिक्षक महेंद्र यादव की पांच बीघे भूमिधरी जमीन का बैनामा जालसाजों ने कर दिया था। राजा शिवगढ़ रियासत की फर्जी पर्ची पर भूमाफिया आम जनमानस की पैतृक भूमि पर भी अपना दावा ठोकने से बाज नहीं आते। इसी तरह की जालसाजी के शिकार का मामला फिर सामने आया है। अब राधा कृष्ण बाजपेई, संतोष कुमार बाजपेई, अशोक कुमार बाजपेई निवासी पूरे चंदू तेजगांव की सराफा मंडी स्थित पैतृक दुकान को भी भू-माफियाओं ने भेज दिया है। पीड़ितों ने तत्काल इसकी शिकायत्र डीएम, एसपी व थाना कोतवाली में की गई है

किसान सुविधा केंद्र से ब्लैक की जा रही खाद, वीडियो वायरल

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली।

अमृत विचार: नगर के रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित आईएफएफडीसी के किसान सुविधा केंद्र से खुलेआम उर्वरक ब्लैक की जा रही है। इसका खुलासा केंद्र के आसपास रहने वाले लोगों ने किया है। जहां एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इस समय किसानों को खाद की जरूरत है। किसान सुविधा केंद्रों पर चक्कर लगा रहे हैं। उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। इस बीच एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिससे हड़कंप मच गया है। ऊंचाहार नगर के रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित आईएफ एफडीसी के किसान सुविधा केंद्र से चोरी छिपे ट्रैक्टर और अन्य वाहनों पर बड़ी मात्रा में खाद को ब्लैक किया जाता है। करीबी लोगों ने बताया कि किसान सुबह से लाइन लगाते हैं और उनको एक दो बोरी खाद देने में केंद्र की जिम्मेदार आना-कानी करते हैं तथा तमाम तरह की शर्तें लगाते हैं। जबकि रात में ट्रैक्टर पर दर्जनों बोरी खाद लाद कर चोरी छुपे बेची जा रही है। केंद्र के पास में रहने वाले एक दुकानदार ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया है जो वायरल हो रहा है। वहीं किसानों में आक्रोश है। इस मामले में एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी, जांच के बाद इसमें प्रभावी कार्रवाई होगी।

चेकिंग अभियान में 10 वाहनों का चालान

डलमऊ, अमृत विचार: सड़क पर फर्राटा भर रहे मानक विहीन वाहनों का यात्री कर अधिकारी ने चालान किया है। कुछ वाहनों से जुर्माना वसूला गया है। शेष का ऑनलाइन चालान किया गया है। मंगलवार को डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सड़कों पर फर्राटा भर रहे बिना पंजीकृत व आमान्य वाहनों का चालान किया गया। यात्री कर अधिकारी रेहाना बानो ने बताया कि चेकिंग के दौरान मुराई बाग में संचालित गुरुकुल शिक्षा निकेतन के एक स्कूली वाहन सहित 10 अन्य वाहनों का चालान किया गया है। बिना हेलमेट के बाइक सवारों का भी चालान काटा गया है चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

स्थापना दिवस पर ली स्वच्छता की शपथ

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार: इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय राष्ट सेवा योजना इकाई की ओर से स्थापना दिवस और स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया गया। यह 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक चलेगा। प्राचार्य प्रो. डॉ. सुषमा देवी की अध्यक्षता में कई कार्यक्रम आयोजित हुए।

कार्यक्रम अधिकारी शिखा मौर्या ने रूखरेखा प्रस्तुत की। स्वयं सेवी विद्या ने इतिहास, उद्देश्य और स्वयं सेवी शालिनी ने प्रतीक चिन्ह और बैज के महत्व के बारे में बताया। वंशिका और अंजलि ने एनएसएस लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। प्रगति चौरसिया और विद्या ने सामान्य और विशेष शिविरों के अपने अनुभव साझा किए। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता शपथ लेने के साथ ही स्वच्छता कार्यक्रम भी चलाया गया।

प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजन व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास के माध्यम से सामुदायिक सेवा का आधार है। स्वयं सेवियों को अपने व्यक्तित्व का विकास करते हुए सामुदायिक के लिए कार्य करना चाहिए। डॉ. प्रीती तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजन हमारे अंदर सकारात्मकता का संचार करते हुए व्यक्तित्व का विकास करता है। हमें समुदाय से जोड़ता है। इस दौरान सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में शपथ लेतीं शिक्षिकाएं व छात्राएं।

उद्घाटन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा व राज्य स्वास्थ्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने वर्चुअल ओपीडी की शुरुआत की

एम्स में तंबाकू मुक्त उपचार केंद्र की ओपीडी शुरू

संवाददता, रायबरेली

अमृत विचार: अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज मे तंबाकू रोकथाम उपचार केंद्र की ओपीडी का शुभारंभ किया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा व राज्य स्वास्थ्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने वर्चुअल ओपीडी का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य मंत्री ने तंबाकू निषेध पर विशेष संदेश दिया।

मुख्य अतिथि डीन नीरज कुमारी ने फीता काटकर ओपीडी का शुभारंभ करते हुए कहा कि सरकार की सकारात्मक सोच को धरातल पर लाने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. मुकेश मातनहेलिया संयुक्त निदेशक एनटीसीपी तंबाकू नियंत्रण, डॉ.सतीश त्रिपाठी-नोडल अधिकारी राज्य तंबाकू सेल उत्तर प्रदेश, विजय अवस्थी स्वैच्छिक स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि तम्बाकू के सेवन पर विशेष रोकथाम की आवश्यकता है। भारत के सभी मेडिकल कालेज मे तम्बाकू रोकथाम उपचार केंद्र की ओपीडी का शुभारंभ किया गया है। ओपीडी के माध्यम से तम्बाकू पर रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने व इलाज के साथ-साथ लोगो को तम्बाकू का सेवन न करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

एम्स तम्बाकू सेल के नोडल अधीकर डॉ. सौरभ पौल ने बताया कि विभागा तम्बाकू रोकथाम उपचार की ओपीडी मे आने वाले मरीजों के उपचार व छोड़ने के गुर बताए जाएगे। सप्ताह मे चार दिन ओपीडी का संचालन किया जाएगा। तम्बाकू से उत्पन्न परेशानी के इलाज के साथ-साथ तम्बाकू छोडने का इलाज भी होगा। दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक ओपीडी संचालित होगी। विभागाध्यक्ष प्रो डॉ. भोलानाथ ने कहा कि तम्बाकू का सेवन हानिकारक व जानलेवा साबित होता है। संचालित ओपीडी में तम्बाकू का सेवन करने वाले लोगों में तम्बाकू से उत्पन्न बीमारी का इलाज कर छोड़ने के उपाय बताए जायेंगे।

एम्स में तम्बाकू रोकथाम उपचार केंद्र ओपीडी के उद्घाटन के दौरान मौजूद डीन नीरज कुमारी।

जिला प्रभारी ने स्वच्छता और शुद्ध पर्यावरण का दिया संदेश

'एक पेड़ मां' के नाम पर पौधरोपित करते भाजपा जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा।

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार : इंदिरा नगर पावर हाउस स्थित शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने स्वच्छता और शुद्ध पर्यावरण के लिए सभी को प्रेरित किया। इस दौरान ने कार्यकर्ताओं के साथ झाड़ू लगाई। इसके बाद एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपित किए। जिला प्रभारी ने कहा कि प्रधानमंत्री की अच्छी सोच का नतीजा है कि आज हर कोई स्वच्छता को लेकर फिक्रमंद है। पर्यावरण सुरक्षा को लेकर पिछले 10 सालों सबसे अधिक पौधे रोपित किए गए। स्वच्छता को लोगों ने मूलमंत्र बना लिया। नगर अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, नगर महामंत्री अजय सिंह सोनू, नगर महामंत्री शशिकांत शुक्ला ने भी विचार व्यक्त किए। नगर उपाध्यक्ष अनुराग वर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक सुनील सिंह, महिला मोर्चा नगर पूर्वी के अध्यक्ष विधु सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक अर्थ कोहली आदि मौजूद रहे।

एक नजर

डिप्टी रजिस्ट्रार और लिपिक के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : सिविल जज सीनियर डिवीजन चतुर्थ एकता सिंह की अदालत ने फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स के पूर्व डिप्टी रजिस्ट्रार सुभाष जायसवाल व पूर्व लिपिक श्यामलाल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया है। यह आदेश शहर के फॉर्ब्स इंटर कॉलेज में हुई धोखाधड़ी के एक मामले में जारी हुआ है। अदालत ने मामले में सुनवाई की अगली तिथि 26 सितंबर नियत की है। अधिवक्ता विवेक सोनी ने बताया कि फॉर्ब्स इंटर कॉलेज के मैनेजिंग कमेटी के सदस्य मो. युनुस अंसारी की ओर से कोर्ट में परिवाद दायर किया गया था, जिसमें उसने कहा था कि वह कॉलेज के साधारण सभा का सदस्य है तथा उनकी संस्था सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत पंजीकृत है। इस विद्यालय की संपत्ति को हड़प करने के नीयत से विपक्षी ने परिवार व रिश्तेदारों तथा सगे संबंधियों के नाम से एक फर्जी सूची बना डाली।

रात में सो रहा बच्चा हुआ लापता, पुलिस खोज में जुटी

मुंशीगंज, अमेठी, अमृत विचार : मुंशीगंज थाना क्षेत्र के गढ़ा माफी में रात के अंधेरे में ढाई वर्षीय बच्चे के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों द्वारा बताया गया कि बीते 6 सितंबर को रात में सोते समय बच्चे को कोई उठा ले गया, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों द्वारा थाना प्रभारी मुंशीगंज प्रेमचंद गौतम को दी गई है। थाना प्रभारी द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की जा रही है। वहीं आम जनमानस से भी मदद की अपील की जा रही है, मीडिया कर्मियों से भी सहयोग लिया जा रहा है। गुमशुदा बच्चे का नाम रितिक उर्फ किशन लाल है। उसके पिता कृष्ण कुमार यहां के मूल निवासी हैं। बच्चे का रंग गोरा, चेहरा गोल, कद ढाई फीट, उम्र लगभग ढाई वर्ष है।

संकल्प पूरा, वारकरी समुदाय ने किया ज्ञानेश्वरी पारायण

ज्ञानेश्वरी ग्रंथ का पाठ करती हुई महिलाएं।

ज्ञानेश्वरी ग्रंथ का पाठ करते हुए पुरुष वर्ग के लोग। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामलला के प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों से अयोध्या पहुंचे वारकरी समुदाय के तीन हजार लोगों ने तीर्थ क्षेत्र पुरम में ज्ञानेश्वरी का पारायण किया।

राष्ट्रीय भगवत धर्म परिषद मध्य प्रदेश के अध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक नारायण महाराज शिंदे ने बताया कि महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के साथ ही अन्य प्रदेश से बड़ी संख्या में वारकरी समाज के लोग अयोध्या पहुंचे। हम सभी का एक ही उद्देश्य है, जो हमारे पूर्वज माधव जी महाराज ने 1992 में सर्व देव अनुष्ठान के समय संकल्प कराया था कि जब रामलला नए मंदिर में विराजमान नहीं हो जाएंगे तब तक अयोध्या आकर संत ज्ञानेश्वर महाराज के पारायण का आयोजन नहीं करेंगे। बड़ी ही खुशी की बात है कि 22 जनवरी को रामलला अपने गर्भगृह में विराजमान हो गए हैं। इसलिए हम सभी उस संकल्प की पूर्ण आहुति के रूप में ज्ञानेश्वरी ग्रंथ का पाठ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस पांच दिवसीय आयोजन में सुबह पांच बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होगा, जिसमें सबसे पहले प्रभु को काकड़ा भजन के माध्यम से जागने की परंपरा को किया जाएगा। उसके बाद विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ और फिर ज्ञानेश्वरी ग्रंथ का पाठ विद्वानों के द्वारा किया जाएगा।

राम मंदिर उड़ाने की धमकी देने का आरोपी भेजा गया जेल

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार। रामजन्मभूमि को चार हजार किलो आरडीएक्स से उड़ने की धमकी का संदेश भेजने के आरोपी मकसूद अंसारी की पुलिस कस्टडी रिमांड मंगलवार को ख़त्म हो गई, जिसके चलते पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण करवा वापस जिला कारागार में दाखिल कराया है। वहीं आरोपी के साले से पूछताछ में भी कुछ खास जानकारी हाथ नहीं आई है। उधर पूछताछ के लिए बुलाए गए एक अन्य संदिग्ध को पुलिस ने वापस जाने दिया है।

मामले में पुलिस ने बिहार प्रांत के भागलपुर जिले के बरारी थाना क्षेत्र स्थित बड़ी खंजरपुर मस्जिद गली निवासी मक़सूद अंसारी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मकसूद ने घटना के समय उसका मोबाइल साले अरमान उर्फ़ अमन निवासी सकरुल्लाचक, हुसैनाबाद के पास होने की बात कही थी। वारदात की गुत्थी सुलझाने और कड़िया जोड़ने के लिए विवेचक ने आरोपी मकसूद का 96 घंटे का पुलिस कस्टडी रिमांड लिया था और अपने साथ लेकर बिहार गई थी। दोनों से कई चक्र पूछताछ और पड़ताल के बावजूद इनके किसी चर्चित संगठन से जुड़ाव की बात साबित नहीं हो पाई है। मोबाइल में कुछ आपत्तिजनक आडियो और वीडियो क्लिप जरूर मिली है।

लड्डू की शुद्धता में गड़बड़ी तो बंद होगी दुकान

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : हनुमानगढ़ी अखाड़ा ने मंगलवार को लड्डू व्यापारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। पूर्व अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत ज्ञान दास के उत्तराधिकारी और संकट मोचन सेवा के अध्यक्ष संजय दास ने अपने स्थान पर व्यापारियों के साथ बैठक कर प्रसाद में किन-किन सामग्रियों का प्रयोग किया जा रहा है इसकी जानकारी हासिल की। व्यापारियों ने लड्डू व पेड़ा निर्माण के पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान संजय दास ने चेताते हुए कहा कि अगर लड्डुओं की शुद्धता में गड़बड़ी मिली तो दुकान बंद करा दी जाएगी।

व्यापारियों के साथ बैठक करते संजय दास। अमृत विचार

हनुमानगढ़ी अखाड़ा के शीर्ष महंत ज्ञानदास के उत्तराधिकारी महंत संजय दास ने बताया कि व्यापारियों को शुद्धता व गुणवत्ता पर ध्यान रखने की विशेष हिदायत दी गई है। प्रसाद निर्माण में केवल शुद्ध देसी घी के इस्तेमाल की सलाह दी गई है। यदि शुद्धता व गुणवत्ता के साथ किसी भी व्यापारी ने खिलवाड़ किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दुकान पर लड्डुओं की जांच कराई जाएगी। इसमें व्यापारी के गुणवत्ता की रिपोर्ट सही नहीं पाई जाएगी उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। वहीं व्यापारी नेता नंदलाल गुप्ता ने बताया कि बैठक में महाराज के द्वारा उत्तम क्वालिटी के बेसन, चीनी, घी का उपयोग किए जाने का निर्देश सभी व्यापारियों को दिया गया है। जितेंद्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, बैद्यनाथ गुप्ता, सुनील कुमार मोदनवाल, विकास समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

अधिवक्ता के घर चल रहा था जुए का अड्डा, 22 गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : नगर कोतवाली के बड़ा रमना निवासी एक अधिवक्ता के मकान में जुआ खेला जा रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां मौजूद सभी लोगों को पकड़ लिया।

पुलिस अधिकारियों को अलीगढ़ चौकी क्षेत्र स्थित बड़ा रमना निवासी एक अधिवक्ता गौतम कुमार यादव के घर में जुए का अड्डा संचालित होने की जानकारी मिली थी, जिसको लेकर सोमवार की देर रात सीओ सिटी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अड्डे पर छापा मारा गया। पकड़ा गया राठहवेली निवासी अबरार पहले सट्टे का कारोबार करता था और खुद का अड्डा चलाता था। क्षेत्राधिकारी नगर शैलेंद्र सिंह का कहना है कि पुलिस की तीन टीमों ने जुए के अड्डे से कुल 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से ताश की गड्डी और 22 स्मार्ट फोन तथा कुल तीन लाख 87 हजार 870 रुपया बरामद किया है।

शादी की बात बढ़ाई तो तीन बच्चों का पिता निकला प्रेमी

अयोध्या कार्यालय

▸▸ मोबाइल पर परवान चढ़ा था प्रेम, युवती ने दर्ज कराई धोखा देने की रिपोर्ट

अमृत विचार। बाबा बाजार थाना क्षेत्र निवासी एक युवती का मोबाइल पर थाना क्षेत्र के ही एक युवक से वार्तालाप शुरू हुआ। मोबाइल पर प्यार-मोहब्बत की बातें होने लगीं। प्यार परवान चढ़ने के बाद युवती ने शादी के लिए युवक को मिलने बुलाया तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। दिल के मंदिर में जिसको जवान हमसफ़र समझा था वो तीन बच्चों का बाप निकला। प्यार में धोखा खाई युवती ने कैंट थाना पुलिस में अपने प्रेमी के खिलाफ आबरू पर हमला और धोखा देने की शिकायत दर्ज कराई है।

मूल रुप से जिले के बाबा बाजार थाना क्षेत्र निवासी 22 वर्षीय युवती यहां कैंट थाना क्षेत्र में अपने परिवार के साथ रहती है। युवती का कहना है कि बाबा बाजार थाना क्षेत्र के ही ग्राम सुजात अली का पुरवा मजरे महमूदमऊ निवासी राहुल ने उसका मोबाइल नंबर हासिल कर लिया और उसको फोन करने लगा। फोन पर राहुल मीठी-मीठी बातें करता था और दोनों के बीच प्यार परवान चढ़ने लगा। काफी दिनों तक मोबाइल पर बात होती रही लेकिन उसके फ़ैजाबाद शहर में रहने तथा राहुल के 50-60 किलोमीटर दूर गांव में होने के चलते मुलाकात नहीं हो पाई। युवती का कहना है कि वार्तालाप के दौरान अंतरंगता बढ़ने पर उसने राहुल के साथ शादी का निर्णय ले लिया और उसे मुलाकात के लिए अपने घर बुलाया। राहुल घर पहुंचा तो उसको देख वह अवाक रह गई। राहुल उससे उम्र में काफी बड़ा और शादीशुदा निकला। इतना ही नहीं उसके तीन बच्चे भी हैं। असलियत की जानकारी पर उसने विरोध जताया तो राहुल ने उसके साथ छेड़छाड़ किया।

बीएसए के हस्तक्षेप पर बीईओ ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण

खबर का असर : निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी इंटर कॉलेज हरखुमऊ पहुंचकर दिए गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश

संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी

अमृत विचार। जनपद के विकासखंड बाजार शुकुल क्षेत्र के हरखुमऊ में निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी इंटर कॉलेज का मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी बाजार शुकुल शैलेंद्र शुक्ला द्वारा निरीक्षण किया गया और मौके पर पीले ईंटों की जगह निर्माण में सही सामग्री को लगाने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण करते खंड शिक्षा अधिकारी।

तारगढ़ी विधायक सुरेश वर्मा ने भूमि पूजनकर की थी निर्माण कार्य की शुरुआत

घटिया सामग्री से बन रहा कस्तूरबा गांधी इंटर कॉलेज

संवाददाता, शुकुल अमेठी

अमृत विचार: जनपद के सभी ब्लाकों में गरीब परिवार की बालिकाओं को मुफ्त शिक्षा दिलाने के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की स्थापना की गई है। इसी के तहत जनपद अमेठी के बाजार शुकुल विकासखंड क्षेत्र के हरखुमऊ में क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के भवन का निर्माण चल रहा है जिसमें पीली घटिया किस्म की है। इसके अलावा सीमेंट, बीएम, बजरी की गुणवत्ता के अनुरूप नहीं लग रही है। भवन की रपौकथी में कमरी जोड़ शेर

निरीक्षण के दौरान किसी तरह का भी कुशल कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जहां तक ही क्षेत्र के भाजपा विधायक सुरेश वर्मा द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों अनुरूप नहीं लग रही है। भवन की रपौकथी में कमरी जोड़ शेर

निर्माण के शुरुआत के समय ही विधायक सुरेश वर्मा ने भूमि पूजनकर की थी निर्माण कार्य की शुरुआत लेकिन इसा किया जा रहा है ऐसे में बिलकुल गुणवत्तापूर्ण कार्य होता हम पर बड़ा सवाल है। जहां लगभग के गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश के बाद भी भवन के निर्माण में पीली ईंट का प्रयोग पहलवे से किया जा रहा है इसलिये की पहले से विधायक के प्रतिनिधि मुरेश वर्मा द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के भूमिपूजन के अनुरूप कार्य नहीं हो रहा है। इसमें लेकिन ईंट का उपयोग किया जा रहा है। लगभग के कार्यवाई की जाएगी।

निर्देश पर वर्तमान विधायक के द्वारा भूमिपूजन करने के बावजूद निर्माण कार्य का निर्माण पालक के अनुरूप न होना कई सवालों को जन्म दे रहा है। और क्षेत्र में पर्चा का विषय बना हुआ है वहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पर भी सवाल उठ रहा है और क्षेत्रीय से रहे मुख्यतः विशेष कार्य पर क्षेत्र के जिम्मेदारों की भी किसी प्रकार होने की चर्चा कर रहे हैं।

इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि घटिया सामग्री व पीले ईंट से निर्माण पहले कार्यालयों संज्ञान द्वारा हो रहा है वहीं पर जांच का कड़ी कार्यवाई की जाएगी।

अमृत विचार में प्रकाशित खबर। अमृत विचार

बोले जिम्मेदार...

बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कहा कि मौके का भौतिक निरीक्षण खण्ड शिक्षा अधिकारी शुकुल बाजार द्वारा किया गया, जिसमें मौके पर पीली ईंट का प्रयोग किया जा रहा था। भारी अनियमितता के साथ-साथ पीली ईंट का उपयोग हो रहा था, जिसको तत्काल प्रभाव से हटवा दिया गया है, इसके साथ-साथ कार्यदायी संस्था को पत्र भी जारी कर दिया गया है।

शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी अमेठी के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी ने मंगलवार को हरखुमऊ ग्रामसभा में मौके पर पहुंचकर किए जा रहे निर्माण का जायजा लिया और ग्राम प्रधान व ग्रामीणों से जानकारी लेकर गुणवत्तापूर्ण सामग्री प्रयोग करने के निर्देश दिए गए।

इस बारे में जानकारी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र शुक्ला ने बताया कि खबर को संज्ञान में लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया था, जिसके क्रम में बाजार शुक्ल क्षेत्र के हरखुमऊ में चल रहे कस्तूरबा गांधी इंटर कॉलेज के निर्माण का निरीक्षण किया गया और संस्था काव्या कॉन्ट्रैक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बरेली को निर्देश देकर सही निर्माण सामग्री प्रयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ मौके पर निर्माण सामग्री में जो भी स्थिति पाई गई है, उसकी रिपोर्ट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रेषित की गई है और इसके बाद भी किसी प्रकार की निर्माण में गुणवत्ताविहीन घटिया सामग्री पाई जाती है तो निर्माणाधीन संस्था काव्या कॉन्ट्रैक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बरेली पर कार्रवाई की जाएगी। बच्चों के भविष्य निर्माण को लेकर इंटर कॉलेज का निर्माण क्षेत्र में किया जा रहा है, जहां ग्रामीण बच्चों को इसका लाभ मिले और शिक्षा का स्तर बढ़ सके। ऐसे में अगर इंटर कॉलेज निर्माण करने वाली संस्था द्वारा निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग पाया जाता है तो यथाशीघ्र कार्रवाई की जाएगी। काव्या कार्यदाई संस्था से बात हुई उन्होंने बताया भट्टे से गलत ईंट आ जाने के कारण ऐसा हुआ है।

स्कूटी से औचक निरीक्षण करने पहुंचे सीडीओ

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। जहां अधिकारियों और नेताओं के औचक निरीक्षण अक्सर मीडिया के कैमरों की चमक और औपचारिकताओं में खो जाते हैं, वहीं मंगलवार को अमेठी के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सूरज पटेल ने कुछ ऐसा किया, जिसने प्रशासनिक नियमों और पारदर्शिता को नई दिशा दी है। बिना किसी सुरक्षा, कैमरे या प्रचार के, सूरज पटेल अकेले स्कूटी पर सवार होकर शिक्षा विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण करने पहुंचे। यह कदम न केवल उनकी सादगी का प्रतीक है, बल्कि यह दर्शाता है कि प्रशासनिक पदों पर बैठे अधिकारी भी वास्तविकता से जुड़े रह सकते हैं।

सूरज पटेल ने अपनी पहचान छुपाते हुए आम नागरिक की तरह जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। यह ऐसा निरीक्षण था, जहां किसी को भी पता नहीं था कि एक उच्च अधिकारी उनके बीच में मौजूद है।

पेश की मिसाल

▸▸ बिना सुरक्षा, कैमरे या प्रचार के शिक्षा विभाग के कार्यालयों का किया निरीक्षण

सफाई और दस्तावेज़ों में मिली कमियां

सबसे पहले उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया, जहां सफाई व्यवस्था से लेकर दस्तावेज़ों के रखरखाव तक कई कमियां पाई गईं। उन्होंने किसी औपचारिक समीक्षा से बचते हुए सीधे कर्मचारियों से सवाल-जवाब किए और उन्हें बेहतर कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए। पटेल ने आगंतुक रजिस्टर बनाने और सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से अपने परिचय पत्र (आईडी कार्ड) पहनने के निर्देश दिए।

इसके बाद, उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया, जहां भी सफाई और प्रशासनिक व्यवस्था में खामियां सामने आईं। पटेल ने न केवल इन खामियों पर ध्यान दिया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि शिक्षा विभाग की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे।

एफआईआर में नहीं दिखेगा पूरा मोबाइल नं.

यूपी कॉप एप से नंबर निकालकर ठगी के बढ़ते मामलों को लेकर किया गया फैसला

केशव वाजपेई, गौरीगंज, अमेठी

▸▸ एफआईआर में अब पीड़ित के मोबाइल नंबर के केवल शुरुआत के पांच नंबर ही दिखाई देंगे

अमृत विचार। अब एफआईआर में नहीं होगा पीड़ित का पूरा मोबाइल नंबर। यूपी कॉप एप को हथियार बनाकर साइबर ठगों ने ठगी का जो धंधा अपनाया था, पुलिस ने अब उसका तोड़ खोज लिया है। यूपी कॉप पर दिखने वाली एफआईआर में अब पीड़ित का मोबाइल नंबर पूरा नहीं दिखाई देगा। बल्कि केवल शुरुआत के पांच नंबर ही एफआईआर में दिखाई देंगे। ऐसे में साइबर ठग अब लोगों से केस दर्ज होने के नाम पर ठगी नहीं कर पाएंगे।

प्रदेश के किसी भी थाने में दर्ज एफआईआर को यूपी कॉप एप के जरिये कोई भी कहीं पर अपलोड कर देख सकता था। आपके एंड्रायड मोबाइल में अगर एप नहीं है तो प्ले स्टोर में जाकर यूपी कॉप लिखिए, फिर जरूरी जानकारियां उसमें भरने के बाद इसे लोड किया जा सकता है। पिछले चार-छह महीनों से वादी को ही ठगी का शिकार बना लिए जाने के मामले पुलिस अफसरों के संज्ञान में पहुंचे। छानबीन में पता चला कि साइबर ठग पुलिस अधिकारी बनकर एफआईआर करने वाले वादी से मामले में जल्द कार्रवाई और उनसे आरोपियों का नंबर लेकर उनको बचाने के नाम पर रुपयों को मांग करते थे। इसलिए अब पुलिस ने यूपी कॉप पर दिखने वाली एफआईआर में वादी के मोबाइल नंबर को हटा लिया है।

भाले सुल्तान शहीद स्मारक के एक गांव निवासी श्याम शंकर के साथ मारपीट की घटना हुई थी। इसमें उन्होंने मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद साइबर अपराधियों ने यूपी कॉप पर एफआईआर से श्याम शंकर का नंबर लेकर कार्रवाई कराने के नाम पर पांच हजार रुपये की मांग की थी। हालांकि जागरूक श्याम शंकर साइबर ठगों के झांसे में नहीं आए।

प्रलोभन में आए तो साइबर ठगों के होंगे शिकार

एएसपी हरेंद्र कुमार ने बताया कि साइबर ठग प्रलोभन के नाम पर लोगों को अपना निशाना बनाते हैं। प्रलोभन कई प्रकार का हो सकता है। ऐसे में फोन पर आए किसी भी प्रलोभन को स्वीकार कर ओटीपी या अन्य गोपनीय जानकारी शेयर न करें। जागरूकता ही साइबर अपराध से बचाव का एक माध्यम है। बताया कि साइबर ठगों से लोगों को बचाने के लिए अब एफआईआर कॉपी में मोबाइल नंबर पूरा दर्ज नहीं किया जा रहा है।

प्रमाणपत्र बनवाने के लिए ब्लॉक के चक्कर काट रहा युवक

संवाददाता, संग्रामपुर, अमेठी

अमृत विचार : सोमवार को विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र के बड़गांव निवासी रोहित सिंह ने खंड विकास अधिकारी संग्रामपुर को मृत्यु प्रमाणपत्र न बनने की लिखित शिकायत दी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि बीते 21 अगस्त को उसके पिता स्व. सुरेंद्र बहादुर सिंह की मृत्यु हो गई थी। जानकारी मिली थी कि मृतक के मरने के 21 दिन के अन्दर ब्लाक पर सूचना दे दें, जिससे प्रमाणपत्र आसानी से बन जाएगा। उसने 6 सितंबर को ब्लाक पर लिखित सूचना दी थी, लेकिन आज 15 दिन से वह ब्लाक के चक्कर काट रहा है, अभी तक प्रमाण पत्र नहीं मिला। ग्राम सचिव की लापरवाही के चलते वह परेशान है। जिसकी शिकायत मंगलवार को खंड विकास अधिकारी संग्रामपुर से की, जिन्होंने अश्वासन दिया कि जल्द ही कार्य पूरा हो जाएगा।

ब्लॉक पहुंचा प्रार्थी। अमृत विचार

सार-संक्षेप

सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक रेफर

मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार। क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग हाईवे पर गुन्नौर मोड़ के निकट दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर में लखनऊ से बनारस जा रहे बाइक सवार राजेश कुमार निवासी, वाराणसी व मुसाफिरखाना बाजार से घर जा रहे मानिका निवासी बड़ागांव थाना जगदीशपुर घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां राजेश कुमार की नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पुलिस की छापेमारी में दो वांछित गिरफ्तार

जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार। अर्से से फरार चल रहे दो वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया, जिनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जेल भेजा। जगदीशपुर कोतवाली पुलिस को सफलता उस वक्त मिली, जब अर्से से फरार चल रहे दो अभियुक्तों को छापेमारी के दौरान उनके घर के पास से धर दबोचा। पूछताछ के दौरान एक ने अपना नाम रिजवान निवासी नरौली पूरे शिवदास थाना गौरीगंज तथा दूसरे ने रिजवान निवासी सुजानपुर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी बताया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल लालमन यादव, कांस्टेबल राहुल शामिल रहे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध कई मुकदमे दर्ज थे जिनकी तलाश पुलिस को अर्से से थी, गिरफ्तार करने के उपरांत विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया।

कैंप में 20 गर्भवती महिलाओं ने कराया पंजीकरण

संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार : मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में एचआरपी डे के तहत स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 20 गर्भवती महिलाओं ने पंजीकरण कराया। इनका स्वास्थ्य परीक्षण महिला डॉक्टर रुखसार द्वारा किया गया। इनमें 10 गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए बताया गया। जिसके लिए अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाना पड़ेगा। शेष गर्भवती महिलाओं को संबंधित दवा व ब्लड प्रेशर शुगर आदि की जांच करने के बाद घर जाने दिया गया। महिला डाक्टर रुखसार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अभी अल्ट्रासाउंड की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिसके कारण गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी भेजा जाता है। गर्भवती महिलाओं को आइरन की गोली आदि देकर मौसम के उतार चढ़ाव से बचने की सलाह दी गई। साथ ही पौष्टिक भोजन लेने के लिए बताया गया। मौसमी सब्जी, मौसमी फल के साथ गाय का दूध सेवन करने के लिए बताया गया।

शिक्षकों का दिया जा रहा एफएलएन प्रशिक्षण

प्रशिक्षण लेते शिक्षक एवं शिक्षिकाएं। अमृत विचार

संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार: विकास खंड संग्रामपुर में नई शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत 5+3+3+4 की रणनीति को फलीभूत करने हेतु प्रखंड स्तरीय चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रखंड संग्रामपुर ए का आयोजन बीआरसी कार्यालय संग्रामपुर में किया गया। एफएलएन प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है पहली से तीसरी कक्षा के छात्र-छात्राओं में बुनियादी भाषायी ज्ञान एवं गणितीय सक्रियताओं का दैनिक जीवन में उपयोग कर पाना है। इस प्रशिक्षण में वर्तमान परिवेश के अनुरूप आवश्यक बदलाव पर आधारित शिक्षक रणनीति तैयार करना, बहुभाषायी शिक्षण कौशल व गणित भाषा विषय से संबंधित गतिविधियां तैयार कर कक्षा में अध्ययन करने के रोचक प्रभावित तरीके प्रदर्शित किये गये।

अनदेखी भेटुआ क्षेत्र के किसानों को नहीं मिल रहा बीज, उर्वरक व रसायन

जर्जर हुआ साधन सहकारी समिति का भवन

संवाददाता, भेटुआ, अमेठी

अमृत विचार : जिले के सहकारिता विभाग की बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति भेटुआ का भवन जर्जर है। 31 जनवरी 1986 को समिति को उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री डॉ. संजय सिंह ने जनता को समर्पित किया था। अब तक 10 ग्राम पंचायतों के 300 किसान इसके सदस्य हैं। समिति के सभापति सुनील कुमार शुक्ल हैं।

भवन की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य के लिए सांसद किशोरी लाल शर्मा को मांग पत्र दिया गया है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी भेटुआ अध्यक्ष अजित कुमार यादव, न्याय पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश शुक्ल ने समिति के भवन के पुनर्निर्माण की मांग उठाई है। किसान अमर सिंह वनवासी ने बताया कि भवन जर्जर है। छत से पानी टपकता है। इस नाते उर्वरक, बीज, रसायन नहीं बिकता है। जिसे किसान महंगे दरों पर खरीद करने को मजबूर हैं। फसली ऋण भी अब नहीं मिलता है। गौरतलब है कि पुनर्निर्माण कार्य और मरम्मत कार्य के लिए जिला विकास कार्यालय के पास बजट है। लेकिन लापरवाही बरती जा रही है। जिला प्रशासन भी रुचि नहीं ले रहा है।

सहकारी साधन समिति भेटुआ का जर्जर भवन। अमृत विचार

नाले में मिला शव हत्या की आशंका

गौरीगंज, अमेठी, अमृत विचार: गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के लोदी नाले में शव और बाइक मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, शव की शिनाख्त रामतीरथ कोरी उम्र 25 वर्ष निवासी पचेहरी वार्ड नंबर-3 गौरीगंज के रूप में की गई। बाइक के पास मिट्टी में पैरों के निशान मिले हैं, जिससे ऐसा लग रहा है कि मृतक रामतीरथ के साथ कुछ और लोग भी घटनास्थल मौजूद थे। वहीं मृतक के गले पर धारदार हथियार के निशान भी मिले हैं। देखने वाले लोगों के मुताबिक हत्या कर शव फेंके जाने का मामला लग रहा है। फिलहाल गौरीगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और विवेचना में जुटी हुई है।

ट्रक ने पांच छात्राओं को कुचला, दो की मौत

पौन घंटे तक दबी रही एक बच्ची, आक्रोशित लोगों ने की तोड़फोड़, ट्रक में आग लगाई, चालक फरार

संवाददाता, नैनी, प्रयागराज

अमृत विचार: ओवरलोड ट्रक ने यमुना नगर स्थित मेजा में मंगलवार को स्कूल से लौट रहीं पांच छात्राओं को ट्रक ने कुचला दिया। इससे एक छात्रा ने मौके पर तत्काल दम तोड़ दिया। वहीं दूसरी छात्रा ट्रक के पहिए के नीचे करीब पौन घंटे फंसी रही। जेसीबी से उसे निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। तीन छात्राओं को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। हादसे से आसपास के लोग आक्रोशित हो गए और सड़क पर उतर आए। रोड जाम कर वह हंगामा करने लगे और ट्रक में तोड़फोड़ की। इस बीच ड्राइवर मौका पाकर ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। लोगों ने ट्रक में आग लगा दी। इसकी सूचना पर कई थानों की फोर्स बुलाई गई। आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।

हादसे के बाद मौजूद भीड़। अमृत विचार

हादसे के बाद ट्रक में लगी आग।

हादसा मिर्जापुर हाईवे पर मेजा के टिकुरी समहन गांव के पास का है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर लगभग एक बजे एक ट्रक मिर्जापुर की तरफ से प्रयागराज शहर की ओर तेज रफ्तार में जा रहा था। टिकुरी समहन गांव के पास पांच छात्राएं सड़क किनारे साइकिल चलाते हुए स्कूल से घर लौट रही थीं। तभी बेकाबू ट्रक ने छात्राओं को रौंद दिया और 10 मीटर दूरी पर रुक गया। हादसे में 15 साल की रिद्धि की मौके पर मौत हो गई। वह 12वीं कक्षा की छात्रा थी। एक छात्रा ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। उसे बचाने के लिए लोग दौड़े। साथ ही लोगों ने पुलिस को सूचना दी। दो जेसीबी बुलाई गई। जेसीबी से ट्रक को उठाकर बच्ची को पहिए से बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। इससे गुस्साए लोगों ने ट्रक को आग के हवाले कर दिया है। रिद्धि के पिता ने आरोप लगाया कि नो एंट्री के बावजूद ट्रक को एंट्री दी गई। पुलिस पैसा लेकर नो एंट्री में ट्रकों को जाने देती है। सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक बड़े वाहनों की एंट्री बैन होती है। चौकी प्रभारी और थाना प्रभारी मेजा की मिलीभगत से ये सब हो रहा है। इन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

सड़क दुघर्टना में घायल छात्र की मौत

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय बाजार के श्रीजयदुर्गा इंटरमीडिएट कॉलेज अध्यापक कमला शंकर शर्मा का पुत्र दो दिन पहले सड़क दुघर्टना घायल हो गया था। जिसका उपचार प्रयागराज के एक हास्पिटल में चल रहा था। सोमवार रात्रि में उक्त छात्र की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गोपाल इंटरमीडिएट कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र था।

असामयिक मौत से श्रीजय दुर्गा ड्रमंडगंज और गोपाल विद्यालय इंटरमीडिएट कॉलेज कोरांव में मंगलवार को शोकसभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर शिक्षण कार्य स्थगित कर दिया गया।

सार-संक्षेप

आत्महत्या के लिए उकसाने वाले तीनों आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़, अमृत विचार : रुपये उधार लेकर वापस नहीं करने के मामले में युवक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। इसमें दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तीसरे आरोपी को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। कुंडा के अघिया गांव निवासी 45 वर्षीय मुकेश कुमार ने तीन सितम्बर को घर के भीतर तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। इसमें मृतक के पिता ओम प्रकाश ने रजनपुर मोहल्ला निवासी राशिद, अत्ता नगर निवासी अरशद, अलुवामई गांव निवासी कमलेश के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। बेटे से 15 लाख रुपये उधार लिए थे। रुपये मांगने पर उसका मानसिक उत्पीड़न कर रहे थे। रुपये नहीं मिलने पर परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पिता की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोपी राशिद, अरशद को सोमवार को पुलिस ने जेल भेजा था। वहीं फरार चल रहे कमलेश कुमार को इंस्पेक्टर कुंडा सत्येन्द्र सिंह ने करेंटी बाईपास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

विलुप्त प्रजाति का पैंगोलिन मिला

संवाददाता, राजगढ़ (मिर्जापुर)। अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल के पीछे आम के बगीचों में लगाए गए तार में जाकर फस गया। रूद्र इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह ने स्थानीय पूर्व वन दरोगा राजेश कुमार सुमन को विलुप्त जानवर के बारे में जानकारी दी। जैसे ही यह जानकारी पूर्व वन दरोगा राजेश कुमार सुमन को मिली वह मौके पर पहुंचे। जिस पिंजरे में खरगोश रखे गए थे खरगोश को निकालकर इस पिंजरे में पैंगोलिनको रखा गया है। पैंगोलिन उर्फ कहट को कल रात्रि मे ही पिंजरे में सुरक्षित रख लिया गया। वन दरोगा सुनील राव भी मौके पर पहुंचे। छोटा सा विलुप्त प्रजाति का पैंगोलिन को स्कूल के प्रबंधक ने वन विभाग को सौंप दिया।

पैंगोलिन।

कंट्रोल रूम से मिलेगी खाद, बीज की जानकारी

संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार : किसानों की खाद, बीज की समस्या का समाधान करने के लिए जिला कृषि अधिकारी के कक्ष में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिसका मोबाइल नंबर 9721813306 व 9452701556 है। जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि राजकीय कार्य दिवस में किसान सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक शिकायत और सुझाव दर्ज करा सकते हैं।

सीमांचल एक्सप्रेस में युवकों ने किया पथराव, यात्री घायल

संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार : प्रयागराज में पुराना यमुना पुल के समीप आनंद विहार से बरौनी (बिहार) जा रही सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंके गए। इससे एक यात्री घायल हो गया। उसे मिर्जापुर स्टेशन पर उतारकर इलाज कराने के बाद गंतव्य की ओर रवाना किया गया। सोमवार शाम 5.30 बजे सीमांचल एक्सप्रेस प्रयागराज जंक्शन से रवाना हुई। ट्रेन यमुना ब्रिज से पहले पहुंची तो उस पर पथराव शुरू हो गया। ट्रेन पर 10 से ज्यादा पत्थर फेंके गए। पत्थरबाजी के दौरान गेट पर बैठे सुजीत कुमार को पत्थर लग गया। उसका दांत टूट गया और होंठ भी कट गए। मिर्जापुर पहुंचने पर उसका इलाज कराया गया। सुजीत उसी ट्रेन से आगे की यात्रा के लिए रवाना हो गया। बताया जाता है कि घायल सुजीत बिहार के बेगूसराय का रहने वाला है। घटना के समय वह स्लीपर कोच एस-3 के गेट पर बैठा था। इलाज कराकर उसे रवाना कर दिया गया है। सुजीत ने आरपीएफ को बताया कि हम लोग परिवार समेत दिल्ली से बरौनी जा रहे थे। हमारे पास तीन कंफर्म और पांच वेटिंग टिकट था। यमुना ब्रिज पर जैसी ही ट्रेन पहुंची, 2-3 युवकों ने हमें पत्थर फेंक कर मारे। हमारे बड़े पापा का देहांत हो गया, इसलिए हम लोग बरौनी लौट रहे थे।

टप्पेबाजों ने कागज की गड्डी थमा कर उड़ाए 27 हजार रूपये

संवाददाता, रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार : रस्तीपुर, रानीगंज निवासी 22 वर्षीय रोहित जायसवाल मंगलवार को दोपहर करीब तीन बजे सेंट्रल बैंक रानीगंज में पैसा निकालने आया था। 27 हजार रूपये खाते से निकाला, इसी बीच बैंक में दो युवक मिले और फार्म भरने लगे। बातचीत करते हुये रोहित को कागज की गड्डी दिखाकर बोले इसमें दो लाख रुपये है। गड्डी में ऊपर एक-दो नोट पांच सौ के थे। उक्त युवक एसबीआई में जमा करने का बहाना बताकर रोहित को रानीगंज चौराहे पर ले गये, कागज की गड्डी को दो लाख रुपये कहकर थमा दिया। उसका 27 हजार रूपये एसबीआई में जमा कर वापस आने की बात कहकर उसे वही रुकने को कहा। कागज की गड्डी थमाकर उसका 27 हजार रूपये लेकर भाग निकले। सूचना पर पुलिस पहुंची ने पूछताछ की। मालूम हो कि दो माह पूर्व ऐसी घटना इसी बैंक में हुई थी। सीओ विनय प्रभाकर साहनी ने बैंक के सामने गोमती हटाने का निर्देश दिया। एसओ आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

आकाश को पत्रकारिता में मिली पीएचडी की उपाधि

संवाददाता, लखनऊ, अमृत विचार : जौनपुर में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 28वें दीक्षांत समारोह में लखनऊ निवासी आकाश यादव पुत्र दीन दयाल को पत्रकारिता एवं जनसंचार में पीएचडी (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की उपाधि प्रदान की गई। आकाश को यह उपाधि उनके शोध विषय प्रिंट मीडिया पर नागरिक पत्रकारिता के प्रभाव के लिए दी गई है। आकाश का मानना है कि उनके शोधकार्य से भविष्य में नागरिक पत्रकारिता को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर आकाश ने सर्वप्रथम अपने माता-पिता का आभार व्यक्त किया और अपने शोध निर्देशक सहायक प्रोफेसर सुरेश प्रताप दीक्षित, प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव, प्रोफेसर राजेश कुशवाहा, डॉक्टर सुरेंद्र यादव, डॉक्टर नितिन, और आकांक्षा पटेल का भी धन्यवाद किया। आकाश यादव ने लखनऊ विश्वविद्यालय से पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर किया है और 2017 में यूजीसी द्वारा आयोजित नेट परीक्षा उत्तीर्ण की।

महाबोधी एक्सप्रेस की बोगी से कोई वस्तु टकराई, हड़कंप

संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार : जिले में महाबोधि एक्सप्रेस के गार्ड को अचानक टकराने की आवाज सुनाई दी, जिससे हड़कंप मच गया। गार्ड ने तुरंत कंट्रोल रूम को सूचित किया। आरपीएफ ने जांच की, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। आरपीएफ ने दावा किया कि ट्रेन को कोई क्षति नहीं हुई है। इससे यात्रियों में हड़कंप का माहौल रहा। गया से नई दिल्ली जा रही महाबोधि एक्सप्रेस जब मिर्जापुर रेलवे स्टेशन के माल गोदाम के सामने से गुजर रही थी तो अचानक गार्ड के बोगी में कुछ टकराने की आवाज आई। गार्ड सहम गया और उसने तत्काल इसकी सूचना रेलवे कंट्रोल रूम को दे दी। इसकी जानकारी होते ही कंट्रोल रूम ने आरपीएफ के इंस्पेक्टर दिनेश कुमार को तत्काल मामले की जांच कराने का आदेश दे दिया गया। उन्होंने सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार, हेड कांस्टेबल गिरधर कुशवाहा को तत्काल रेलवे ट्रैक की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दे दिए। सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार व हेड कांस्टेबल गिरधर कुशवाहा तुरंत माल गोदाम के पास पूर्वी यार्ड, पश्चिमी यार्ड को चेक किए, लेकिन कोई भी संदेहास्पद व्यक्ति नजर नहीं आया। ट्रेन के प्रयागराज पहुंचने पर अटेंड कराया गया तो ट्रेन के किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं लगी थी। किसी भी बोगी का कोई शीशा नहीं टूटा था। इसके अलावा अन्य कोई क्षति नहीं हुई थी। गार्ड की सूचना पर आरपीएफ ने अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्जकर विवेचना शुरु कर दी है।

शौचालय निर्माण में गबन पर डीएम सख्त

संवाददाता, रानीगंज, प्रतापगढ़

अमृत विचार : ग्राम पंचायत के शौचालय निर्माण में प्रधान द्वारा 30 लाख रूपये गबन किये जाने के आरोप के सम्बन्ध में डीपीआरओ द्वारा कार्रवाई न किये जाने व गलत रिपोर्ट लगाये जाने पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने नाराजगी जताई है। डीपीआरओ पर कार्रवाई का अल्टीमेटम देते हुए डीएम ने सीडीओ को टीम गठित कर जांच कर दोषी पर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

रानीगंज तहसील के शिवगढ़ ब्लॉक अंतर्गत सरायसेतराय ग्राम प्रधान द्वारा शौचालय निर्माण में 30 लाख रूपये गबन किये जाने की शिकायत बालकृष्ण यादव द्वारा की गयी थी। जिसकी जांच एडीओ पंचायत शिवगढ़ के निर्देश पर ग्राम पंचायत अधिकारी कमला शंकर द्वारा 20 जुलाई को जांच कराई गई। डीपीआरओ द्वारा कार्रवाई ना किये जाने और जांच का हवाला देकर आख्या प्रस्तुत किये जाने पर डीएम ने डीपीआरओ को चेतावनी दी है। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को जिला स्तरीय टीम द्वारा जांच करने के लिए निर्देशित किया। कहा कि मामले में दोषी मिलने पर सम्बंधित के खिलाफ कार्रवाई करें।

मदरसा कांड : आरोपियों से नैनी जेल में पूछताछ

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: शहर के अतरसुइया इलाके में स्थित मदरसे के अन्दर 100-100 के जाली करेंसी छापने के मामले में आरोपियों से पूछताछ करने के लिए टीम नैनी जेल पहुंची है। जहां उनसे कड़ी पूछताछ की जा रही है। इतना ही नही इन आरोपियों की पुलिस कस्टडी रिमांड भी मंजूर हो गई है।

मदरसा जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम 140 मदरसा कंपाउंड अतरसुइया में बना हुआ है। मदरसे के आसपास 100 वर्गगज का मकान ही एक करोड़ से ऊपर की कीमत का माना जाता है। इसी मदरसे में जाली करेंसी छापने का खुलासा हुआ था। जिसमे मौलवी समेत चार आरोपी गिरफ्तार किये गये थे। मदरसा कांड में चार आरोपी नैनी सेंट्रल जेल में बंद हैं। पुलिस टीम इन्हें लेने नैनी जिला जेल पहुंची है। जहां कागजी कार्रवाई पूरी कर सिविल लाइन थाना पुलिस मौलवी सहित अन्य चारों आरोपियों को थाने लाकर पूछताछ करेगी। आरोपियों पर जाली करेंसी छपाने सहित मदरसे के बच्चों का ब्रेन वॉश करने का भी आरोप है। पुलिस इनसे नोट खपाने के मामले में भी पूछताछ करेगी। पुलिस इन आरोपियों ने विदेशी फंडिंग को लेकर भी जानकारी जुटाएगी।

▸▸ रिमांड पर लेगी पुलिस, मौलवी की देखरेख में छापी जा रही थी करेंसी

आरोपियों ने आईबी करेगी पूछताछ

मदरसे में जाली नोटों की छपाई के मामले में गिरफ्तार किए गये मौलवी समेत चार आरोपियों से आईबी भी पूछताछ करेगी। मदरसे में नोटों की खेप पकड़े जाने के बाद आईबी की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की थी। पुलिस के साथ ही आईबी भी इस मामले की पड़ताल में जुटी है। फिल्हाल मामले में पीडीए ने मदरसे को सील कर दिया था। अवैध निर्माण को लेकर पीडीए ने दो नोटिस करते हुए जवाब भी मांगा था।

रिमांड पर कितने आरोपी

यह हाईस्कूल की परीक्षा पास की है। इसे नकली नोट बाजार में खपाने के लिए साथ में जोड़ा गया। इसके पिता कपड़े की दुकान पर काम करते हैं।
(मोहम्मद अफजल)

यह मदरसी में टीचर बन गया। इसने इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई की है।
(जाहिर खान)

मौलवी ने हाईस्कूल की पढ़ाई की है। इसके बाद वह मदरसे में आलिम की डिग्री ले ली। फिर प्रिंसिपल बन बैठा। इसके पिता भी मदरसे के प्रिंसिपल रह चुके है।
(मोहम्मद तफसीरूल)

यह आठवीं की पढ़ाई की है। मदरसे में मौलवी बनने के लिए आया था, लेकिन पैसे कमाने के लालच में नकली नोट का कारोबार करने लगा।
(मोहम्मद शाहिद)

मनाया गया एनएसएस का स्थापना दिवस

जौनपुर। अमृत विचार: वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो वंदना सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना परिसर इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना कार्यक्रम मंगलवार को मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना कार्यक्रम का शुभारंभ स्वच्छता, सेवा समर्पण की प्रतिमूर्ति शांति नोबल पुरस्कार एवं भारत रत्न मदर टेरेसा एवं स्वामी विवेकानंद और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना भवन में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

स्वयंसेवकों ने स्वच्छता के प्रति जगाई अलख

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : पीबीपीजी कॉलेज सिटी में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा सेवा योजना का स्थापना दिवस स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

प्राचार्य प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में एनएसएस का मुख्य उद्देश्य बताते हुए स्वयंसेवकों को व्यक्तित्व और चरित्र के विकास के साथ-साथ राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। बताया कि इस संगठन की स्थापना को अंतिम रूप आज के ही दिन वर्ष 1969 में दिया गया। प्रो. ब्रम्हानंद प्रताप सिंह ने देश की सेवा में युवाओं की भागीदारी को आवश्यक बताते हुए एनएसएस के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रमाधिकारी इकाई एक से डॉ. नीरज त्रिपाठी, इकाई दो से डॉ. कुलदीप सिंह, इकाई तीन से अजय कुमार सिंह तथा इकाई चार से डॉ. प्रणव ओझा की देखरेख में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अंत में स्वयंसेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। संचालन रवि प्रकाश सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. भूपाल सिंह, डॉ. पवन कुमार सिंह, उपमन्यु शुक्ल, प्रमोद मौर्य, आशुतोष नागर आदि मौजूद रहे।

पीबीपीजी कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत शपथ लेते एमएसएस स्वयंसेवक।

▸▸ स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया गया एनएसएस का स्थापना दिवस

विशेष संचारी रोग नियंत्रण के लिए चलेगा अभियान

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

अमृत विचार: स्थानीय ब्लाक मुख्यालय पर मंगलवार को संचारी रोग के रोकथाम के लिए खंड विकास अधिकारी डॉ. राजीव शर्मा के अध्यक्षता में समस्त क्षेत्र के ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक एवं पंचायत सचिव के साथ एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान खंड विकास अधिकारी राजीव शर्मा ने कहा आने वाले जाड़े के मौसम से पहले कार्ययोजना के अनुसार जगह-जगह ग्राम सभा मोहल्ला में पड़े गंदगी की साफ-सफाई, नियमित रूप से नाली की सफाई, झाड़ी की कटाई एवं साफ-सफाई एण्टीलार्वा का छिड़काव के लिए सम्बन्धित कर्मचारियों को निर्देशित किया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी माह में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक तथा दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 जुलाई तक चलेगा। यूनिसेफ बीएमसी अंकित शुक्ला ने बताया गया कि ग्राम प्रधान एवं पंचायत सहायक के सहयोग से स्वच्छता साफ सफाई के बारे बताया गया कि 0 से 2 वर्ष के बच्चों बारह जानलेवा बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण के लिए विस्तार पूर्वक बताया गया।

पेयजल स्वच्छता मिशन की दी गई जानकारी

संवाददाता, राजगढ़ (मिर्जापुर)

अमृत विचार: विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के खटखारिया में राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश जल शक्ति मिशन हर घर जल योजना अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय खटखरिया में मंगलवार को बच्चों की पोस्ट कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जल शक्ति मिशन के तहत बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। जल शक्ति मिशन योजना के शैलेंद्र यादव कोऑर्डिनेटर गोरखपुर, आंचल गुप्ता ट्रेनर मिर्जापुर, शबनम खातून ट्रेनर मिर्जापुर के नेतृत्व में एक स्वच्छता क्लब का भी गठन किया गया।

बच्चों को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। शौच करने के बाद साबुन का प्रयोग करें। अगल-बगल गंदगी दिखे तो उसे कूड़े दान में डालें। आसपास गड्ढा में पानी होने पर पानी की निकासी करें और मच्छरों से बचाव करें जिससे निरोगी रहेंगे। स्वच्छता की जानकारी में बच्चों को शपथ दिलाई गई जहां भी गंदगी देखें गंदगी को कूड़ेदान में डालें। प्रतियोगिता में नैंसी पाल कक्षा चार प्रथम स्थान, जिगर कक्षा 5 द्वितीय, दिव्यांशी कक्षा 5 तृतीय स्थान। प्रतियोगिता में भाग लिए बच्चों में पुरस्कार वितरित किए गए और प्रशस्ति पत्र भी दिए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार सिंह, रनतिदेव सिंह, महावीर यादव मुकेश प्रसाद। संचालन शीला देवी ने किया।

स्वच्छता को लेकर बच्चों को दिलाई गई शपथ। अमृत विचार

डीएम फरियादी के घर पहुंचे, 7 वर्षों से लंबित मामले का किया निस्तारण

संवाददाता, जौनपुर

अमृत विचार: जिले में मृतकों के वारिसों का नाम खतौनी दर्ज करने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्हें सोमवार को शिकायत मिला एक व्यक्ति राजस्वकर्मी की गलतियों का खामियाजा बीते 7 वर्ष से झेल रहा है। डीएम इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को खुद पीड़ित के घर पहुंच गए ग्रामीणों से तस्दीक करके खतौनी में उसका नाम दर्ज कराया।

प्रेमचंद पुत्र सुंदरी प्रसाद निवासी पोखरियापुर जो जनसुनवाई कक्ष में 24 सितंबर 2024 को जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के समक्ष उपस्थित हुए और अवगत कराया कि उनकी माता धर्मा देवी पत्नी सुंदरी प्रसाद के मृत्यु के पश्चात वरासत में उनके एकमात्र पुत्र प्रेमचन्द्र के स्थान पर त्रुटिवश ओमप्रकाश, जयप्रकाश पुत्र कुबेर दर्ज हो गया था। शिकायतकर्ता विगत 7 वर्षों से वरासत में अपना नाम दर्ज कराने के लिए प्रयास कर रहा है। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने गम्भीरतापूर्वक प्रकरण का सन्दर्भ लेते हुए नायब तहसीलदार से प्रकरण के सन्दर्भ में पूरी जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी द्वारा स्वयं शिकायतकर्ता प्रेमचन्द्र के घर मौके पर पहुंचकर खुली बैठक में तस्कीद कराते हुए प्रेमचंद पुत्र सुंदरी प्रसाद का नाम दर्ज कराने हेतु तहसीलदार और लेखपाल को निर्देशित किया कि नाम दर्ज करने के साथ ही तत्काल खतौनी उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा उन्होंने ग्राम पोखरियापुर के मृतक रमाशंकर और रामदुलार की जगह उनके वारिसों के नाम दर्ज करने के साथ ही उन्हें भी खतौनी देने के निर्देश दिए तथा लेखपाल को निर्देशित किया कि जिनके यहां भी मृतक के स्थान पर उनके वारिसों का नाम दर्ज कराना है, तत्काल कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने गांव के वयोवृद्ध लोगों से मुलाकात की।

नैनी-छिवकी स्टेशन पर आने वाली भीड़ पर होगा नियंत्रण

महाकुंभ 2025 : स्टेशन से लेकर मेवालाल बगिया तक का रोड मैप तैयार

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: महाकुंभ 2025 की तैयारियों का निरीक्षण करने जेसीपी एन कोलांची मंगलवार को नैनी व छिवकी स्टेशन पहुंचे। जेसीपी ने अपने मातहतों के साथ स्टेशन के अंदर और बाहरी परिसर में चल रही तैयारियों को देखा। उन्होंने मेले के दौरान स्टेशन पर जुटने वाली भीड़ को मेले तक सुगमता से स्नान घाट तक पहुंचाने को लेकर तैयार किये गये रोडमैप को देखा और अधिकारियों को जल्द ही कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया।

महाकुंभ की तैयारियां जोरों पर चल रही है। ऐसे में मेलाधिकारी लगातार विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश जारी कर रहे है। मंगलवार को ज्वाइंट कनिश्नर एन कोलांची मंगलवार नैनी और छिवकी स्टेशन पहुंचे। उनके पहुंचने से पहले छिवकी स्टेशन पर रेलवे के अधिकारियों सहित एसीपी करछना वरुण सिंह, डीसीपी, डीसीपी ट्रैफिक, समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। जवाईंट कनिश्नर ने छिवकी स्टेशन के अंदर आरपीएफ, जीआरपी, और ट्रैफिक के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने पैदल मार्च कर स्टेशन के बाहर चल रहे कार्यो को देखा। ज्वाइंट कनिश्नर ने नैनी एरीवा कम्पनी से छिवकी स्टेशन जाने वाली रोड पर पैदल मार्च कर मिर्जापुर राजमार्ग पर पहुंचकर मेले में आने वाली भीड़ को किस तरह से सुगम तरीके से मेले तक पहुंचाने के लिए तैयार किये गये रोड मैप और रूट डायवर्जन को देखा। उन्होंने अधिकारियों के साथ मेवालाल की बगिया पहुंचकर चौराहे से होकर गुजने वाले भारी वाहनो पर नियंत्रण करने के प्लान को भी देखा। उन्होंने सभी को व्यवस्थित ढंग से कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया।

> कुंभ मेले में मध्य प्रदेश, बुंदेलखंड, सहित अन्य राज्यों से छिवकी स्टेशन पर आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से व्यवस्थित करने की तैयारी को लेकर रोड मैप तैयार किया गया है। उसके तहत तैयारियों का निरीक्षण किया गया है। जल्द ही सारी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएंगी।
>
> **-एन कोलांची, जवाईंट कनिश्नर**

स्टेशन के बाहर ऑटो चालकों पर अंकुश लगाने का निर्देश

ज्वाइंट कनिश्नर एम कोलांची ने स्टेशन के निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर के अंदर प्रवेश करने वाले ऑटो चालकों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के लिए आरपीएफ और जीआरपी को कड़ा निर्दश दिया है। बताया जा रहा कि निर्माण कार्य के चलते ऑटो चालक पार्किंग में अप्पे खड़ी नही करते है। इसके लिए भी जल्द व्यवस्था की जा रही है।

छात्र- छात्राओं ने निकाली रैली, झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

संवाददाता, कटरा, गुलाब सिंह प्रतापगढ़

अमृत विचार: स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत सोमवार को शांति पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम परिसर में झाड़ू लगाकर साफ- सफाई की।

स्वच्छता कार्यक्रम में बच्चों ने अपना सक्रिय योगदान दिया। जिसमें ओम कौशल, आराध्या सिंह, लवली, यश यादव, साकिब, आराध्य पटेल, हिमांशी, अंतिमा, सात्विक, ओम सोहेल आदि शामिल रहे। अंत में बच्चों ने पोस्टर बनाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य कमलेश पांडेय ने कहा कि शांति पब्लिक स्कूल इस तरह के सामाजिक कार्यों में अपना सहयोग हमेशा देता रहेगा। बच्चो को अक्षर ज्ञान के साथ समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए सदा प्रेरित करना लक्ष्य है। बच्चों के साथ अभिजीत, मुकेश, संयोगिता, समीर, आशीष मौर्य आदि शिक्षक सहयोग में रहे।

पोस्टर बनाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक करते शांति पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं।

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 आटा मैदा मैदा 3000-3100

सर्राफा

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	76,500
सोना रवा	76,350
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	89,800
चांदी (999)	89,700
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

एसएंडपी ने भारत का वृद्धि अनुमान 6.8 प्रतिशत पर रखा बरकरार

रेटिंग्स एजेंसी को उम्मीद- आरबीआई मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में करेगा कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

- ठोस वृद्धि से मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप लाने पर आरबीआई कर सकेगा ध्यान केंद्रित

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.8% पर मंगलवार को बरकरार रखा और कहा कि उसे उम्मीद है कि आरबीआई अपनी अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देगा। एशिया प्रशांत के आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.9% बरकरार रखा है। इसमें कहा गया कि भारत में ठोस वृद्धि से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुद्रास्फीति को अपने लक्ष्य के अनुरूप लाने पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा। एजेंसी ने कहा कि भारत में अप्रैल-जून तिमाही में उच्च ब्याज दरों ने शहरी मांग को प्रभावित किया और सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर धीमी रही। हालांकि

यह 2024-25 के लिए हमारे सकल घरेलू उत्पाद के 6.8% की दर के अनुमान के अनुरूप है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2% की दर से बढ़ी थी। एसएंडपी ने कहा कि हमारा परिदृश्य यथावत बना हुआ है। हम उम्मीद करते हैं कि आरबीआई जल्द से जल्द अक्टूबर में दरों में कटौती शुरू कर देगा और चालू वित्त वर्ष (मार्च 2025 में समाप्त होने वाले) में दो बार दरों में कटौती की योजना बनाएगा। एसएंडपी का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति औसतन 4.5% रहेगी।

सरकार का मुद्रास्फीति चार प्रतिशत रखने का है लक्ष्य

सरकार ने आरबीआई को मुद्रास्फीति को दोनों तरफ दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है। आरबीआई की ब्याज दर निर्धारित करने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक सात से नौ अक्टूबर को होने वाली है। मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने के लिए केंद्रीय बैंक ने फरवरी 2023 से नीतिगत दर को 6.5% पर यथावत रखा है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने भी अपनी नीतिगत ब्याज दर में 0.50% की कटौती की है। इसके बाद आरबीआई के अगले महीने इसमें 0.25% की कटौती करने की उम्मीद है।

85,000 अंक लांघने के बाद फिसला सेंसेक्स

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 85,000 अंक और एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के पार पहुंचा। हालांकि, बाद में दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों और कुछ बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी स्थिर रुख के साथ बंद हुए।

- एनएसई के निफ्टी ने भी 26,000 अंक को किया पार

सेंसेक्स 14.57 अंक यानी 0.02% की गिरावट के साथ 84,914.04 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स सुबह के कारोबार में 85,000 अंक पहुंचा था। यह 234.62 अंक यानी 0.27% की बढ़त के साथ उच्चतम स्तर 85,163.23 अंक पर पहुंच गया। अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए चीन द्वारा प्रोत्साहन उपायों की घोषणा से धातु शेयरों को गति मिली। दोपहर में रिकॉर्ड स्तर पर मुनाफावसूली से यह दिन के निचले स्तर 84,716.07 अंक तक आ गया था। हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से बाजार नीचे आया। एनएसई का निफ्टी 1.35 अंक यानी 0.01% की बढ़त के साथ 25,940.40 अंक पर बंद हुआ। यह 72.5 अंक चढ़कर नये रिकॉर्ड स्तर 26,011.55 अंक तक चला गया था।

कीमत स्थिरता और वृद्धि के बीच संतुलन जरूरी : दास

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई गवर्नर बोले- केंद्रीय बैंकों को नियमन और निगरानी के उपायों को अपनाना चाहिए

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि कीमत स्थिरता और आर्थिक वृद्धि के बीच संतुलन जरूरी है। अगर केंद्रीय बैंक मूल्य स्थिरता को प्राथमिकता देता है और इसके लिए बड़े स्तर पर वृद्धि के साथ समझौता करता है ऐसी परिस्थिति में दोनों के बीच सामंजस्य बैठाने की जरूरत पड़ती है। दास ने काठमांडू में कहा कि अर्थव्यवस्था की मदद के लिए, केंद्रीय बैंकों को मौद्रिक नीति के साथ नियमन और निगरानी जैसे उपायों को अपनाना चाहिए।



उन्होंने नेपाल राष्ट्र बैंक के हिमालय शमशेर स्मृति व्याख्यान में कहा कि मूल्य स्थिरता और वृद्धि के बीच संतुलन की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब मूल्य स्थिरता के लिए वृद्धि को छोड़ा जाता है। दास के अनुसार, यह हो सकता है कि मूल्य स्थिरता के लिए उपाय वित्तीय स्थिरता के लिए उपयुक्त नहीं हों। हाल ही में कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ऐसा ही देखा गया। वहां जब सख्त मौद्रिक नीति ने बैंकिंग प्रणाली की स्थिरता के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संदर्भ में आरबीआई के कार्य मूल्य स्थिरता से कहीं अधिक व्यापक हैं और इसमें वित्तीय स्थिरता बनाए रखना शामिल है। दास ने कहा कि इससे हमें अर्थव्यवस्था के बारे में समग्र दृष्टिकोण अपनाने, तालमेल के साथ आगे बढ़ने और हमारे पास जो भी साधन हैं, उसका उपयोग कर कदम उठाने में मदद मिलती है।

बैंक जमाराशि वृद्धि में कमी से बॉण्ड से धन जुटाने के लिए मजबूर : इक्रा

मुंबई, ,एजेंसी

- 85% बॉण्ड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ओर से किए जाएंगे जारी

धीमी जमा वृद्धि से बैंकों को चालू वित्त वर्ष 2024-25 में बॉण्ड जारी कर 1.3 लाख करोड़ तक जुटाने पर मजबूर होना पड़ेगा। मंगलवार को रिपोर्ट में यह बात कही गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार, बॉण्ड की राशि 1.2-1.3 लाख करोड़ रुपये के बीच होगी और यह अभी तक का सर्वाधिक है। यह बॉण्ड राशि ऐसे समय में जारी होगी जब जमा तथा ऋण वृद्धि के बीच लगातार अंतर जारी है। 85% बॉण्ड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा जारी किए जाएंगे।

इसी के साथ ऋणदाताओं के बीच बुनियादी ढांचा बॉण्ड के लिए बढ़ती मांग बाजार को गति प्रदान करेगी। एजेंसी ने कहा कि नकदी की कठिन परिस्थितियों तथा ऋण वृद्धि के जमा वृद्धि से अधिक होने के कारण बैंकों के लिए वैकल्पिक स्रोतों से धन जुटाना आवश्यक हो गया है। बैंकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में बॉण्ड जारी कर एक लाख करोड़ रुपये जुटाए थे। इससे पहले 2022-23 में 1.1 लाख करोड़ जुटाए गए थे, जो मौजूदा बॉण्ड राशि से पहले सर्वाधिक था।

उद्योग जगत से चार लाख करोड़ की ऋण मांग : एसबीआई

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहा है कि बैंक को भारतीय उद्योग जगत से चार लाख करोड़ रुपये के कर्ज की मांग मिल चुकी है। उन्होंने 2024-25 की दूसरी छमाही में निजी क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय में तेजी आने की उम्मीद भी जतायी। शेट्टी ने कहा कि हम निजी पूंजीगत व्यय में अच्छी रुचि देख रहे हैं। बुनियादी ढांचे के लिए वित्तपोषण मुख्य रूप से सड़कों, नवीकरणीय ऊर्जा और कुछ रिफाइनरियों से आ रहा है। सार्वजनिक व्यय की बात करें तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय लक्ष्य को 11.1% बढ़ाकर रिकॉर्ड 11.11 लाख करोड़ कर दिया था। यह देश के जीडीपी का 3.4% है। शेट्टी ने कहा कि कुछ कंपनियों ने पुरानी परियोजनाओं का विस्तार शुरू किया है, जिसके लिए पूंजीगत व्यय का वित्तपोषण उनके नकदी स्रोतों से किया गया है।

फर्जी पंजीकरण : 10,700 जाली कंपनियों का लगा पता

नई दिल्ली, एजेंसी

- मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 20 राज्य करेंगे आधार प्रमाणीकरण शुरू

कर अधिकारियों ने जीएसटी के तहत 10,700 फर्जी पंजीकरण का पता लगाया है, जिनमें 10,179 करोड़ की कर चोरी शामिल है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य शशांक प्रिय ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पंजीकरण के लिए आधार प्रमाणीकरण पहले से ही 12 राज्यों में लागू है और चार अक्टूबर तक अन्य चार राज्य को भी इसमें शामिल किया जाएगा। अंततः मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और हरियाणा सहित 20 राज्य आधार प्रमाणीकरण शुरू करेंगे।

एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के कार्यक्रम में शशांक प्रिय ने कहा कि भविष्य में कर अधिकारी नए करदाताओं पर उनके जोखिम प्रोफाइल के आधार पर कुछ पाबंदियां भी लगा पाएंगे।

चीनी बैंक ने आरक्षित दरों में की कटौती

बीजिंग। चीनी केंद्रीय बैंक ने संपत्ति क्षेत्र में मंदी से निपटकर सुस्त अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से कई कदम उठाने की मंगलवार को घोषणा की। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के गवर्नर पैन गोंगशेंग ने कहा कि बैंकों के लिए आवश्यक आरक्षित दर (रिजर्व रेट) में 0.5% की कटौती होगी तथा केंद्रीय बैंक इसमें और भी कटौती करेगा। केंद्रीय बैंक शेयर बाजार के स्थिर विकास में सहयोग के लिए नयी नीतियां बना रहा है। दूसरा घर खरीदने वालों के लिए अग्रिम भुगतान की अनिवार्यता 15% होगी तथा गिरवी दरों में कटौती होगी।

एक नजर

सुरक्षबलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने का दावा किया। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि चिंतलनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिंतावागू नदी के किनारे जंगल में हुई मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। सोमवार को चिंतलनार थाना और मुकरम गांव स्थित शिविर से जिला बल, जिला रिजर्व गार्ड, बस्तर फाइटर और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को करकनगुड़ा और गांव में नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था।

कोलकाता में एक हिस्से को छोड़कर ट्राम सेवा होगी बंद

कोलकाता। बंगाल सरकार ने मैदान से एस्प्लेनेड तक एकमात्र हेरिटेज खंड को छोड़कर कोलकाता में 150 साल पुरानी ट्राम सेवा को बंद करने का फैसला किया है। राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने यह जानकारी दी। हालांकि, ट्राम प्रेमियों ने इस फैसले के विरोध में सड़कों पर उतरने का फैसला किया है। कोलकाता देश का एकमात्र ऐसा शहर है, जहां ट्राम का संचालन जारी है।

मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या

नई दिल्ली। दिल्ली में रोहिणी के प्रेम नगर इलाके में अपने घर के पास खड़े एक टेम्पो का शीशा तोड़ने पर मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि घटना के सिलसिले में पांच संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना प्रेम नगर के अगर नगर इलाके में हुई। दीपक (32) खड़ा था तभी कुछ लोगों ने उस पर रॉड और डंडों से हमला कर दिया।

राष्ट्रीय

मुठभेड़ में मृत शिंदे के खिलाफ केस दर्ज, जांच के आदेश

बदलापुर यौन शोषण : गोलीबारी की घटना के वक्त शिंदे को नवी मुंबई की तलोजा जेल से लाया जा रहा था ठाणे

ठाणे, एजेंसी

ठाणे पुलिस ने पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी के लिए बदलापुर यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। साथ ही आरोपी की आकस्मिक मौत का भी मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने पहले बताया था कि सोमवार शाम को जिस वक्त गोलीबारी हुई, उस वक्त शिंदे को उसकी पूर्व पत्नी की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में नवी मुंबई की तलोजा जेल से ठाणे जिले के बदलापुर ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, इस घटना में शिंदे की मौत हो गई थी।

आरोपी अक्षय शिंदे के मुठभेड़ में मार जाने के बाद वैन की जांच करती फोरेंसिक टीम।

शिंदे (24) पर बदलापुर के एक स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न का आरोप है। बदलापुर के एक स्कूल में संविदा सफाईकर्मी शिंदे को 17 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था।

आरोपी के रिश्तेदारों ने पुलिस के दावे पर सवाल उठाया

ठाणे। बदलापुर यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे के परिजनों ने पुलिस के इस दावे को चुनौती दी है कि पहले अक्षय ने पुलिसकर्मी पर गोली चलाई, जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसकी मौत हो गई। शिंदे के परिजनों ने दावा किया कि पुलिस ने जुर्म कबूलने के लिए उस पर दबाव बनाया था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि शिंदे की मौत संबंधी घटनाक्रम की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

आरोपी की मौत की जांच करेगी सीआईडी

मुंबई। महाराष्ट्र का अपराध जांच विभाग (सीआईडी) बदलापुर के आरोपी अक्षय शिंदे की मौत की जांच करेगा। फॉरेंसिक विज्ञान विशेषज्ञों के दल ने मंगलवार को उस पुलिस वाहन की जांच की, जिसमें पुलिसकर्मी ने शिंदे को गोली मारी थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि चूंकि यह घटना पुलिस हिरासत में मौत से जुड़ी है अतः इसकी जांच महाराष्ट्र सीआईडी करेगी। सीआईडी अधिकारियों का दल मुंब्रा बाईपास जाएगा जहां घटना हुई। वे उन पुलिसकर्मियों का बयान दर्ज करेंगे जो घटना के वक्त वाहन में थे। सीआईडी शिंदे के माता-पिता के बयान भी दर्ज करेंगे। शिंदे के शव का पोस्टमार्टम मुंबई के जेजे हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में हुआ। शिंदे के पिता अन्ना शिंदे ने बेटे की हत्या की जांच की मांग की है।

राउत बोले- सरकार स्कूल प्रबंधन का बचाव कर रही

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने अक्षय शिंदे की मुठभेड़ में मौत पर संदेह जताया और दावा किया कि राज्य सरकार स्कूल प्रबंधन के बचाव का प्रयास कर कर रही है। यह मुठभेड़ संदिग्ध है, लेकिन ऐसे आरोपी के प्रति सहानुभूति दिखाने की जरूरत नहीं है। लेकिन यह हत्या या मुठभेड़ मुख्य आरोपी (स्कूल प्रबंधन) का बचाव करने के लिए की गई थी।

लेखा परीक्षण से धन की सुरक्षा के साथ जन विश्वास बढता है: मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी

- लेखा परीक्षण संस्थानों के एशियाई संगठन की 16वीं सभा का राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि लेखा परीक्षण संस्थान लेखा परीक्षण और आकलन से न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं बल्कि शासन में जनविश्वास बढ़ाते हैं। श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) द्वारा आयोजित लेखा परीक्षण संस्थानों के एशियाई संगठन की 16 वीं सभा का उद्घाटन किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि वित्तीय दुनिया अक्सर गैर पारदर्शी लेखांकन प्रथाओं से घिरी रहती है। ऐसी स्थिति में स्वतंत्र सर्वोच्च लेखा परीक्षण संस्थानों की भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि सार्वजनिक संसाधनों को कुशलतापूर्वक, प्रभावी ढंग से और ईमानदारी के साथ प्रबंधित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों के लेखा परीक्षण और आंकलन न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ाते हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि कैग देश की सार्वजनिक वित्त व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पत्नी को परजीवी कहना महिला जाति का अपमान: हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पत्नी के जीविकोपार्जन में सक्षम होने से पति उसे भरण-पोषण राशि देने से मुक्त नहीं हो जाता

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि पत्नी के जीविकोपार्जन के लिए सक्षम होने की वजह से पति उसे भरण-पोषण राशि देने से मुक्त नहीं हो जाता। अदालत ने कहा कि पत्नी को परजीवी कहना महिला जाति का अपमान है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने निचली अदालत द्वारा पत्नी को भरण-पोषण देने के निर्देश के खिलाफ पति की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि महिलाएं परिवार की देखभाल करने, बच्चों की जरूरतों और पति तथा उसके माता-पिता की देखभाल के लिए नौकरी छोड़ देती हैं। याचिकाकर्ता पति के बारे में कहा जा रहा है कि उसने पत्नी और बच्चों को छोड़ दिया है और वह दूसरी महिला के साथ रह रहा है। निचली अदालत ने याचिकाकर्ता को अपनी पत्नी को भरण-पोषण के रूप में 30,000 रुपये प्रतिमाह देने का आदेश दिया था, साथ ही उसे मानसिक यातना, अवसाद और भावनात्मक पीड़ा आदि के लिए पांच लाख देने का आदेश दिया था। निचली अदालत ने उसे अपनी पत्नी को मुआवजे के तौर पर तीन लाख देने का निर्देश दिया था, जिसमें मुकदमेबाजी की लागत के रूप में 30,000 रुपये शामिल हैं।

राहुल ने भाजपा से पूछा- क्यों डंकी हुए हरियाणा के युवा

नई दिल्ली, एजेंसी

- बेरोजगारी की समस्या को लेकर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा को घेरा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा में बेरोजगारी की समस्या को लेकर मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और सवाल किया कि आख़िर राज्य के युवा डंकी होने पर मजबूर क्यों हैं? उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनते ही ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी, जिसमें युवाओं को सपनों के लिये अपनों से दूर नहीं होना पड़ेगा। यहां डंकी का तात्पर्य अवैध तरीके से दूसरे देश में जाने से है जिसे डंकी फ़्लाइट भी कहा जाता है।

राहुल गांधी ने अमेरिकी दौरे पर भारत से अमेरिका जाने वाले कुछ लोगों से मुलाकात की थी। इनमें से एक अमित भी थे जिनके परिवार से कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को करनाल जाकर मुलाकात की थी। राहुल गांधी ने इसका वीडियो एक्स पर साझा करते हुए पोस्ट किया कि क्यों डंकी हुए हरियाणा के युवा? भाजपा द्वारा फैलाई बेरोज़गारी की बीमारी की कीमत लाखों परिवार अपनों से दूर हो कर चुका रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका यात्रा के दौरान हरियाणा के उन युवाओं से मुलाकात हुई जो घर परिवार से दूर खुद को पराए मुल्क में खपा रहे हैं। भारत लौटने पर जब उनके परिवार से मिला तो उनकी आंखें दर्द से छलक उठीं।

भाजपा ने बेरोजगारी की महामारी फैलाई : प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि हरियाणा में भाजपा ने बेरोजगारी की ऐसी महामारी फैलाई है कि होनहार युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव पांच अक्टूबर को होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि हरियाणा में भाजपा ने बेरोजगारी की ऐसी महामारी फैलाई है कि होनहार युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। प्रदेश में कुल 4.5 लाख सरकारी पद हैं जिनमें से 1.8 लाख पद खाली पड़े हैं। भाजपा ने हरियाणा के युवाओं से भविष्य की सारी उम्मीदें छीनकर उनके साथ घोर अन्याय किया है।

ऑटो-ट्रक की भिड़ंत में 6 की मौत, 3 घायल

दमोह। मध्यप्रदेश के दमोह जिले में कटनी राजमार्ग पर मंगलवार दोपहर ट्रक ने ऑटो को कुचल दिया, जिससे छह लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि समन्ना गांव के पास ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर कलेक्टर और एसपी के साथ एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची। घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए दमोह से जबलपुर तक कॉरिडोर भी बनाया गया। क्रेन की मदद से ऑटो को ट्रक के नीचे से निकाला गया। घायलों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया।

महिला को किराये के मकान में मिले गुप्त कैमरे, मकान मालिक का बेटा गिरफ्तार

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में महिला किरायेदार के बेडरूम और स्नानकक्ष में गुप्त कैमरे लगाने के आरोप में 30 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी कर रही महिला कुछ महीनों से इस मकान में अकेली रहती थी और शहर से बाहर जाने पर वह मकान मालिक के बेटे करण को चाबियां दे देती थी। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि महिला को व्हाट्सअप में असामान्य गतिविधि दिखी। जांच के बाद उसने पाया कि उसका व्हाट्सएप एकाउंट अज्ञात लैपटॉप पर लॉगइन है। उसने स्नानकक्ष में बल्बहोल्डर में कैमरा देखा और पीसीआर कॉल की, पुलिस ने उसके बेडरूम में कैमरा मिला।

- व्हाट्सएप में असामान्य गतिविधि से हुआ मामले का खुलासा

आरटीआई पोर्टल को लेकर 11 राज्यों से जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

- शीर्ष अदालत के फैसले के बावजूद अब तक नहीं शुरू हुआ पोर्टल

सुप्रीम कोर्ट ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत पोर्टल शुरू करने के लिए दाखिल याचिका पर आंध्र प्रदेश और झारखंड सहित 11 राज्यों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अदालत के 2023 के फैसले के बावजूद इन राज्यों ने अब तक पोर्टल नहीं शुरू किया है। न्यायालय ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेश और उच्च न्यायालयों को तीन महीने में आरटीआई वेबसाइट शुरू करने का निर्देश दिया था। अदालत ने रेखांकित किया था कि इस सुविधा से सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के उद्देश्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पादीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता अनुज नकाडे के वकील की दलील पर संज्ञान लिया जिन्होंने बताया कि 11 राज्यों ने अब तक अपनी आरटीआई वेबसाइट शुरू नहीं की है।

प. बंगाल में मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरे

कोलकाता। प. बंगाल में जलपाईगुड़ी जिले के न्यू मैनागुड़ी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह छह बजकर 20 मिनट पर यह घटना हुई, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ। गुवाहाटी से आ रही यह मालगाड़ी न्यू जलपाइगुड़ी जा रही थी। अलीपुरद्वार के संभागीय रेलवे प्रबंधक (डीआरएम) अमर जीत गौतम ने बताया कि इस मार्ग पर साढ़े 12 बजे ट्रेनों का यातायात बहाल कर दिया गया। क्षतिग्रस्त डिब्बों को पटरी से हटाया जा रहा है और पटरी से गुजर रहे तारों को दुरूस्त कर लिये जाने के बाद सामान्य (ट्रेन) परिचालन बहाल हो जायेगा।

- गुवाहाटी से आ रही मालगाड़ी न्यू जलपाइगुड़ी जा रही थी

स्कूल सुरक्षा के निर्देश अधिसूचित करें राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीठ ने गैर सरकारी संगठन बीबीए याचिका पर की सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूल सुरक्षा पर केंद्र के दिशानिर्देश अधिसूचित करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ गैर सरकारी संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2021 में जारी दिशानिर्देशों को लागू करने का अनुरोध किया गया था। गैर सरकारी संगठन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फुल्का ने कहा कि आज तक केवल पांच राज्यों ने केंद्र के 2021 के स्कूल सुरक्षा और संरक्षा पर दिशानिर्देश को अधिसूचित किया है। पीठ ने वर्ष 2019 की जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वरिष्ठ वकील ने कहा कि याचिका में उन अभिभावकों की आशंका को दर्शाने का प्रयास किया गया है, जो अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं। याचिका में कहा गया है कि दिशानिर्देशों का उद्देश्य और लक्ष्य, सभी बच्चों को हर प्रकार के शोषण और दुर्व्यवहार से सुरक्षा प्रदान करने तथा उनके शारीरिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और नैतिक कल्याण की गारंटी देने के लिए एक व्यापक कानून बनाना है।

टीम की तैयारियों से खुश हूं : हरमनप्रीत कौर

- 20 अक्टूबर से यूएई में खेला जाएगा महिला टी-20 विश्वकप

मुंबई, एजेंसी

मुख्य कोच मजूमदार के साथ पत्रकारों से वार्ता करतीं कप्तान कौर। ● एजेंसी

हरमनप्रीत कौर लंबे समय से खिताब के करीब पहुंचकर चूकने के अहसास से परेशान हैं लेकिन भारतीय कप्तान को लगता है कि उनकी टीम ने तीन से 20 अक्टूबर तक यूएई में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप में खिताब जीतने की दावेदारी पेश करने के लिए अच्छी तैयारी की है।

वर्ष 2009 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से भारत केवल एक बार 2020 में फाइनल में पहुंचने में सफल रहा है और तब वे ऑस्ट्रेलिया से हार गए थे। भारत 2017 में महिला एकदिवसीय विश्व कप फाइनल भी खेला और वहां भी उप विजेता रहा। हरमनप्रीत दोनों टीमों का हिस्सा रहीं और उन्होंने 2020 टी-20 विश्व कप में टीम का नेतृत्व भी किया था। टी-20 विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले हरनमप्रीत ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा यह सर्वश्रेष्ठ टीम है जिसके साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। खिलाड़ी लंबे समय से एक साथ खेल रहे हैं। हम पिछली बार इतने करीब आ गए थे और सेमीफाइनल (2023) में हार गए। हमारी सभी विभागों में तैयारी काफी अच्छी है। जुलाई के अंत में एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हार के बाद से भारतीय टीम को खेलने का मौका नहीं मिला है।

टीम ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में एक व्यापक तैयारी शिविर में हिस्सा लिया जहां खिलाड़ियों ने फिटनेस और क्षेत्ररक्षण में बहुत समय बिताया। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां टीम अतीत में कमजोर रही है। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य कोच अमोल मजूमदार और मुख्य चयनकर्ता नीतू डेविड भी मौजूद थे। अब तक सभी टी-20 विश्व कप में खेलने वाली हरमनप्रीत ने कहा एशिया कप के दौरान हमने अच्छी क्रिकेट खेली, एक दिन चीजें योजना के अनुसार नहीं हुईं। हरमनप्रीत ने अपने लगभग डेढ़ दशक के करियर में कई वैश्विक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन उन्हें लगता है कि वह अब भी अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप की तरह ही उत्साहित हैं।

मानसिक ट्रेनिंग को भी दी तरजीह : मजूमदार

मुख्य कोच मजूमदार में बेंगलुरू में ट्रेनिंग शिविर पर अधिक प्रकाश डाला। हमने कुछ चीजों की पहचान की (श्रीलंका से हार के बाद) और हमने अगले शिविर में इन पर काम किया। हमने पहले फिटनेस और क्षेत्ररक्षण शिविर लगाया। फिर हमने 10 दिन का कौशल शिविर लगाया। हमने एक खेल मनोवैज्ञानिक (मुग्धा बावरे) को भी बुलाया। वह टीम के साथ शानदार रहीं। हमने एथलेटिक क्षमता, ऑलराउंड क्षेत्ररक्षण क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया, योग सत्र और मनोवैज्ञानिक सत्र भी जोड़े गए। बांग्लादेश में अशांति के कारण इस टूर्नामेंट को वहां से यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया था।

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया

ब्रिस्बेन। गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद एलिस पेरी (36) और एश्ली गार्डनर (33) की शानदार पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने मंगलवार को तीसरे टी-20 मुकाबले पांच गेंदे शेष रहते न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हरा दिया हैं। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 146 रन का स्कोर बनाया।

आज यहां 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 26 के स्कोर पर उसने बेथ मूनी (6) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जॉर्जिया वेयरहम ने कप्तान अलीसा हीली के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में एमेलिया केर ने अलिसा हीली (27) को आउट कर न्यूजीलैंड को दूसरी सफलता दिलाई। तीसरे विकेट के रूप में जॉर्जिया वेयरहम (26) रन और एलिसा पेरी 29 गेंदों में (36) रन बनाकर आउट हुई। फीबी लिचफील्ड (5) और तालिया मैक्ग्रा (6) रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ने 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 148 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया।

पैरालंपिक पदक विजेता व पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों को मिलेंगे नकद पुरस्कार

नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने पिछले महीने पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले देश के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए कुल 50 लाख रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने पेरिस खेलों में एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल पांच पदक जीते थे।

पुरुष एकल एसएल3 श्रेणी में स्वर्ण जीतने वाले नितेश कुमार को 15 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा रजत पदक विजेता सुहास यथिराज (पुरुष एकल एसएल4) और तुलसीमति मुरुगेसन (महिला एकल एसयू5) को 10-10 लाख रुपये दिए जाएंगे। कांस्य पदक विजेता मनीषा रामदास और नित्या श्री सिवन (महिला एकल एसएच6 श्रेणी) प्रत्येक को सात लाख 50 हजार रुपये मिलेंगे। तुलसीमति, मनीषा और नित्या ने पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया।

खेल डायरी

राफेल नडाल स्पेन की डेविस कप टीम में शामिल

मैड्रिड। स्पेन ने डेविस कप के लिए अपनी टीम में फिटनेस से जूझ रहे दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को टीम में जगह दी है। नवंबर में होने वाले इस टेनिस टूर्नामेंट के लिए 38 वर्षीय राफेल नडाल को कार्लोस अल्काराज, रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत, पाब्लो कैरेनो बुस्टा और मार्सेल ग्रैनोलर्स के साथ स्पेन की टीम में जगह दी गई है। डेविड फेरर टीम के कोच होंगे। उन्होंने पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। ओलंपिक के बाद नडाल को फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण यूएस ओपन और लेवर कप से हटना पड़ा। उन्होंने 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते है। डेविस कप के लिए आठ देशों ने अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। डेविस कप क्वार्टर फाइनल 19 से 21 नवंबर के दौरान होंगे। सेमीफाइनल 22 और 23 नवंबर को और फाइनल 24 नवंबर को खेला जाएगा। मेजबान स्पेन का क्वार्टर फाइनल मुकाबला नीदरलैंड से होगा।

फीफा ने नए कायदे कानून की पुस्तिका प्रकाशित की

जिनेवा। विश्व फुटबॉल नियामक संस्था (फीफा) ने दुनिया भर के फुटबॉल समुदाय को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए नए नियम, वैधानिक दस्तावेज और परिपत्र वाली कानूनी पुस्तिका का 2024 संस्करण प्रकाशित किया। फीफा द्वारा सोमवार को जारी की गई पुस्तिका के नए संस्करण में फुटबॉल संगठनों तथा मैचों पर लागू सभी नियमों और कानूनों में हाल ही में हुए बदलाव और संशोधन के बारे में जानकारी दी गई हैं। फीफा ने 2020 में इस पुस्तिका प्रकाशित किया था तब से प्रत्येक वर्ष यह कानूनी पुस्तिका प्रकाशित की जा रही है। इस पुस्तक में अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों के अलावा, कानूनी पुस्तिका के 2024 संस्करण में फीफा कानूनो के अद्यतन संस्करण, खिलाड़ियों की स्थिति और स्थानांतरण पर नियम और महिला खिलाड़ियों और कोचों के लिए नियामक ढांचा शामिल है।

मालोर्का ने रीयाल बेटिस को 2-1 से हराया

सेविले (स्पेन)। मालोर्का ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रीयाल बेटिस को 2-1 से हराया। शुक्रवार की रात अलावेस और सेविला के बीच हुए मैच की तरह ही इस मुकाबले के दौरान भी कुछ घरेलू प्रशंसकों ने मैच की शुरुआत में अपनी सीट पर बैठने से इनकार कर दिया क्योंकि उन्होंने कहा कि किकऑफ (मैच शुरू होने का समय) का समय असुविधाजनक है। फुटबॉल पारंपरिक रूप से सप्ताहांत और सप्ताह के मध्य में खेला जाता है लेकिन टीवी दर्शकों को संतुष्ट करने और बढ़ते मैचों की संख्यों से निपटने के लिए शुक्रवार और सोमवार की रात को अधिक से अधिक मैच जोड़े गए हैं। पिछले सप्ताह गेटाफे पर 2-1 की जीत में बेटिस के दोनों गोल करने वाले जियोवानी लो सेल्सो ने सात मिनट के बाद 25 मीटर की दूरी से शानदार शॉट लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। डेनी रोड्रिगेज ने एक मिनट बाद मालोर्का को बराबरी दिला दी जिसके बाद दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में वैलेरी फर्नांडीज ने गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से मालोर्का 11 अंक के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गया जो बेटिस से तीन अंक अधिक हैं। बेटिस ने हालांकि एक मैच कम खेला है।

त्रीशा-गायत्री मकाऊ ओपन बैडमिंटन में जीते

मकाऊ। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की तीसरी वरीय भारतीय जोड़ी ने अकारी सातो और माया तागुची की जापान की जोड़ी को मंगलवार को यहां तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर मकाऊ ओपन बैडमिंटन के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने पहले दौर में लगभग एक घंटे चले मुकाबले में 15-21, 21-16, 21-14 से जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में एन सिक्की रेड्डी रुतविका शिवानी की जोड़ी ने महिला युगल क्वालीफिकेशन क्वार्टर फाइनल में चेयुंग यान यू और च्यु विंग ची की जोड़ी को 21-15, 21-10 से हराया। आर्यमन टंडन ने पुरुष एकल क्वालीफिकेशन में हमवतन तरूण मानेपल्ली को 11-21, 21-15, 21-17 से हराया लेकिन इसके बाद क्वार्टर फाइनल में एक अन्य हमवतन भारतीय अलाप मिश्रा के खिलाफ 10-21, 22-24 से हार गए।

चीन में चमके भारतीय सितारे

जीवन-विजय ने जीता हांग्झोऊ ओपन , भांबरी-ओलिवेटी चेंगदू ओपन के उपविजेता बने

हांग्झोऊ ओपन के पुरुष युगल में जोड़ी के रूप में खिताब जीतन के बाद जीवन और विजय, साथ में चेंगदू ओपन के उपविजेता युकी भांबरी और अल्बानो। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के जीवन नेदुनचेझियान और उनके जोड़ीदार विजय सुंदर प्रशांत ने मंगलवार को हांग्झोऊ ओपन का चैंपियन बनने के साथ पुरुष युगल में जोड़ी के रूप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता, जबकि युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी मंगलवार को चेंगदू ओपन में उपविजेता रहे।

जीवन और विजय की गैरवरीय भारतीय जोड़ी ने एक घंटे और 49 मिनट तक चले मुकाबले में कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैर वरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी को 4-6, 7-6(5), 10-7 से शिकस्त दी। 35 साल के जीवन के लिए यह एटीपी टूर स्तर का दूसरा खिताब है। उन्होंने 2017 में रोहन बोपन्ना के साथ चेन्नई ओपन जीता था। विजय के लिए यह एटीपी टूर का पहला खिताब है। भारतीय जोड़ी ने शुरुआती सेट को 4-6 से गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरे सेट को 7-6 से जीतकर मुकाबले को टाई-ब्रेक तक खींचा। टाई ब्रेक में भारतीय जोड़ी 10-7 से आगे रही। जीवन और विजय की जोड़ी अपनी सर्विस पर अंक भुनाने के मामले में शानदार रही।

चेंगदू ओपन में भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने डौम्बिया और रेबौल को हराया

भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी चेंगदू ओपन के रोमांचक फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांस के सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की जोड़ी से 4-6, 6-4, 4-10 से हारकर अपने तीसरे खिताब से चूक गईं। लगभग डेढ़ घंटे तक चले मैच में शुरुआती सेट को गंवाने के बाद भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर मुकाबले को टाई-ब्रेक तक पहुंचा दिया। भारत और फ्रांस के खिलाड़ियों की जोड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी के दो ऐस की तुलना में छह ऐस लगाये लेकिन छह डबल फॉल्ट करना उन्हें महंगा पड़ा। फ्रांस की जोड़ी के लिए यह भांबरी-ओलिवेटी पर उनकी पहली जीत थी। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने इस साल अप्रैल में म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन और मई में गस्ताद में स्विस ओपन के खिताब जीते थे।

चेन्नई हवाई अड्डे पर डी गुकेश का स्वागत करते लोग। ● एजेंसी

डी गुकेश, प्रज्ञानानंदा, वैशाली और श्रीनाथ का जोरदार स्वागत

चेन्नई, एजेंसी

नायकों की घर वापसी

- ओलंपियाड में देश को स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद पूरी भारतीय टीम लौटी

ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद भारतीय टीमों के सदस्यों का मंगलवार को यहां स्वदेश लौटने पर प्रशंसकों, अधिकारियों और परिवारों के सदस्यों ने स्वागत किया। डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और पुरुष टीम के कप्तान श्रीनाथ नारायणन आज सुबह तड़के चेन्नई पहुंचे।

भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने रविवार को इतिहास रचते हुए हंगरी में शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते। उनकी असाधारण जीत ने भारत की नई शतरंज महाशक्ति के रूप में स्थिति को मजबूत किया। चारों के हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही प्रशंसकों ने जयकारे लगाकर उनका स्वागत किया। टूर्नामेंट में अजेय अभियान के साथ भारतीय पुरुष टीम के दबदबे में अहम भूमिका निभाने वाले गुकेश ने अपने व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक दिखाए। अप्रैल में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए चुनौती पेश करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने 18 वर्षीय गुकेश अब नवंबर में चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए तैयार हैं।

पंत का बड़ा प्रभाव रहा है, उसे शांत रखने की जरूरत: कमिंस

नई दिल्ली, एजेंसी

- ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा- पंत ने पहले भी खेली हैं कई अहम पारियां

कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया कि ऋषभ पंत ऑस्ट्रेलिया में भारत के लगातार दो टेस्ट श्रृंखला जीतने के अभियान में बड़ा प्रभाव रहे थे और उन्होंने इस साल के अंत में होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में इस तेजतर्रार विकेटकीपर बल्लेबाज को शांत रखने की जरूरत पर जोर दिया।

ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में भारत की ऐतिहासिक टेस्ट जीत में अहम भूमिका निभाने वाले पंत ने दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना में घायल होने के बाद टेस्ट क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए पिछले हफ्ते बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में शतक जड़ा। कमिंस ने कहा वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसका पिछली कुछ श्रृंखलाओं में बहुत बड़ा प्रभाव रहा है और हमें उसे शांत रखने की कोशिश करनी होगी। पंत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पिछली दो टेस्ट श्रृंखला में योगदान दिया है।

दूसरे टेस्ट के लिए कानपुर पहुंची भारतीय टीम

- 27 से औद्योगिक नगरी में खेला जाएगा श्रृंखला का दूसरा और आखिरी टेस्ट मैच

कानपुर, एजेंसी

कानपुर हवाई अड्डे से बाहर निकलते रोहित शर्मा, विराट कोहली और बांग्लादेश की टीम। ● एजेंसी

बांग्लादेश के खिलाफ 27 सितंबर से शुरु होने वाले श्रृंखला के दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच के लिये भारतीय टीम के सदस्य मंगलवार को कानपुर पहुंचे। भारतीय टीम के सदस्य टुकड़ियों में यहां पहुंचे। सबसे पहले चकेरी हवाई अड्डे से भारतीय कोच गौतम गंभीर और विराट कोहली बाहर निकले जबकि कुछ देर बाद शुभमन गिल,रोहित शर्मा को औद्योगिक नगरी में आगमन हुआ।

बांग्लादेश की टीम भी यहां पहुंची। दोनों टीमें बुधवार से ऐतिहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम पर बारी-बारी से अभ्यास करेंगी। दोनो टीमों को शहर के एकमात्र तीन सितारा होटल लैंडमार्क में ठहराया गया है। टीमों के अभ्यास के शेड्यूल जारी होना बाकी है हालांकि सूत्रों का दावा है कि सुबह के सत्र में मेहमान बांग्लादेश की टीम ग्रीनपार्क में नेट प्रैक्टिस करेगी जबकि शाम को भारतीय टीम अभ्यास सत्र में हिस्सा लेगी। अरसे बाद ग्रीनपार्क पर टेस्ट मैच के आयोजन को लेकर कानपुर के क्रिकेट प्रेमियों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। अपने पसंदीदा क्रिकेट सितारों की एक झलक पाने के लिए क्रिकेट प्रशंसकों की भीड़ होटल के बाहर दोपहर से ही जम गयी। सुरक्षा के लिहाज से हालांकि पुलिस प्रशंसकों को धकियाते दिखायी दी। होटल में क्रिकेट सितारों का स्वागत तिलक लगा कर किया गया। गौरतलब है कि बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल कर चुकी भारतीय टीम के लिए आईसीसी टेस्ट क्रिकेट चैंपियनशिप में अपनी रैंकिंग को मजबूत करने का कानपुर में भरपूर मौका होगा।

बॉलीवुड हलचल

पेरिस फैशन वीक में आलिया का डेब्यू

पेरिस। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ने पेरिस फैशन वीक में ग्लैमरस अंदाज में डेब्यू किया। आलिया भट्ट ने पेरिस फैशन वीक में डेब्यू कर धमाल मचा दिया है। आलिया पहली बार में पेरिस फैशन वीक का हिस्सा बनकर सबका दिल जीत गईं। आलिया ने इतने स्टाइलिश अंदाज में रैंप वॉक किया कि हर कोई उन्हें देखता ही रह गया। आलिया ने मैटेलिक कॉरसेट पहनकर रैंप पर एंट्री मारी। जिसे पहन वह चांदी सी चमकी और सबसे अलग नजर आईं। ब्यूटी ब्रांड लोरियल पेरिस का प्रतिनिधित्व करते हुए आलिया ने स्टाइल में रैंप वॉक किया। वह मेटैलिक सिल्वर बस्टियर में सजी नजर आईं, जिसे उन्होंने ब्लैक ऑफ-शोल्डर जंप सूट के साथ पेयर किया। मेकअप के लिए उन्होंने अपने होठों पर गुलाबी रंग का टच दिया। गीले बालों के साथ उनका लुक और भी आकर्षक लग रहा था। गौरतलब है कि हाल ही में आलिया को लोरियल पेरिस के लिए ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर नामित किया गया था। वह कुछ दिन पहले पेरिस आई थीं। उन्हें अपने पति रणबीर कपूर के साथ पेरिस की सड़कों पर टहलते हुए भी देखा गया। दोनों ने एक प्रशंसक के साथ तस्वीर खिंचवाई, जो तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

आलिया ने देवरा का पॉपुलर गाना चुट्टमल्ले गाया

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने आने वाली फिल्म देवरा का गाना चुट्टमल्ले तेलगु में गाया। 27 सितंबर को जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर की फिल्म देवरा सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के जरिए जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान दोनों ही साउथ में डेब्यू कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक क्लिप वायरल हो रही है जोकि आलिया भट्ट और जूनियर एनटीआर के ज्वाइंट इंटरव्यू की है। आलिया इस दौरान जिगरा का प्रमोशन कर रही थीं जबकि जूनियर एनटीआर देवरा के प्रमोशन के लिए साथ आए थे। इस सेशन को करण जौहर ने ऑर्गेनाइज किया था। वीडियो में आलिया भट्ट देवरा का पॉपुलर गाना चुट्टमल्ले गाती नजर आ रही हैं।इस वीडियो को देवरा के एक्स हैंडल से शेयर किया गया है।आलिया का गाना सुनकर जूनियर एनटीआर उनकी तारीफ करते हुए वॉव कहते हैं।

वॉर 2 की शूटिंग के लिए इटली पहुंचे ऋतिक

रोम। बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रोशन वॉर 2 की शूटिंग के लिए इटली पहुंच गए हैं। ऋतिक रोशन ने इंस्टाग्राम पर एक शानदार लोकेशन की तस्वीर शेयर की, जहां फिल्म वॉर 2 की शूटिंग हो रही है।तस्वीर में उन्हें इटली की प्राकृतिक खूबसूरती का लुत्फ उठाते देखा जा सकता है। ऋतिक ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा इटली वॉर 2 में सब कुछ कैद कर लिया गया है। ग्रे टी-शर्ट और धारीदार पैंट में ऋतिक बेहद आकृषक और स्टाइलिश लग रहे हैं।उनकी पोस्ट पर नेटिजन्स की दिल को छू लेने वाली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उन्हें उनकी गर्लफ्रेंड सबा आजाद से भी तारीफ मिली।सबा ने कमेंट किया मेरा प्यार। गौरतलब है कि अपनी शानदार सुपरहिट फिल्मों वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र के निर्देशन से प्रसिद्ध अयान मुखर्जी वॉर 2 का निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म वॉर 2 में मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी भी हैं। फिल्म वॉर 2 वर्ष 2019 में प्रदर्शित एक्शन थ्रिलर फिल्म वॉर का सीक्वल है। वॉर में ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर की अहम भूमिका थी।

भारत दो हॉकी मैचों की श्रृंखला के लिए जर्मनी की करेगा मेजबानी

नई दिल्ली, एजेंसी

- 23 और 24 अक्टूबर को जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेलेगी भारतीय टीम

भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेलेगी। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत ने पिछली बार जर्मनी का सामना पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में किया था जहां यूरोप की दिग्गज टीम ने 3-2 से जीत दर्ज की थी। भारत ने तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता था।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा जर्मनी के खिलाफ यह द्विपक्षीय श्रृंखला विश्व स्तरीय हॉकी का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन होगी। भारत और जर्मनी दोनों का खेल में एक समृद्ध इतिहास है और यह श्रृंखला प्रशंसकों को दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने का अवसर देगी। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा हम इस श्रृंखला की मेजबानी से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इससे ना केवल हॉकी की भावना को बढ़ावा मिलेगा बल्कि दोनों देशों के बीच रिश्ते भी मजबूत होंगे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा भारत-जर्मनी हॉकी प्रतिद्वंद्विता हमेशा एक रोमांचक प्रतियोगिता रही है। हमारे खिलाड़ी ऐसी अच्छी टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं और मेरा मानना है कि यह श्रृंखला दोनों टीमों को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों से पहले अपने कौशल और रणनीतियों को बेहतर बनाने का मौका देगी।

जर्मन हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हेनिंग फास्टरिच ने कहा कि राष्ट्रीय टीम इस चुनौती के लिए तैयार है। हॉकी के लिए भारत हमेशा विशेष स्थान रहा है और हमारी टीम उत्साही भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए रोमांचित है। यह श्रृंखला जर्मनी और भारत के बीच खेल संबंध मजबूत करने का शानदार मौका है जबकि दोनों टीमों को आगामी वैश्विक प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए प्रतिस्पर्धी मंच भी देगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

एक नजर

इंडोनेशिया में भूकंप के जोरदार झटके

जकार्ता। इंडोनेशिया के गोरोंटालो प्रांत में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। इंडोनेशिया की जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.1 मापी गयी, लेकिन इसके कारण समुद्र में ऊंची लहरें नहीं उठीं। एजेंसी ने बताया कि भूकंप के झटके जकार्ता समयानुसार मंगलवार को तड़के 02:51 बजे महसूस किये गये। इसका केंद्र गोरोंटालो शहर से 77 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में समुद्र तल से 132 किमी की गहराई में था।

ईरान में कोयला खदान में मृतक संख्या बढ़कर 49 हुई

तेहरान, 24 सितंबर (एपी) ईरान ने मंगलवार को कहा कि देश के पूर्वी हिस्से में एक कोयला खदान में हुए विस्फोट के कारण उसमें फंसे शेष श्रमिकों की भी संभवत: मौत हो गई होगी। इसके साथ ही, घटना में जान गंवाने वालों की संख्या 49 हो गई है। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक रिपोर्ट में, प्रांतीय आपातकालीन अधिकारी मोहम्मद अली अखौंदी ने मृतक संख्या की जानकारी दी। यह घटना देश के तबास स्थित खदान में हुई।

चीन ने समुद्र से आठ उपग्रह लॉन्च किए

हैयांग। चीन ने मंगलवार को पूर्वी प्रांत शेडोंग के हैयांग शहर के पास समुद्र से आठ उपग्रहों का प्रक्षेपण किया और उन्हें नियोजित कक्षा में स्थापित किया। वाणिज्यिक रॉकेट स्थानीय समयानुसार मंगलवार सुबह करीब 10:31 बजे तियानयी-41 और अन्य उपग्रहों को लेकर रवाना हुआ। यह प्रक्षेपण ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से किया गया।

तुर्की एयरलाइंस ने लेबनान के लिए उड़ानें निलंबित की

इस्तांबुल। तुर्की की प्रमुख विमान कंपनी टर्किश एयरलाइंस और देश की कम लागत वाली विमान कंपनी, पेगासस एयरलाइंस ने बढ़ते जोखिमों के कारण लेबनान के लिए अपनी उड़ानें निलंबित कर दी हैं। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हैबर्टर्क दैनिक के अनुसार, यह निर्णय लेबनान पर इज़रायल के हवाई हमलों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे बुधवार को बेरूत से आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुईं। वर्तमान में, तुर्की एयरलाइंस की वेबसाइट पर मंगलवारके लिए इस्तांबुल से बेरूत का टिकट उपलब्ध नहीं हैं, हालांकि गुरुवार के लिए बुकिंग खुली हुई है।

नेपाल में आर्थिक सुधार के शुरुआती संकेत :आईएमएफ

काठमांडू। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि नेपाल की अर्थव्यवस्था में सुधार के शुरुआती संकेत दिख रहे हैं। नेपाल की 11 दिवसीय यात्रा के बाद संयुक्त राष्ट्र की वित्तीय एजेंसी ने सोमवार शाम को जारी एक बयान में आयात में वृद्धि, कर संग्रह में सुधार और सार्वजनिक निवेश में वृद्धि को सुधार के कारणों में से एक बताया गया। नेपाल में क्रेडिट वृद्धि में सुधार हो रहा है और यह सांकेतिक जीडीपी वृद्धि से बहुत नीचे है। जुलाई के मध्य तक मुद्रास्फीति में लगभग 3.6 प्रतिशत की गिरावट जारी रही, जो आंशिक रूप से अनुकूल कमोडिटी की कीमतों और कमजोर मांग प्रदर्शित करती है।

सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व मंत्री दोषी करार

- अगले महीने पूर्व मंत्री ईश्वरन को सुनाई जाएगी सजा

सिंगापुर, एजेंसी

लोक सेवक के रूप में कीमती वस्तुएं प्राप्त करने और न्याय में बाधा डालने के आरोपों में मंगलवार को दोषी ठहराए गए सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व परिवहन मंत्री एस ईश्वरन को तीन अक्टूबर को सजा सुनाई जाएगी। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, भ्रष्टाचार के आरोपों के संबंध में मंगलवार को सुनवाई के बाद 62 वर्षीय पूर्व परिवहन मंत्री की जमानत की अवधि बढ़ा दी गई।

अभियोजन पक्ष ने 62 वर्षीय पूर्व मंत्री को छह से सात महीने की जेल की सजा दिए जाने का अनुरोध किया था। ईश्वरन ने कहा था कि वह स्वयं को ईमानदार साबित करने के लिए मुकदमा लड़ेंगे लेकिन सुनवाई के पहले ही दिन उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। न्यायमूर्ति विन्सेंट हुंग ने दलीलें पेश करने के लिए बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष को धन्यवाद दिया।

अभियोजन पक्ष ने छह महीने की कैद का अनुरोध किया

अभियोजन पक्ष ने ईश्वरन के लिए छह से सात महीने की कैद का अनुरोध किया जबकि बचाव पक्ष ने दलील दी कि यदि न्यायाधीश को लगता है कि इस मामले में जेल की सजा देना उचित है तो ईश्वरन को आठ सप्ताह से अधिक कारावास की सजा नहीं दी जानी चाहिए। आरोप पढ़े जाने के बाद ईश्वरन से पूछा गया कि क्या वह आरोप स्वीकार करते हैं।

वर्कलोड से लाखों मौतें, काम के बोझ में भारत दूसरे स्थार पर

पुणे में युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट की कथित तौर पर ज्यादा वर्कलोड के कारण असामयिक मृत्यु की खबर ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। इस घटना ने न केवल हर किसी को परेशान किया, बल्कि टॉक्सिक वर्कप्लेस कल्चर और कॉर्पोरेट जगत में ओवरवर्क इश्यू पर एक महत्वपूर्ण बहस भी खड़ी कर दी। डब्ल्यूएचओ और इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन (आईएलओ) के मुताबिक, 2016 में लंबे समय तक काम करने के कारण स्ट्रोक और कोरोनरी हार्ट डिजीज से 7,45,000 लोगों की मृत्यु हुई, जो वर्ष 2000 की तुलना में 29% ज्यादा है। स्टडी ये भी बताती है कि 35-40 घंटे काम करने की तुलना में प्रति सप्ताह 55 या इससे अधिक घंटे काम करने से स्ट्रोक का खतरा 35% और कोरोनरी हार्ट डिजीज से मृत्यु का खतरा 17% बढ़ जाता है।

भारत में एक सप्ताह में कितने घंटे काम करते हैं लोग

भारत दुनिया के सबसे लंबे वर्किंग आवर्स वाले देशों में से एक है, जहां कर्मचारी औसत से अधिक घंटे काम करते हैं। यहां प्रति कर्मचारी सप्ताह में 46.7 घंटे वर्क करते हैं। साथ ही 51% कर्मचारी प्रति सप्ताह 49 या उससे ज्यादा घंटे काम करते हैं, जिससे भारत दुनिया के सबसे ज्यादा काम के घंटों वाले देशों में दूसरे स्थान पर है। जब आप ऑफिस के काम के बोझ को निपटाने के लिए एक्स्ट्रा आवर में वर्क करते हैं या ऑफिस वर्क को घर पर करते हैं, इसे ही ओवरवर्क करना कहते हैं। अगर आप इसे रोजाना करते हैं तो ये आपकी मेंटल हेल्थ, फिजिकल हेल्थ और सोशल लाइफ पर असर डालता है। इस आंकड़े को देखने के बाद ये तो साफ है कि भारत में 50% से अधिक लोग सप्ताह में 49 घंटे से अधिक काम करते हैं। ये आंकड़े वाकई हैरान करने वाले हैं। हालांकि, कुछ ऐसे भी देश हैं, जहां काम के घंटे बेहद कम हैं। यहां कर्मचारियों के हितों का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाता है। नीचे ग्राफिक में सबसे कम घंटे काम करने वाले 10 देशों की लिस्ट देख सकते हैं।

विकसित देशों में कितने घंटे काम

आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनिया के विकसित देशों में लोग एक सप्ताह में 40 घंटे से भी कम काम करते हैं, जो डब्ल्यूएचओ के बताए एक स्वस्थ मानक पर भी फिट बैठता है। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, जर्मनी, फ्रांस, रूस, ऑस्ट्रेलिया, इटली, स्वीडन और स्विटजरलैंड समेत कई विकसित देश शामिल हैं। नीचे ग्राफिक में इस बारे में जानकारी दी गई है।

सेहत पर क्या असर

- बहुत ज्यादा काम करने से थकान के कारण नींद संबंधी समस्या हो सकती है।
- हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है, जिससे स्ट्रोक, हार्ट डिजीज और किडनी फेलियर का खतरा रहता है।
- डिप्रेशन और एंग्जाइटी का शिकार होने की संभावना बढ़ जाती है।
- टाइप 2 डायबिटीज होने का खतरा बढ़ सकता है।
- फैमिली को टाइम न दे पाने से परिवार में अनबन हो सकती है, जिससे आपकी पर्सनल लाइफ भी प्रभावित होती है।
- आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। मेंटल हेल्थ खराब हो सकती है।

जेलेंस्की ने शांति प्रक्रिया में भारत से मांगी मदद

तीन महीने में तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को न्यूयॉर्क में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की और बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा दोहरायी। गौरतलब है कि मोदी और जेलेंस्की की पिछले एक महीने में यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले मोदी के यूक्रेन दौरे के दौरान दोनों नेता कीव में मिले थे।

मोदी ने संघर्ष के समाधान के लिए भारत के स्पष्ट, सुसंगत और रचनात्मक दृष्टिकोण को भी दोहराया और कहा कि दोनों पक्षों (यूक्रेन और रूस) को शांतिपूर्ण तरीके से समाधान खोजने के लिए एक मेज पर बैठना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को सुविधाजनक बनाने के लिए सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक से पहले दोनों नेता गर्मजोशी से गले मिले। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक के मौके पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने यूक्रेन की स्थिति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा दोहरायी। मीडिया में जारी बयान में कहा गया प्रधानमंत्री मोदी ने 23 सितंबर को समिट ऑफ द फ्यूचर इन न्यूयॉर्क के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने मोदी की हाल की यूक्रेन यात्रा को याद किया और द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर सुदृढ़ीकरण पर संतोष व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान मोदी ने कूटनीति और संवाद के साथ-साथ सभी हितधारकों के बीच सहभागिता के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में भारत के स्पष्ट, सुसंगत और रचनात्मक दृष्टिकोण को दोहराया। उन्होंने कहा कि संघर्ष के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि पिछले तीन महीने से भी कम समय में दोनों नेताओं की यह तीसरी मुलाकात है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बाताचीत करते मोदी। एजेंसी

सिख प्रतिनिधिमंडल मोदी से मिला

वाशिंगटन। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में सिख समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की, जिन्होंने समुदाय के लिए भारत सरकार के किए कार्यों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। सिख ऑफ अमेरिका संगठन के जसदीप सिंह जस्सी ने सोमवार को न्यूयॉर्क में मोदी से मुलाकात के बाद कहा हम बहुत खुश थे और उनसे मुलाकात के बाद हमें बहुत सकारात्मक अनुभूति हुई। प्रधानमंत्री के कमरे में आते ही हमने सिखों के पारंपरिक जयकारे जो बोले सो निहाल के साथ उनका स्वागत किया और प्रधानमंत्री ने बहुत ही विनम्रता से जवाब में सत श्री अकाल कहा। विस्कॉन्सिन के प्रमुख सिख नेता दर्शन सिंह धालीवाल ने भी प्रधानमंत्री से मुलाकात की। जस्सी ने कहा हमारी चर्चा बहुत अच्छी रही। प्रधानमंत्री ने सिख समुदाय के लिए बहुत कुछ किया है। जस्सी ने कहा मुझे नहीं लगता कि भारत के इतिहास में किसी अन्य प्रधानमंत्री ने सिख समुदाय के लिए उतना किया जितना प्रधानमंत्री मोदी ने।

भारत ने यूएनएससी सुधारों पर भविष्य के समझौते को अच्छी शुरुआत बताया

न्यूयॉर्क। भारत ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के दस्तावेज में सुरक्षा परिषद में सुधार पर पहली बार एक विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया जाना एक अच्छी शुरुआत है और नई दिल्ली 15 देशों के निकाय में सुधार के लिए एक निश्चित समय सीमा में पाठ आधारित वार्ता की शुरुआत की आशा करती है। पाठ-आधारित वार्ता से तात्पर्य किसी समझौते की ऐसी विषय वस्तु तैयार करने की प्रक्रिया से है जिसे स्वीकार करने और जिस पर हस्ताक्षर करने के लिए सभी पक्ष तैयार हों। भविष्य के शिखर सम्मेलन के पहले दिन रविवार को विश्व नेताओं ने भविष्य के समझौते को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया जिसमें सुरक्षा परिषद में सुधार करने, इसमें प्रतिनिधित्व बढ़ाने, इसे अधिक समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता को स्वीकार करने का वादा किया गया। अधिकारियों ने काफी समय से लंबित सुरक्षा परिषद सुधारों को लेकर भविष्य के समझौते की भाषा को अभूतपूर्व बताया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री से जब पूछा गया कि भारत भविष्य के समझौते में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार पर इस भाषा को किस प्रकार देखता है, उन्होंने कहा मैं आपका ध्यान केवल इस तथ्य पर दिलाना चाहूंगा कि संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के दस्तावेज में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार पर पहली बार कोई विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया गया है।

ट्रंप की तुलना में अधिक लोकप्रिय हैं कमला हैरिस

- मतदाताओं के मुताबिक हैरिस की पृष्ठभूमि व नीतिगत विचार बेहतर
- अमेरिका में किए गए एक नए सर्वेक्षण में आया सामने

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में किए गए एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, राष्ट्रपति चुनाव में एशियाई अमेरिकी, हवाई के मूल निवासी और प्रशांत द्वीप के मतदाता उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में अधिक उपयुक्त उम्मीदवार मान रहे हैं। एएपीआई (एशियाई अमेरिकी एवं प्रशांत द्वीप वासी) मतदाताओं का यह भी मानना है कि हैरिस ऐसी उम्मीदवार हैं जो उनकी पृष्ठभूमि और नीतिगत विचारों का बेहतर प्रतिनिधित्व करती हैं।

एएपीआई डेटा और एपीआईएवोट के नये सर्वेक्षण में पाया गया है कि 10 एएपीआई मतदाताओं में से लगभग 6 हैरिस के बारे में बहुत या कुछ हद तक अनुकूल राय रखते हैं, जबकि लगभग एक तिहाई की राय कुछ हद तक या बहुत प्रतिकूल है। प्रत्येक 10 एएपीआई मतदाताओं में तीन की ट्रंप के बारे में सकारात्मक राय है और करीब दो-तिहाई की नकारात्मक राय है। यह अक्टूबर 2023 से हैरिस के पक्ष में माहौल बेहतर होते जाने को दर्शाता है, जब एपी-एनओआरसी/एएपीआई डेटा सर्वेक्षण में पाया गया कि एएपीआई के लगभग आधे वयस्क उनके बारे में कुछ हद तक या बहुत अनुकूल राय रखते थे। हालांकि, इस समूह में ट्रंप के बारे में राय स्थिर बनी हुई है। हैरिस अश्वेत (ब्लैक) और दक्षिण एशियाई अमेरिकी दोनों हैं, और उन्होंने जॉर्जिया जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में एएपीआई मतदाताओं को एकजुट किया है, जहां उनकी संख्या बढ़ रही है। लेकिन सर्वेक्षण से पता चलता है कि एएपीआई मतदाताओं को ट्रंप की तुलना में हैरिस में अपनी सांस्कृतिक पहचान के प्रतिबिंबित होते देखने की अधिक संभावना नजर आ रही है।

सुदूर जापानी द्वीपों पर सुनामी की छोटी लहरें उठीं

तोक्यो। सुदूर जापानी द्वीपों पर आए भूकंप के बाद मंगलवार की सुबह सुनामी की छोटी लहरें उठीं। आशंका है कि सुदूर जापानी द्वीपों पर ज्वालामुखी गतिविधि के कारण भूकंप आया। अपतटीय क्षेत्र में आया भूकंप स्थानीय निवासियों को महसूस नहीं हुआ और सुनामी संबंधी चेतावनी करीब तीन घंटे बाद वापस ले ली गई। मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि इजू द्वीप के तटीय इलाके में मंगलवार सुबह 5.9 तीव्रता का भूकंप आया और कुछ ही मिनट बाद इजू और ओगासावारा द्वीप श्रृंखला में एक मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका जताते हुए सुनामी की चेतावनी जारी की गई।

कोर्ट ने मादुरो के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी

अर्जेंटीना की एक अदालत ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ कथित मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। टीएन ब्रॉडकास्टर ने यह जानकारी दी।

इससे पहले, वेनेजुएला की एक अदालत ने एमट्रासुर विमान के साथ हुई घटना को लेकर अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली, राष्ट्रपति सचिवालय की प्रमुख करीना माइली और सुरक्षा मंत्री पेट्रीसिया बुलरिच के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अर्जेंटीना ने सितंबर की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के अभियोजक से मादुरो की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी करने का अनुरोध किया था। गौरतलब है कि वर्ष 2022 में अर्जेंटीना के एज़ीज़ा हवाई अड्डे पर वेनेजुएला की कंपनी एम्प्रेसा डे ट्रांसपोर्टे एरेओकार्गो डेल सुर का बोइंग 747 जब्त किया गया था।

अमरसूर्या ने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली

कोलंबो। हरिनी अमरसूर्या ने मंगलवार को श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही वह वर्ष 2000 में सिरीमावो भंडारनायके के बाद इस पद पर आसीन होने वाली दूसरी महिला नेता बन गयीं। नेशनल पीपुल्स पावर' (एनपीपी) की 54 वर्षीय नेता अमरसूर्या को राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शपथ दिलाई। दिसानायके ने स्वयं सहित चार सदस्यों का मंत्रिमंडल नियुक्त किया है। अमरसूर्या को न्याय, शिक्षा, श्रम, उद्योग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य तथा निवेश मंत्रालयों का कार्यभार सौंपा गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने का स्थान लिया है।

इजराइल के हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट इकाई का कमांडर मारा गया

बेरूत, एजेंसी

इजराइली सेना ने कहा है कि उसने बेरूत पर एक हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट इकाई के एक शीर्ष कमांडर को मार गिराया है। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि इब्राहिम कोबेसी मंगलवार को मारा गया तथा वह इजराइल की ओर मिसाइल और रॉकेट हमले करने के लिए जिम्मेदार था।

इजराइली सेना ने कहा कि हमले के समय कोबेसी के साथ अन्य प्रमुख कमांडर भी थे, लेकिन अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि इसमें क्या कोई अन्य मारा गया या घायल हुआ है।

आईडीएफ ने ठिकानों पर हमले तेज किए

यरूशलम। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को लेबनान में शिया समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले हिजबुल्लाह के कई ठिकानों पर लक्ष्य साधकर हमले शुरू करने की घोषणा की। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर लिखा आईडीएफ वर्तमान में लेबनान में हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन से संबंधित आतंकी ठिकानों पर हमला कर रहा है।

बदला लेने के लिए ईरान ने भेजे थे हजारों एसएमएस

- 2023 में धार्मिक मामले की घटना का बदला लेने की दी थी धमकी

स्वीडन कोपेनहेगन (डेनमार्क), एजेंसी

स्वीडन ने दावा किया कि उसके नागरिकों को 2023 में कुरान जलाने की घटना का बदला लेने की धमकी देने वाले हजारों एसएमएस भेजने के पीछे ईरान का हाथ है। स्वीडन के अधिकारियों का दावा है कि ईरान का अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड डेटा में सेंधमारी कर सार्वजनिक रूप से कुरान जलाने के सिलसिले में 'स्वीडिश भाषा में लगभग 15,000 एसएमएस' भेजने में सफल रहा।

वरिष्ठ अभियोजक मैट लजंगक्विस्ट ने बताया कि स्वीडन की घरेलू सुरक्षा एजेंसी 'एसएपीओ' द्वारा की गई प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ईरान ने ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) के जरिये स्वीडन में प्रमुख एसएमएस सेवा प्रदाता स्वीडिश कंपनी के डेटा में सेंधमारी की। वरिष्ठ अभियोजक ने स्वीडिश कंपनी के नाम का खुलासा नहीं किया है। ईरानी अधिकारियों से भी इस मुद्दे पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। स्वीडिश मीडिया ने अगस्त 2023 में खबर दी थी कि स्वीडन में बड़ी संख्या में लोगों को स्वीडिश भाषा में एसएमएस मिले हैं जिनमें कुरान जलाने वालों से बदला लेने का आह्वान किया गया था। लजंगक्विस्ट ने कहा, संदेश भेजने वाला खुद को अंजू टीम कहने वाला एक समूह था। स्वीडिश प्रसारक एसवीटी ने एसएमएस की तस्वीर साझा की थी जिसमें लिखा गया था जिन्होंने भी कुरान का अपमान किया, उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा। इसमें स्वीडन के लोगों को 'राक्षस' कहा गया था।

ज्ञान-विज्ञान | उपग्रह आयो बृहस्पति का सबसे बड़ा चंद्रमा

बृहस्पति के चंद्रमा आयो पर मिला सक्रिय ज्वालामुखी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार,: बृहस्पति के चंद्रमा आयो में एक बड़ा ज्वालामुखी सक्रिय हो चला है। नई तस्वीरों से यह जानकारी मिली है। इस वर्ष जूनो अंतरिक्ष यान द्वारा ली गई तस्वीरों में ज्वालामुखी आग उगलता नजर आ रहा है। 1997 में गैलीलियो अंतरिक्ष यान से ली गई तस्वीरों में यह ज्वालामुखी मौजूद नही था।

पृथ्वी की तरह कई अन्य ग्रह हैं, जिनमें ज्वालामुखी विस्फोट होते रहते हैं। आयो में सक्रिय ज्वालामुखी का रहस्य बर्लिन के यूरोपैनेट साइंस कांग्रेस के वैज्ञानिकों ने उजागर किया है। वर्ष 1997 में आयो की सतह का वह भाग खाली नजर आता है। जिसका तस्वीरों से स्पष्ट पता चलता है। गुरु के चंद्रमा आयो में सक्रिय ज्वालामुखी को लेकर वैज्ञानिक कहते हैं कि यह चंद्रमा बृहस्पति के सबसे निकट का बड़ा चंद्रमा है। जिसके एक तरफ विशाल ग्रह के ज्वारीय बलों का प्रभाव है, जबकि दूसरी तरफ गुरु के अन्य बड़े चंद्रमाओं का गर्म आंतरिक भाग है। यह परिस्थितियां आयो की सतह पर लावा के फव्वारे फूटने का कारण बनती हैं। आयो का यह भूभाग हमारे सौर मंडल में सबसे अधिक भौगोलिक रूप से सक्रिय स्थान है। 11 सितंबर, 2024 को बर्लिन में यूरोपैनेट साइंस कांग्रेस के वैज्ञानिकों ने कहा कि उन्होंने आयो पर एक नया ज्वालामुखी देखा है।



दाएं चित्र में सक्रिय ज्वालामुखी व बाईं तस्वीर में खाली स्थान।

32 हजार वर्ग किमी फैला है ज्वालामुखी

नैनीताल: जूनो ने पिछले दो वर्षों में आयो के सक्रिय ज्वालामुखी क्षेत्र में तीन हालिया उड़ाने भरी थी और जूनो के कैमरे ने इसकी सतह की लगभग 20 क्लोज़अप रंगीन तस्वीरे कैमरे में कैद की। सक्रिय ज्वालामुखी के लावा से स्पष्ट पता चलता है, जिसने आयो के 32 हजार किमी वर्ग क्षेत्र को प्रभावित किया है। लावा की 100 किमी बहती धाराओं का भी पता चलता है।

1997 में गैलीलियो अंतरिक्ष यान की पिछली छवियों में ज्वालामुखी नही था। जूनो अंतरिक्ष यान की तस्वीरें इसका खुलासा करती हैं।

इमरान खान पर सैन्य मुकदमे से संबंधित याचिका का निपटारा

- न्यायालय को बताया - संघीय सरकार ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के एक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ सैन्य मुकदमा चलाने संबंधी याचिका का निपटारा कर दिया। न्यायालय को बताया गया कि संघीय सरकार ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया है।

भ्रष्टाचार के आरोप में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक खान की गिरफ्तारी के विरोध में उनके समर्थकों ने नौ मई, 2023 को रक्षा प्रतिष्ठानों पर हमला किया और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया था। गिरफ्तार किए गए लोगों में से 100 से ज्यादा लोगों को सैन्य अदालतों में मुकदमे के लिए सैन्य अधिकारियों को सौंप दिया गया था। कई सरकारी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि खान पर सैन्य अदालत में भी मुकदमा चलाया जा सकता है। खान ने अपने मुकदमे की सुनवाई सैन्य अदालत में किए जाने के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई की। सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल मुनव्वर इकबाल दुग्गल ने अदालत को बताया कि संघीय सरकार ने यह तय नहीं किया है कि खान पर सैन्य अदालत में मुकदमा चलाया जाएगा या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह का मुकदमा चलाया जाता है, तो यह आवश्यक कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए नियम 549 के अनुसार चलाया जाएगा।